दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com, E-mail chardikla.hr@gmail.com,Add: bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी
संपादक - डा.के.के.संधू
प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 8 अंक 140 वीरवार 22 मई, 2025
Thursday 22 May , 2025 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## एलजी ने किया राजौरी-पुंछ का दौरा

जम्मू, 21 मई (निस) जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि वे पहले राजौरी-पुंछ नहीं आ सके थे, लेकिन अब उन्होंने वहां के लोगों से मुलाकात की और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की और से की गई गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिजन को मुआवजा दिया गया है और घायलों की हालत अब ( शेष पृष्ठ दो पर )

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 27 से ज्यादा नक्सली किए ढेर,पीएम मोदी बोले-हमें अपने सुरक्षाबलों पर गर्व





नई दिल्ली 21 मई (निस):छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। यहां पर बुधवार को हुई मुठभेड़ में 27 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने इस बात की पुष्टि भी की इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में कुछ %बड़े नाम% भी शामिल हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में एक बड़े ऑपरेशन में शीर्ष सीपीआई-माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू सहित 27 माओवादियों के मारे जाने के बाद भारतीय सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और हमारे लोगों के लिए शांति और प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले दिन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है और उन्होंने पुष्टि की कि सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव बसवराजू भी शामिल हैं। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि सुरक्षा बलों ने महासचिव स्तर के किसी नेता को मार गिराया है। अमित शाह ने कहा कि बसवराजू नक्सली आंदोलन की रीढ़ थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़ में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार ( शेष पृष्ठ दो पर )

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ उठाए कड़े कदम : मुख्यमंत्री

**देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्टी में मिलने का किया काम - नायब सिंह सैनी**



नई दिल्ली 21 मई (अमृतपाल सिंह): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी और सेना का आभार जताया। इसके उपरांत हरियाणा भवन नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जांबाज सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को उनकी सर जमीन पर ही मिट्टी में मिलने का काम किया है। ऐसा ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री ही ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने कायराना हरकत कर निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारा। इस घटना से देश के लोग आहत थे और उनमें रोष था। देश के नागरिक आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहते थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर( शेष पृष्ठ दो पर )

## पंजाब सरकार ने नए फैसले के अनुसार हरियाणा व राजस्थान को पानी छोड़ा, जितना हक है उतना मिलेगा

नंगल 21 मई (निस) हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे पानी विवाद को लेकर सीएम मान के बयान से नया मोड़ आया है।आम आदमी पार्टी 2 सप्ताह से बीबीएमबी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थी, जो आज समाप्त हो गया। इस बीच, मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरजोत सिंह बैंस और कई अन्य नेता नंगल डैम पहुंचे इस दौरान सीएम मान ने ऐलान करते हुए कहा कि हरियाणा को मिले अधिकार के अनुसार आज दोपहर 1 बजे से 100 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा, जो कि अगली 21 तारीख तक जारी रहेगा। सीएम मान ने कहा कि पहले ही कह थे कि 21 मई को तो वैसे ही पानी मिल जाएगा लेकिन हरियाणा पानी को लेकर विवाद कर रहा था। इसी के चलते कोर्ट में याचिका फी दायर की गई। आज 21 मई से अगले साल 21 मई तक हरियाणा हर घंटे 100 क्यूसेक पानी छोड़ना शुरू कर दिया जाएगा। जितने पानी पर हरियाणा का हक है उतना उसे दिया जाएगा। सीएम मान कहा कि अगली मई तक हरियाणा सरकार हमें तंग न करें और हिसाब से पानी का इस्तेमाल करे। सीएम मान ने कहा कि हरियाणा का( शेष पृष्ठ दो पर )

## जयशंकर ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री से मुलाकात की, आतंकवाद से मुकाबले में एकजुटता के लिए आभार जताया



नई दिल्ली 21 मई (निस): विदेश मंत्री एस. जयशंकर वर्तमान में डेनमार्क की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने डेनमार्क के साथ अपनी हरित रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कोपेनहेगन में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ बातचीत के दौरान आतंकवाद से निपटने में डेनमार्क की एकजुटता और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की अपनी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में शाम को यहां पहुंचे। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कोपेनहेगन में उनका ''गर्मजोशी से स्वागत'' करने के लिए प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन का आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और आतंकवाद से निपटने में डेनमार्क के अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। जयशंकर ने भारत-डेनमार्क साझेदारी को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन के मार्गदर्शन की सराहना की। इससे पहले अप्रैल में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन से फोन पर बातचीत की थी, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के बढ़ते दायरे पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने फोन कॉल के बाद एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन से बात( शेष पृष्ठ दो पर )

## भारत ने पाक अधिकारी को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित किया,24 घंटे में देश छोड़ने का दिया आदेश

नई दिल्ली 21 मई (निस):भारत सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी को देश से निष्कासित कर दिया। उसे अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया, क्योंकि वह अपनी राजनयिक भूमिका से बाहर जाकर ऐसी गतिविधियों में शामिल था जो नियमों के खिलाफ थीं।सरकार ने उस अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया है। साथ ही, पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को एक आधिकारिक आपत्ति पत्र भी सौंपा गया है। इस पत्र में साफ कहा गया कि पाकिस्तान के किसी भी अधिकारी को भारत में अपने विशेषाधिकारों या पद का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

**अवांछित व्यक्ति क्या होता है** - जब किसी देश को लगता है कि कोई विदेशी राजनयिक उसके देश के नियमों का पालन नहीं कर रहा या गड़बड़ी कर रहा है, तो उसे अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। इसका मतलब होता है कि अब उस अधिकारी का उस देश में रहना स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह कूटनीति में विरोध जताने का सबसे सख्त तरीका माना जाता है। इसमें आमतौर पर कारण सार्वजनिक नहीं किए जाते।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद लिया गया फैसला** ( शेष पृष्ठ दो पर )

## नेशनल हेराल्ड मामले में हुई सुनवाई : कोर्ट ने कहा-कंपनी की हर गतिविधि मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हो सकती



नई दिल्ली 21 मई (निस): नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर आरोप-पत्र पर सुनवाई के दौरान ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा कि अनुसूचित अपराध मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एक ट्रिगर है और यह अपराध की गतिविधि हो सकती है, लेकिन कंपनी की हर गतिविधि मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हो सकती। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से पूछा कि क्या ये शेयर अनुसूचित अपराधों से उत्पन्न है? कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी को कुछ चीजों को अपराध की आय के रूप में पहचानना होगा। कोर्ट ने पूछा क्या मनी लॉन्ड्रिंग की कार्यवाही के उद्देश्य के लिए शेयर, संपत्ति और किराए अपराध की आय बने रहेंगे? अदालत ने यह टिप्पणी और सवाल तब किए जब ईडी ने कहा कि यंग इंडियन के पास आरोपितों के लाभ के लिए जारी रखने के अलावा कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं थी। ईडी ने कहा शेयर, संपत्ति और किराया अपराध की आय है, जबकि विज्ञापन और ऋण को बाहर रखा गया। वहीं कोर्ट ने ईडी से पूछा कि क्या आपके पास फोरेंसिक ऑडिटर है? कोर्ट को यह( शेष पृष्ठ दो पर )

## लौंगोवाल पोस्ट पर पहुंचे सेना प्रमुख, कहा-आपने भारत का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया



नई दिल्ली, 21 मई (निस) भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र लोंगेवाला का दौरा कर वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात कर उनके साहस और समर्पण की दिल खोलकर तारीफ की। हाल में संपन्न हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जवानों की भूमिका की प्रशंसा कर उन्होंने कहा कि, आपने भारत का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। लोंगेवाला का यह दौरा कोणार्क कोर एरिया के तहत आता है, जहां जनरल द्विवेदी ने सेना, वायुसेना और बीएसएफ के बीच समन्वय से हुए संयुक्त ऑपरेशन की समीक्षा की। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब पाकिस्तान की ओर से ड्रोन अटैक बढ़े, तब जैसलमेर से कच्छ तक भारतीय सेना ने वायुसेना और बीएसएफ के साथ मिलकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दिया। ड्रोन घुसपैठ को( शेष पृष्ठ दो पर )

## राहुल गांधी का आरोपः मोदी सरकार कर रही है राज्यपाल पद का दुरुपयोग



नई दिल्ली 21 मई (निस): कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उच्चतम न्यायालय को भेजे गए एक संदर्भ पत्र को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार निर्वाचित राज्य सरकारों की आवाज दबाने और उन्हें बाधित करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने पिछले दिनों दुर्लभ स्थितियों में इस्तेमाल किए जाने वाले संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए उच्चतम न्यायालय से पूछा कि क्या राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति के विचार के लिए न्यायिक आदेश के जरिये समय-सीमा निर्धारित की जा सकती है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसको लेकर गत 16 मई को केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर स्टालिन के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए( शेष पृष्ठ दो पर )

## हरियाणा,चंडीगढ़,पंजाब में तेज आंधी के साथ बारिश,पेड़ गिरे, 26 मई तक बारिश का अलर्ट जारी



नई दिल्ली 21 मई (निस) मौसम विभाग के पूर्व अनुमान के अनुसार आज उत्तर भारत के पंजाब हरियाणा सहित कई भागों में तेज हवाओं, आंधी के साथ बारिश का दौर शुरु हुआ जो कभी हलका तो कभी तेज बारिश के साथ रात तक जारी रहा जिससे आम जनजीवन बाधित हुआ हालांकि इससे तापमान गिरने से गर्मी से राहत मिली। पटियाला, चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, रोपड़, होशियारपुर, नवांशहर में अचानक अंधेरा छा गया और इस दौरान भारी आंधी तूफान के साथ जोरदार बारिश हो रही है। वहीं नंगल, पठानकोट में तेज आंधी तूफान क साथ ओलावृष्टि भी हो रही है। बता दें कि, पंजाब के कई जिलों में इस समय में भीषण गर्मी पड़ रही है। अगर जालंधर की बात करें तो वहां भी तेज हवाएं शुरू हो गई हैं। हरियाणा के अंबाला सहित साथ लगते शहरों में तेज आंधी चलने की खबर है।

**26 मई तक अलर्ट**-देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। एक ओर जहां भीषण गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। इस अजीब मौसम के बीच अब देशभर की नजरें केरल में मॉनसून की दस्तक पर टिकी हैं। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून के 25 मई तक केरल पहुंचने की उम्मीद है। इससे पहले 27 मई तक केरल में मॉनसून के पहुंचने का अनुमान जताया गया था, लेकिन अब परिस्थितियां इससे पहले ही अनुकूल होती नजर आ रही हैं। विभाग ने जानकारी दी है कि अगले 4-5 दिनों में मॉनसून केरल में प्रवेश कर सकता है।पूर्वोत्तर और उत्तर भारत में गरज-बारिश का अलर्ट-मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश और आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी की है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान~22-26 मई के बीच बिजली चमकने और तेज हवाओं का दौर चल सकता है। दिल्ली-एनसीआर~ 21 मई को पारा 42 डिग्री तक पहुंच सकता है, उमस ने गर्मी को और भयानक बना दिया हैदिल्ली में गर्मी का आलम ये है कि हीट इंडेक्स 50 डिग्री के पार महसूस हो रहा है। हवा में बढ़ी नमी ने उमस बढ़ा दी है और लोग गर्म हवा और चिपचिपी मौसम से परेशान हैं। हालांकि 22 मई के बाद राजधानी में तापमान में थोड़ी राहत की उम्मीद जताई गई है।मुंबई में राहत की फुहारें, प्री-मॉनसून ने दी दस्तक-वहीं मुंबई और दक्षिण कोंकण क्षेत्र में मंगलवार को तेज बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी( शेष पृष्ठ दो पर )

## पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए पहला वफद रवाना, 33 देशों का दौरा करेंगे



नई दिल्ली 21 मई (निस) ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का आंतकी चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। बुधवार को दो डेलिगेशन रवाना होने हैं, जिसमें कुल 17 सांसद हैं। जेडीयू सांसद संजय झा की अगुआई वाला पहला डेलिगेशन विदेश रवाना हो गया है, जबकि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाला डेलिगेशन रात 9 बजे रवाना होगा। 7 टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी शामिल है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया।आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस~सभी सांसदों को बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकी गुटों और उनके ढांचों के खिलाफ था। आतंकी अड्डों को नपी-तुली कार्रवाई में निशाना बनाया गया। पाक सेना ने आंतकी गुटों पर हुए हमले को खुद के खिलाफ हमला मानकर पलटवार किया। पाक आतंक का समर्थक~ इतना ही नहीं सभी सांसद कुछ सबूत लेकर जा रहे हैं, जिसमें वे बताएंगे कि पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका थी। इसके पहले हुए हमलों का भी पूरा चिट्ठा सांसद ले जा रहे हैं।

भारत जिम्मेदार और संयमित~ सांसदों को बताया गया हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी और संयम का परिचय दिया। यह सुनिश्चित किया कि पाक के किसी निर्दोष नागरिक की जान न जाए। पाक ने कार्रवाई रोकने का जब आग्रह किया, तब भारत ने तत्परता से पाक का आग्रह स्वीकारा किया। आतंक के खिलाफ विश्व एकजुट~ सांसद देशों से आतंकवाद के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने और इससे निपटने के लिए सहयोग व समर्थन भी मांग( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात ...

को अंजाम दिया और हमारे सैनिकों ने आतंकियों को उन्हीं की सर जमीन पर जाकर धूल में मिलाने का काम किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर घटनाओं को अंजाम देते थे। पूरे देश में भय का माहौल था कोई भी सुरक्षित नहीं था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है आतंकवाद की बची हुई जमीन को मिट्टी में मिलाने का। जहां से आतंकवादी जन्म लेते थे और पाक उन्हें संरक्षण देता था उसी पाक की भूमि पर जाकर हमारे सैनिकों ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। प्रधानमंत्री ने ऐसी कार्यवाही करके देश को मजबूत, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। अब देश में संतुष्टि का भाव है और आतंकियों में भय का माहौल बना है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पाक का असली चेहरा पूरे विश्व के सामने आ गया है। पाक भारत को बदनाम कर रहा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाक का आतंकी चेहरा पूरी दुनिया के सामने लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को हरियाणा में चल रही विकास योजनाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया है। प्रधानमंत्री ने डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर कई विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब-जब प्रधानमंत्री का हरियाणा का दौरा होता है तो जनता को नई ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती है। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में जासूसी के मामलों की पुलिस गहनता से जांच कर रही है। ऐसे लोगों की गहनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### भारत ने पाक अधिकारी को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित...

इस कार्रवाई का समय भी खास है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी थी। यह ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया आतंकवाद विरोधी अभियान है। एक वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी ने लगभग 70 देशों के प्रतिनिधियों को इस ऑपरेशन की जानकारी दी थी। इसके तुरंत बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के अधिकारी को निष्कासित करने का फैसला लिया।

**क्या कहा विदेश मंत्रालय ने?** - विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि, %पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को साफ तौर पर बता दिया गया है कि भारत में तैनात कोई भी पाकिस्तानी अधिकारी अपनी राजनयिक स्थिति का गलत इस्तेमाल न करे

### राहुल गांधी का आरोपः मोदी सरकार कर रही है राज्यपाल...

आरोप लगाया, ''भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है - राज्यों का संघ, प्रत्येक की अपनी आवाज। मोदी सरकार उन आवाज को दबाने और निर्वाचित राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह संघवाद पर एक खतरनाक हमला है और इसका विरोध किया जाना चाहिए।

### पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए पहला वफद ...

करने वाले है। अपील होगी कि भारत-पाक के विवाद को आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के तौर पर देखें। पाक को लेकर हमारी नीति = सभी सांसद अपने दौरे के दौरान संबंधित देश को बताएंगे कि पाक के खिलाफ भारत ने अपना बदला हुआ दृष्टिकोण उजागर किया है। भारत सीमा पार से पैदा होने वाले खतरे को लेकर उदासीन रहने के बजाए प्रो- सक्रिय रवैया अपनाएगा और आतंकी हमलावरों को पहले ही निष्क्रय करेगा।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp**: 9896359037,8307425115

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**


कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### जयशंकर ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री से मुलाकात की, आतंकवाद ...

करके खुशी हुई। भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप और हमारे लोगों के लाभ के लिए सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए हमारे मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

### नेशनल हेराल्ड मामले में हुई सुनवाई : कोर्ट ने कहा- कंपनी की ...

देखना होगा कि कंपनियां कैसे काम करती हैं और शेयर जारी करने के लिए क्या स्वीकार्य तरीके हैं। इसके जवाब में ईडी ने कहा कि यह केवल अपराध की आय से प्राप्त संपत्ति से संबंधित हैं। एक बार शेयर जारी होने के बाद यह एक संपत्ति है। यंग इंडियन को एजेएल के शेयर जारी करना अपराध है। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने 15 अप्रैल को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किया था। कोर्ट इस मामले में 2 जुलाई से 8 जुलाई तक प्रतिदिन सुनवाई करेगी। मामले में ईडी के साथ अन्य आरोपितों की जिरह सुनी जाएगी। कोर्ट ने यह आदेश तब दिया जब प्रतिवादियों ने रिकॉर्ड की जांच के लिए सुनवाई स्थगित करने की मांग की थी। हालांकि, ईडी ने इसका विरोध किया।

### हरियाणा,चंडीगढ़,पंजाब में तेज आंधी के साथ बारिश,पेड़ गिर...

राहत दी। मौसम विभाग का कहना है कि 21 से 24 मई के बीच मुंबई और दक्षिण-मध्य महाराष्ट्र के कई हिस्सों में गरज और तेज हवाओं के साथ प्री-मॉनसूनी बारिश जारी रह सकती है।

**गोवा में दो दिन से जारी हैं भारी बारिश का दौर, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप** -गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। इसके चलते मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में बुधवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उधर, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीटवेव और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के लिए लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड तैयार किए गए हैं। हीटवेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए तैयार हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।आईएमडी के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंच सकता है, जबकि पूर्वानुमान 27 मई का है। यदि ऐसा होता है तब 2009 के बाद से समय से पहले दस्तक देने वाला पहला मॉनसून होगा। 2009 में 23 मई को ही केरल में मॉनसून पहुंच गया था।विभाग के मुताबिक आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से हट जाता है।

**बिहार में तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित, आकाशीय बिजली से 2 लोगों की मौत**

बिहार के कई जिलों में बुधवार को मौसम बदला। बेतिया, बगहा, मोतिहारी, रक्सौल और दरभंगा में सुबह-सुबह काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। इसकारण लोगों को सड़कों पर गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा था। पटना, मधुबनी, बेतिया, औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, रक्सौल और अररिया में बारिश हुई है। इस दौरान पूर्णिया और अररिया में आकाशीय बिजली से 2 लोगों की मौत हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने पश्चिम चंपारण, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में भारी बारिश की संभावना जाहिर की है। यहां आकाशीय बिजली भी गिरने की चेतावनी है। देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में हो रही बारिश का असर बिहार में भी दिख रहा है। बीते दो दिनों से प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है। इस दौरान 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवा चल रही है। रक्सौल में भी हल्की बारिश हुई है। सुपौल में तेज बारिश के साथ आंधी भी चली। कई जगह पेड़ गिर गए। आकाशीय बिजली भी गिरी। इसमें 2 लोगों की मौत हुई है।

### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 27 से ज्यादा ...

माओवादियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।उन्होंने कहा, नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि एक महासचिव रैंक के नेता को हमारी सेना ने बेअसर कर दिया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुठभेड़ नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगल क्षेत्र में हुई। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी इसकी पुष्टि की और कहा कि सुरक्षा बल मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### पंजाब सरकार ने नए फैसले के अनुसार हरियाणा ...

15.6 लाख क्यूसेक पानी बनता है, जबकि उसने 16.48 लाख क्यूसेक पानी का उपयोग किया है। हरियाणा ने अपने कोटे से अधिक पानी का उपयोग कर लिया है, इसलिए अब अतिरिक्त पानी नहीं दिया जाएगा। पंजाब कभी भी हरियाणा का हक नहीं छीनेगा तथा अगली तिथि तक जितना पानी बनता है उतना हरियाणा को दिया जाएगा। सीएम मान ने आगे कहा कि 24 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नीति आयोग की बैठक तय की गई है, जहां वे जल मुद्दे पर अपना पक्ष रखेंगे और पुनर्गठन की मांग करेंगे। पूरे देश को हमसे अनाज की जरूरत है और हमें पानी की भी जरूरत है। पहली बार पंजाब अपना पानी इस्तेमाल कर रहा है। बीबीएमबी पंजाब के लिए सिर्फ एक सफेद हाथी बन गया है। वहीं बीबीएमबी में पंजाब कोटे के तहत 3000 पद खाली हैं, जिन्हें भरा जाएगा। इस दौरान सीएम मान ने कहा कि 20 दिन पहले बीबीएमबी ने एक फरमान जारी करते हुए कहा था कि 4500 क्यूसेक पानी और छोड़ना होगा। हरियाणा का जितना था उतना पानी पहले ही छोड़ चुके हैं। सीएम मान ने कहा कि हमें कहा गया था कि 8 दिनों के लिए पानी और दिया जाए। हरियाणा वाले पहले की आदतों से मजबूर थे जरूरात से ज्यादा पानी की मांग कर रहे थे। सीएम मान ने पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि अब पानी की राखी करने वाले आ गए हैं। जिनके खेतों में जाकर नहरे खत्म हो जाएं और जिनके घरों में सोने के नल पानी आता है वह पानी की कीमत नहीं जानते है। आपको बता दें कि, आज से बीबीएमबी ने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान पानी छोड़ दिया है। इसी के तहत अब पंजाब को करीब 17 हजार क्यूसेक, हरियाणा को 10 हजार 300 और राजस्थान को 12 हजार 400 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा।

# उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के संदर्भ में बैठक की

**डीसीपी को ओवर स्पीड, रैड लाईट जंप, रैश ड्राईविंग करने वालों के खिलाफ चालान करने के दिए निर्देश**




**पंचकूला,21 मई ( सतीश मंगला ):** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय के सभागार में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सड़क सुरक्षा व यातायात प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव आरटीए हैरतजीत कौर ने उपायुक्त को विस्तार से बारी बारी से सभी विभागों की जानकारी दी। उपायुक्त ने डीसीपी क्राईम अमित कुमार को निर्देश देते हुए माजरी चैंक, ओल्ड पंचकूला रोड पर ट्रेफिक की मूवमेंट पर नजर रखने के निर्देश दिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उपायुक्त ने पीएमडीए को पुराना पंचकूला पर बल्लियां सात दिनों में लगवाने के व पीर बाबा, शाईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होने सैक्टर 20, 21 की रेड लाईट का एसीपी ट्रेफिक, एक्सईएन पीएमडीए को मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने व पीएमडीए को एमडीसी में लटकते हुए पेडों को ठीक करने व अपने क्षेत्र में कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पीडब्लयूडी बीएंडआर के एक्सईएन को संबंधित क्षेत्र में जंहा जंहा जरूरत है, वंहा पर रिफलैक्टर मिरर (कोनवैक्स मिरर )लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने एचएसवीपी को रेड लाईट दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने नगर निगम को सेक्टर 14, गर्ल्स कालेज में रंबल स्ट्रीप्स लगाने के निर्देश दिए ताकि वाहनों की स्पीड कम हो सके और कालेज के विद्यार्थी आसानी से सडक पार कर सके। उपायुक्त ने नगर निगम को शहर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे दुरूस्त करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने एसीपी ट्रेफिक को रैश ड्राईविंग, ओवर स्पीड, रैड लाईट क्रॉस करने, नशा करके गाडी चलाने वाले लोगों के खिलाफ ड्राईव चलाकर ज्यादा से ज्यादा चालान करने के निर्देश दिए ताकि इन लोगों की वजह से अन्य लोगों का बचाव किया जा सके। उन्होने आरटीए सचिव हैरतजीत कौर को सभी स्कूलों के वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, वाहनों के पाल्यूशन, आर सी की मियाद खत्म वाले वाहनों की चालानिंग व उनकों बंद करने के निर्देश दिए। उन्होने ट्रेफिक इंस्पेक्टर को मौके पर जाकर सैक्टर-8 की पार्किंग के अलावा अन्य स्थान पर खडी स्कूल बसों के चालान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने एनएचएआई को अपने क्षेत्र में बलिंकिंग लाईट, शाईन बोर्ड, दुघर्टना संभावित क्षेत्र व लाईटें दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को रेडक्रास के साथ समन्व्य स्थापित कर स्कूल बस कंडक्टरों की टैªनिंग करवाने के व एसडीएम पंचकूला को स्कूल बसों की समय समय पर चैकिंग करने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम संयम गर्ग, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, जिला वन अधिकारी विशाल कौशिक, रेडक्रास समिति की सचिव सविता अग्रवाल, जिला खेल अधिकारी नीलकमल, आरओ पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सुधीर मोहन, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी, पीएमडीए, एनएचएआई, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-1, 14 के प्रतिनिधी सहित परिवहन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोडा में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित



**रायपुररानी, 21 मई ( देवेन्द्र सिंह ) :** पिछले दिनों हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा दसवीं और बारहवीं के परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोडा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में सोनिया, कॉमर्स में तरुण और कला संकाय में राजिंदर ने पहले स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं, दसवीं कक्षा में ककराली निवासी आरती ने पहले स्थान पर आकर सफलता हासिल की, जबकि नैंसी और खुशी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इन सभी मेधावी छात्रों को जिला परिषद सदस्य बहादुर राणा ककराली ने सम्मानित किया और उन्हें शील्ड भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कमलेश नारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बी.आर.सी. सुमन चौधरी ने विद्यालय के स्टाफ की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देता है, जो गर्व की बात है। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को टोडा स्कूल में दाखिला दिलवाएं, क्योंकि यहां निजी स्कूलों से अधिक सुविधाएं और अनुभवी शिक्षक उपलब्ध हैं। जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य बहादुर राणा ककराली ने कहा कि वह विद्यालय के निरंतर विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने पहले किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में एक बड़ा शेड बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही, नटवाल और ककराली के सरपंचों ने स्कूल में दो वाटर कूलर लगाने की घोषणा की। समारोह में विशेष रूप से जिला परिषद सदस्य बहादुर राणा ककराली, बी.आर.सी सुमन चौधरी, सरपंच जसमीत कौर टोड़ा, सरपंच प्रतिनिधि बलकार सिंह, मदन राणा नटवाल, संदीप कुमार ककराली, सुरेश मोर, मदन लाल, रविंद्र, विभा, प्रतिभा, जसपाल, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक तर्क के साथ धार्मिक तथ्यों का बेहतरीन सामंजस्य है सीड आफ लाइफ : डी जी पी जैन

***सफलता के मूलमंत्र देकर अच्छे समाज का निर्माण करना है लक्ष्य : जैन***




**पिंजौर, 21 मई ( अजीत सिंह,अख्तर फ़ारूक़ी ):** डी.ए.वी स्कूल सुरजपुर में चल रहे पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर सुकृति स्टैम के अंतर्गत विशेष तौर पर आमंत्रित संजीव कुमार जैन आई पी एस ,डीजीपी हरियाणा ह्यूमन राइट कमीशन, चंडीगढ़ ने छात्रों को व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास एवं कैरियर काउंसलिंग पर विशेष तौर पर संबोधित किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा को छात्रों के सर्वांगीण विकास से संबंध करके स्किल एजुकेशन को प्रेरित किया जाना चाहिए । ताकि भविष्य में उनकी प्रगति को सुनिश्चित किया जा सके। अपनी लाइफ के तजुर्बे बच्चो के साथ शेयर करते हुई खुशी महसूस होती है ताकि बच्चे उनसे सिख लेते हुए अपनी जिंदगी मे बेहतरीन टार्गेट हासिल कर सके। जैन ने बताया की मेरा लक्ष्य हमारी आने वाली युवा पीढी को एक अच्छा और देशहित मे लक्ष्य देना ही है मकसद। इस अवसर पर उन्होंने अपनी स्वलिखित पुस्तक सीड आफ लाइफ का भी विमोचन किया। जो मुख्यतः जीवन के विविध समस्याओं का वैज्ञानिक तरह से समाधान करने एवं जीवन में सकारात्मक विकास करने से संबंधित थी। इस दौरान डी जी पी जैन ने अपनी लाइफ के वो सभी एक्सपेरिएंस बच्चो के साथ शेयर किए जो उन्हे आई पी एस कैडर जॉइन करते हुए महत्वपूर्ण साबित हुए थे। इस दौरान जानकारी देते हुए विशेष तौर पर कहा कि उनकी यह बुक सीड आफ लाइफ भविष्य मे इन स्कूली छात्रों को यूपीएससी एगजाम मे सफलता हासिल करने मे भी अहम भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर ममता गोयल ने मुख्य अतिथि और सम्मानित उपस्थित जनों एवं छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार जैन आई पी एस के प्रेरणात्मक वक्तव्यों के लिए उनका धन्यवाद दिया।

### एलजी ने किया राजौरी-पुंछ का ...

स्थिर है। सभी को प्रशासन की ओर से सहायता दी जा रही है।एलजी सिन्हा ने ऐलान किया कि जिन परिवारों ने अपने सदस्य खोए हैं, उनके घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई प्रशासन कर रहा है। पुनर्वास के लिए एक पैकेज केंद्र सरकार द्वारा मंजूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती इलाकों में बंकरों की जरूरत महसूस की जा रही है। जल्द ही नए बंकर बनाए जाएंगे ताकि लोग मुश्किल हालात में वहां सुरक्षित रह सकें।

### लौंगोवाल पोस्ट पर पहुंचे सेना प्रमुख, कहा- आपने भारत का सिर गर्व से ...

सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एयर डिफेंस सिस्टम की त्वरित तैनाती की गई। इस मौके पर जनरल द्विवेदी ने जवानों को संबोधित कर कहा, आपके अटूट साहस, दृढ़ निश्चय और अनुशासन ने भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। दुश्मन की हर चाल का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है।उन्होंने ऑपरेशन के दौरान बिना किसी क्षति के मिशन को अंजाम देने की सराहना कर कहा कि यह भारत की सामरिक तैयारियों का प्रतीक है। हालांकि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर फायरिंग रोकने और सैनिकों की संख्या में कटौती पर सहमति बनी थी, लेकिन वर्तमान में दोनों देशों की सीमाओं पर पूरी सैन्य तैनाती बरकरार है। सभी यूनिट्स और उपकरण अपनी-अपनी जगह मुस्तैदी से डटे हुए हैं।

# गर्मी की लहर से अपने मवेशियों को बचाने के लिए पशुपालकों को वर्तनी चाहिए विशेष सावधानियां- उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया

पानीपत, 21 मई (हरप्रीत छत्तवाल) बढ़ते पारे ने आमजन के साथ साथ मवेशियों को बुरी तरह से प्रभावित करना प्रारंभ कर दिया है। आने वाले दिनों में गर्म लहर के और बढ़ने के संकेत हैं। ऐसे में पशु पालकों को अपने मवेशियों के साथ छोटे बच्चों को भी गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए कुछ सावधानियां बरतने की आवश्यकता है उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जैसे जैसे पारा चढ़ रहा है, वैसे-वैसे लोगों की परेशानियों के साथ पशुओं की परेशानी में भी बढ़ोतरी होना लाज़मी है। बीमार होने की स्थिति में अपने मवेशियों को पशु चिकित्सा के पास ले जाए व उपचार कराए। बढ़ती गर्मी न केवल इंसानों के लिए परेशानी का सबब बनती है, बल्कि बढ़ते तापमान का असर मवेशियों पर भी पड़ रहा है। इसको लेकर विशेष सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने बताया कि पशु पालक गर्मी की में अपने पशुओं के खान-पान व पानी का विशेष ध्यान रखें। टोल फ्री नंबर, 1962 पर भी पशु पालक सहायता ले सकते हैं। पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक लोहान ने बताया कि गर्मी की लहर के कारण दुधारू पशुओं में दूध की मात्रा के प्रतिशत में कमी आती है। पशुओं में तेज बुखार भी होने की संभावना बढ़ जाती है। पशु चिकित्सक ने बताया कि बीमार होने पर पशुओं का तुरंत प्रभाव से पशु चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए।पशु चिकित्सक ने बताया कि पशु पालक अपने पशुओं को गर्मी की मार से बचाने के लिए विशेष सावधानियां बरते। पशु चिकित्सक ने बताया कि कई बार पशुओं में डी हाईड्रेशन की कमी हो जा जाती है। कई बार पशु की खाल में झुरिया दिखाई देती है। पशु की खाल भी सूख जाती है। पशु हॉफना भी शुरू कर देता है। तापमान बढ़ने से इसका असर नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता है, पशु चक्कर खाकर गिर भी सकता है। ऐसे में पशुओं को बचाने के लिए, पशुपालकों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। उन्हें तुरंत प्रभाव से पशु चिकित्सालय में लाना चाहिए व स्वयं उपचार ने करके डॉक्टर की सलाह लेकर आगे बढ़ना चाहिए। पशु चिकित्सक ने बताया कि ने बताया कि धूप निकलने से पहले व देर रात पशु को नहलाए, दिन में 3-4 बार पानी पिलाए, पशुओं के लिए कूलर का प्रबंध करें, खेतों में रहने वाले पशुओं को अगर पेड़ के नीचे बांधते है तो आसपास सुबह उठते ही ठंडे पानी का छिड़काव करें, पशुओं को तूड़ा कम व हरा चारा अधिक दे। पशु चिकित्सक ने बताया कि हरे चारे का भी ध्यान रखें। पशु को हर रोज 50-50 ग्राम खनिज मिश्रण अवश्य खिलाएं। नमक की भी विशेष व्यवस्था रखें। हॉफने वाले पशु को नहर में नहलाना फायदेमंद रहते है। भांग के पौधों का भी इस मौसम में पशुओं के लिए उपयोग लाभदायक है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने पशु सुबह-शाम एक घंटा सूर्योदय से पहले व सूर्यास्त के बाद जोहड़ में रखना है जिससे तीन-चार दिन में बुखार खत्म हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सक अपने मवेशियों को छाया में बांधे। जिले में गल घोटू और मुंह खोल के टीके लगाने का कार्य पूरा हो चुका है अभी यह दोबारा अगस्त में फिर से प्रारंभ होगा।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 30 सितंबर अंतिम तिथिः डीसी

पानीपत, 21 मई (हरप्रीत छत्तवाल) भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।डीसी डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी देते हुए बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या ईए कार्य के क्षेत्र में काम किया हो।डीसी ने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है। पुरस्कार के संबंध में अधिक जानकारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के पोर्टल पर उपलब्ध है।

## हरियाणा में अब श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विवादों को शीघ्र अति शीघ्र निपटाने के लिए राज्य में होंगें कुल 26 श्रम न्यायालय संचालित : श्रम मंत्री अनिल विज



**अम्बाला, 21 मई ( कवलजीत सिंह ):** हरियाणा के श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में अब श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विवादों को शीघ्र अति शीघ्र निपटाने के लिए राज्य में कुल 26 श्रम न्यायालय संचालित होंगे। इस संबंध में 12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि श्रम मंत्री ने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य 12 जिलों नामतः पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, जींद, सिरसा, महेन्द्रगढ़, भिवानी, चरखी-दादरी, फतेहाबाद एवं मेवात (नूंह) में श्रम न्यायालय स्थापित करने के लिए अपनी ओर से मुख्यमंत्री को एक प्रस्ताव बनवाकर भिजवाया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। विज ने बताया कि इन 12 श्रम न्यायालयों की स्थापना हेतू बुनियादी ढांचा, फर्नीचर, वाहन, पैट्रोल इत्यादि की व्यवस्था पर लगभग 12 करोड रूपए की राशि का खर्च आएगा।

**वर्तमान में 6 जिलों में 9 श्रम न्यायालय संचालित, एक निर्माणाधीन, चार की मिली पहले ही मंजूरी**

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 6 जिलों (अंबाला में एक, पानीपत में एक, हिसार में एक, रोहतक में एक, गुरुग्राम में दो तथा फरीदाबाद में तीन) में 9 श्रम न्यायालय संचालित हैं, जबकि जिला रेवाडी के बावल में एक श्रम न्यायालय निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट भाषण के अनुरूप सोनीपत में एक, झज्जर में एक, पलवल में एक तथा रेवाडी में एक अर्थात तार अन्य श्रम न्यायालयों को पहले ही मंजूरी प्रदान कर दी गई थी। इस प्रकार से 10 जिलों में कुल 14 श्रम न्यायालय की संख्या हो गई थी। राज्य के अन्य 12 जिलों में 12 नए श्रम न्यायालयों को स्थापित करने के लिए श्रम मंत्री श्री अनिल विज के प्रयासों से इस प्रक्रिया को सिरे चढा दिया गया है और आज उन्होंने इस बारे में बताया कि हरियाणा में अब कुल 26 श्रम न्यायालय होंगें। विज ने कहा कि वे चाहते हैं कि श्रम विभाग से संबंधित औद्योगिक विवादों को जल्द से जल्द निपटाया जाना चाहिए ताकि श्रमिकों को समय पर न्याय मिल सकें, इसलिए प्रत्येक जिला में श्रम न्यायालय स्थापित किए जा रहे है।

## गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष जागरुकता अभियान शुरू- डीसी

पानीपत, 21 मई (हरप्रीत छत्तवाल) डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए श्रम विभाग द्वारा जिले में विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक श्रमिक, ई-मार्केट सर्विस, प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, डेब्ल व हॉस्पिटैलिटी वर्कर, कंटेंट एवं मीडिया सर्विस और अन्य सर्विस प्रोवाइडर को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है ए.एल.सी. विशाल कालिया ने बताया कि डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के दिशा-निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में बजट में घोषणा की है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ अब गिग वर्कर्स को भी मिलेगा। इसके लिए आवश्यक है कि संबंधित श्रमिकों के पास सक्रिय ई-श्रम कार्ड हो ए.एल.सी. कर्मबीर यादव ने बताया कि इस दिशा में अभियान चलाकर उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। हरियाणा सरकार भी इन श्रमिकों को राज्य की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने की दिशा में अग्रसर है। स्वास्थ्य सेवाओं, जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं भी इन योजनाओं में शामिल हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की मजबूत ढाल मिल सके। श्रम निरीक्षक सोनू ने अपील की कि अधिक से अधिक गिग वर्कर इस अभियान का लाभ उठाएं और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराएं।

# हम भाखड़ा का 9 हजार क्यूसेक से एक क्यूसेक भी कम पानी नहीं लेंगे : चौ. अभय सिंह चौटाला

**पंजाब ने अगर फिर भी पानी नही दिया तो एक जून से पंजाब बॉर्डर पर पक्के मोर्चे लगाएंगे**





**पंचकूला, 21 मई ( सतीश मंगला ):** पंजाब द्वारा भाखड़ा का पानी न देने पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सुबह राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उसके बाद इनेलो की राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पहुंचे। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के बाद अभय सिंह चौटाला ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने 9 हजार की बजाय 5 हजार क्यूसेक पानी दिया है। प्रदेश में सिंचाई के लिए ही नहीं बल्कि लोगों और मवेशियों के लिए पीने का भी पानी नहीं हैं। 25 मई को पंजाब हरियाणा बॉर्डर के रास्ते को बंद करके सांकेतिक बंद किया जाएगा जिसमें पंजाब नम्बर के सभी वाहनों को रोका जाएगा। अंबाला जॉन में पंजाब के दो बॉर्डर है उनमें प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में बंद करेंगे। सिरसा बॉर्डर पर अदित्य देवीलाल के नेतृत्व और नरवाना बॉर्डर पर वे स्वयं पंजाब के रास्ते को गुरुग्राम जॉन और जींद जिला मिलकर बंद करेंगे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पानी के मुद्दे पर भाजपा राजनीति कर रही है। हम भाखड़ा का 9 हजार क्यूसेक से एक क्यूसेक भी कम पानी नहीं लेंगे। पंजाब ने अगर फिर भी पानी नही दिया तो 1 जून से पंजाब बॉर्डर पर पक्के मोर्चे लगाएंगे। हम कांग्रेस से भी आह्वान करते हैं कि पानी की इस लड़ाई में हमारे साथ शामिल हो। अगर कांग्रेस सही में पानी के मुद्दे पर गंभीर है तो इस लड़ाई में साथ आए। अभय चौटाला ने कहा कि पंजाब सीएम भगवंत मान रात को 8 बजे जीतकर सोते हैं। हरियाणा और पंजाब दोनों के सीएम डमी है। पंजाब सीएम को दिल्ली से केजरीवाल और हरियाणा के सीएम को दिल्ली से मनोहर लाल चलाते हैं। प्रदेश के अंदर शिक्षा के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की है। सरकार शिक्षा क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। सरकारी स्कूलों में एडमिशन बढ़ाने की व्यवस्था करें। टीचर्स की भर्ती करें और एचकेआरएन से हटाए गए टीचर्स को पुनः नियुक्ति दे और पक्की भर्ती करें। इनेलो ने एक प्रस्ताव यह भी पारित किया है एसवाईएल की लड़ाई फिर से शुरू की जाएगी।

## रायपुररानी में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित, पंचायती राज में उनके योगदान को याद किया

**जनप्रतिनिधियों ने विकास की दिशा में राजीव गांधी के विज़न को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया**



**रायपुररानी, 21 मई ( देवेन्द्र सिंह ):** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रायपुररानी में एक विशेष जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष फोमलाल फिरोजपुर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज प्रणाली को सशक्त बनाने के प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज को संविधानिक दर्जा दिलाकर न केवल ग्रामीण भारत को सशक्त किया, बल्कि लोकतंत्र की मज़बूती के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। उनका विज़न आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सुनील शर्मा और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव अशवनी नागरा, कमालदीन सुल्तानपुर ने भी राजीव गांधी के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए और उनका योगदान हमेशा देशवासियों के दिलों में रहेगा। कार्यक्रम के दौरान, जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि वे राजीव गांधी के पंचायती राज विज़न को आगे बढ़ाएंगे और समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का समापन सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें सामाजिक एकता और शांति की कामना की गई। इस जन संवाद कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बलविंदर चौधरी मानकटबरा, माला सिंह नागरा, सरपंच मुखराज गोबिंदपुर, विजय मोहन वर्मा, एडवोकेट अशवनी नागरा, संजय राणा बड़ौना, कमालदीन सुल्तानपुर, अमर सिंह चेची, गुरमेल टोका, बनारसी दास सैनी, श्यामलाल मंगल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खाद आपूर्ति को लेकर कृषि विभाग की बैठक, कई महत्वपूर्ण बातों पर बनाई योजना



पानीपत, 21 मई (हरप्रीत छत्तवाल) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ आत्मा राम गोदारा की अध्यक्षता में कृषि विभाग के कार्यालय में बुधवार को खाद बीज की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी खरीफ सीजन 2025 के लिए खाद की आपूर्ति के संबंध में योजना बनाई गई। इसमें सभी कंपनियों को खरीफ सीजन 2025 में खाद की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उप निदेशक ने सभी कंपनियों को निर्देश दिए कि उपलब्ध कुल खाद का न्यूनतम 40 प्रतिशत हिस्सा जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किया जाएगा ताकि छोटे एवं सीमांत किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके। उपमंडल अधिकारी डॉ देवेंदर कुहाड़ ने कहा कि जिले में कोई भी खाद/बीज/कीटनाशक दवाई विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ कोई भी कीटनाशक दवाई या अन्य सामग्री टैग नहीं करेगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने यह कदम किसानों की बढ़ती शिकायतों को मध्यनजर रखते हुए किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ कीटनाशक दवाई या अन्य सामग्री टेग करता है उनके खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना करते हुए क़ानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। इसके साथ ही उप कृषि निदेशक, पानीपत ने सभी डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को पक्का बिल दें, ताकि किसान खरीदारी की सही जानकारी प्राप्त कर सकें और भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सके।


### COURT NOTICE

**In the Court of Sh. Amit Nain Civil Judge (Junior Division), Jind**
**CNR No. HRJNB1-000280-2025**
**Next Date:- 03-07-2025**
Sohan Lal
vs.
General Public and others
Seeking rectification of records of rights and declaration regarding ownership of suit property
Notice to: General Public and others;- General Public, Haryana
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.07.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind
Dated, this day of 21-05-2025
**Sd/- Sh. Amit Nain Civil Judge (Junior Division), Jind**

**In the Court of Sh. Amit Nain Civil Judge (Junior Division), Jind**
**CNR No. HRJNB1-000276-2025**
**Next Date:- 03-07-2025**
Snehlata
Versus
General Public
Notice to: General Public:- Jind, Haryana
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.07.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind
Dated, this day of 21-05-2025
**Sd/- Sh. Amit Nain Civil Judge (Jr. Divn.), Jind**

### बेदखली सूचना

मैं प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री कृष्ण निवासी मकान नं. 4092 गली नं. 5 शिव कॉलोनी करनाल सूचित करता हूं कि मेरी लड़की शगुन जोकि मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। -शपथकर्ता। -शपथकर्ता


## गांजा के असल सप्लायर को किया गिरफ्तार

**हांसी, 21 मई ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना नारनौंद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 553 ग्राम गांजा के असल सप्लायर दलबीर पुत्र सुबे सिंह निवासी सुलचानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गत दिनो पहले राजेश पुत्र भूप सिंह निवासी वार्ड न. 4 नारनौंद को 553 ग्राम गांजा सप्लाई किया था। आरोपी के खिलाफ थाना नारनौंद में अभियोग अंकित हुआ था। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार बेल पर रिहा किया गया है।

## ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों का भी हो सर्वांगीण विकास,हमारी प्राथमिकता : महाबीर मैहला

**नीलोखेड़ी,21 मई ( दर्शन शर्मा ):** नवयुग शिक्षा समिति अध्यक्ष महाबीर मैहला ने कहा कि ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों का भी सर्वांगीण विकास हो,यह हमारी प्राथमिकता है।उपरोक्त शब्द दसवीं व बारहवीं के उत्कृष्ट परिणाम आने पर आर्य पब्लिक स्कूल कोयर में कहे।उन्होंने कहा कि 1992 से लेकर विभिन्न सामाजिक कार्य करते हुए हमने ग्रामीण आंचल में भी बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए भरपूर प्रयास किया है।इसके लिए समय समय पर बच्चों को पढ़ाई व खेलों के प्रति प्रेरित करते रहे हैं। उन्हीं के परिणाम है आज हमारे बच्चे बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है इसी कड़ी में जागृति ने प्रथम,निधि शर्मा ने द्वितीय स्थान व मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों पर नाज है जो इतनी कम सुविधाओं में बेहतर प्रदर्शन करते है।


### COURT NOTICE

**In the Court of Ruhela Sharma Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-001333-2023**
**Next Date:- 06-08-2025**
**CS/1046/2023**
State Bank of India
vs
Gurdeep Singh(deceased)through Lrs
Notice to: Sh. Sukhdev Singh:- S/o Gurdeep Singh S/o Bhupinder Singh R/o 123/12 Mahajan Chowk Sarafa Bazar Village Nissing Tehsil Nissing Distt. Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **06.08.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated, this day of 20-05-2025
**Sd/- Ruhela Sharma Civil Judge (Junior Division), Karnal**

**In the Court of Ms. Kimmi Singla Civil Judge (Junior Division), Gurugram**
**CNR No. HRGR02-002195-2022**
**Next Date:- 21-08-2025**
M/s Core Diagnostics Pvt Ltd Through its Ar Sh. Sailendra Singh
Versus
M/s Exult Cares Pvt Ltd Through its Director Vidyut Kumar Mana
Notice to: M/s Exult Cares Pvt Ltd Through its Director Vidyut Kumar Mana:-
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.08.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Gurugram
Dated, this day of 16-05-2025
**Sd/- Ms. Kimmi Singla Civil Judge (Junior Division), Gurugram**

**In the Court of Nitika Bansal Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-005367-2021**
**Next Date:- 07-07-2025**
**CS/3190/2021**
ICICI Bank Ltd.
vs.
Raj Kumari
Notice to: Raj Kumari:- H.No. 24, Ward No. 16, Anand Vihar, Village Karna, Tehsil and District Karnal Mb.no. 9813976565
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **07.07.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated, this day of 19-05-2025
**Sd/- Nitika Bansal Civil Judge (Junior Division), Karnal**

**In the Court of Udit Aggarwal Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-001848-2022**
**Next Date:- 07-07-2025**
Yogesh Kumar
vs.
Jgmal Singh
Notice to: Jagmal Singh:- Son of Sadhu Ram Village Mohidinpur, Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **07.07.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Dated, this day of 20-05-2025
**Sd/- Civil Judge (Jr. Divn.), Karnal**

**In the Court of Ms. Diksha Dass Ranga Civil Judge (Senior Division), Yamunanagar at Jagadhri**
**CNR No. HRYN02-001270-2025**
**Next Date:- 16-09-2025**
Raj Rani Aged About 74 years wife of Mahender Singh @ Mahender Dhiman @ Mahender Pal, R/o H.NO. 42, Chopra Garden, Near Megha Nursery, Yamunanagar, Jagadhri
vs.
General Public
Petition under Section 372 of the Hindu Succession Act
Notice to: General Public:- General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **16.09.2025** at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Yamunanagar
Dated, this day of 18-05-2025
**Sd/- Ms. Diksha Dass RangaCivil Judge (Senior Division), Jagadhri**

# सम्पादकीय

## परमाणु बिजली- विदेशी दबाव में आत्मघाती निर्णय

मध्य प्रदेश की भोपाल गैस त्रासदी को आखिर दुनियां कैसे भूल सकती है। तब यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के कीटनाशक संयंत्र से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इसमें हजारों लोगों की जान चली गई और लाखों लोग प्रभावित हुए। आज भी इस भयानक औद्योगिक त्रासदी को याद कर लोग सिहर उठते हैं। इस त्रासदी के अवशेष आज भी लोगों को परेशान किए हुए हैं। इस भयावह घटना से सबक लेते हुए बाद की सरकारों ने कभी कोई ऐसे औद्योगिक संयंत्र या उसकी इकाई को विदेशी दबाव में लगाने या शुरु करने की इजाजत नहीं दी, जिससे दोबारा इस तरह की कोई त्रासदी सामने आए। समय व्यतीत होने के साथ वर्तमान सरकार शायद इसे भूल गई। यही वजह है कि अब परमाणु बिजली जैसे निर्णय लेने पर वह मजबूर है। ईश्वर न करे कि आने वाले समय में फिर यह दिन भारत के लोकतांत्रिक और जनहितकारी इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाए। दरअसल भारत सरकार ने विदेशी कंपनियों के दबाव में आकर जो नया फैसला लिया है, वह देश की सुरक्षा, पर्यावरण और नागरिकों के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इस अंदेशे के साथ यह भी रेखांकित किया जा रहा है कि सरकार ने परमाणु बिजली संयंत्रों में दुर्घटना की स्थिति में विदेशी कंपनियों को मुआवजे की जिम्मेदारी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। अब यदि कोई परमाणु हादसा होता है, तो उसका पूरा भार सरकारी कंपनी और भारतीय करदाताओं के ऊपर पड़ेगा। यहां बताते चलें कि 2010 में पारित सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट के अनुसार, परमाणु संयंत्र ऑपरेटर को 1500 करोड़ और सरकार को 1100 करोड़ रुपये तक मुआवजे की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि यह राशि भी किसी गंभीर परमाणु दुर्घटना के लिए बेहद कम थी। 2011 के फुकुशिमा हादसे में जापान को 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च उठाना पड़ा था। बावजूद इसके, अब सरकार ने कंपनियों को पूरी तरह जिम्मेदारी से मुक्त कर, भारतीय नागरिकों को जोखिम में डालने वाला कदम उठाया है। भारत में पहले से ही 23 परमाणु संयंत्र कार्यरत हैं, जो सरकारी निगरानी में चलते हैं। परंतु अब अमेरिका, फ्रांस और रूस की पुरानी तकनीक को भारत में डंपिंग ग्राउंड की तरह उतारा जा रहा है। ये कंपनियां भारत को एक बाजार की तरह देख रही हैं, जहां सुरक्षा और जवाबदेही की अनदेखी कर मोटा मुनाफा कमाया जा सकता है। जयतापुर और कुडनकुलम जैसे भूकंप संभावित क्षेत्रों में संयंत्र स्थापित करना एक खतरनाक प्रयोग है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे चिंता की बात यह है कि सरकार ने यह फैसला बिना संसद में चर्चा के, जनता को अंधेरे में रखकर लिया है। पोस्ट फैक्टो क्लीयरेंस जैसे नियम लागू कर दिए गए हैं, जिसमें पर्यावरणीय अनुमति संयंत्र स्थापित होने के बाद ली जाती है। यह व्यवस्था पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को समाप्त करती है। परमाणु ऊर्जा की आर्थिक तर्कसंगतता भी सवालों के घेरे में है। जहां सौर ऊर्जा 2 से 3.5 रुपये प्रति यूनिट और कोयला आधारित बिजली 4 से 6 रुपये में उपलब्ध है, वहीं परमाणु बिजली की लागत 9 से 12 रुपये प्रति यूनिट तक होती है। संयंत्र निर्माण में 10 से 15 वर्ष लगते हैं, जबकि सौर या थर्मल संयंत्र 1 से 2 साल में तैयार हो जाते हैं। इसमें पर्यावरणीय खतरा भी कम नहीं है। परमाणु कचरे को निष्प्रभावी करने में हजारों वर्ष लगते हैं, और यह जमीन, जल और समुद्री जीवन को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचाता है। जब दुनिया के देश—जर्मनी, जापान और इटली—परमाणु ऊर्जा से दूरी बना रहे हैं, भारत में इसके विस्तार को जनविरोधी और आत्मघाती नीति माना जा रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि वह जनता के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता दे, और विदेशी दबाव के बजाय वैज्ञानिक विवेक और लोकहित को ध्यान में रखकर निर्णय ले। देश विकास करे लेकिन विकास के नाम पर आत्मघाती कदम उठाए जाएं कहां तक उचित है?

## जीवन में हमेशा गतिशील रहें

एक यात्री जा रहा था। अंधेरी रात थी। उसे लम्बा रास्ता तय करना था। एक व्यक्ति ने उसे लालटेन देते हुए कहा, इसके प्रकाश में तुम अपना रास्ता देख पाओगे। मार्ग सुख से कटेगा। इसे ले जाओ। उस यात्री ने देखा कि लालटेन का प्रकाश तीन–चार फीट तक फैल रहा है। उसके मन में संदेह हुआ कि रास्ता बहुत लंबा है। प्रकाश केवल तीन–चार फीट तक ही पड़ता है। रास्ता पार कैसे कर पाऊंगा? वह उलझ गया और उलझता ही गया। वह बोला, तीन–चार फीट का प्रकाश मुझे दस मील की यात्रा कैसे करा पाएगा? यह विधि को न समझने के कारण है। विधि को समझे बिना साधक उलझ जाते हैं। विधि को ठीक समझ लेते हैं तो तीन–चार फीट का प्रकाश दस मील की यात्रा करा सकता है। यह प्रकाश दस मील के पूरे पथ को प्रकाशित कर सकता है। आप चलते चलें, दस मील का रास्ता प्रकाशित हो जाएगा और यदि उसी बिन्दु पर खड़े रह गए तो दो फीट का रास्ता ही प्रकाशित होगा, शेष अंधकार ही अंधकार रहेगा। आवश्यकता है चलने की, सतत गतिशील रहने की। विधि को समझें और चलें। विधि को समझना ही पर्याप्त नहीं है, चलना भी पड़ेगा। आगे से आगे बढ़ना होगा। यदि नहीं चले, रूके रह गए तो प्रकाश जहां पड़ता है वहीं पड़ेगा, वह आगे नहीं बढ़ेगा। वह तभी बढ़ेगा, जब हम बढ़ेंगे। वह हमारे रूकने के साथ रूकेगा और बढ़ने के साथ बढ़ेगा। अभ्यास करते जाएं। आप अपनी मंजिल तक पहुंच जाएंगे। मंजिल स्वत- मिल जाएगी।

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद, प्रश्रय देना अमानवीय

**– योगेश कुमार गोयल**

जम्मू–कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं–बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन–संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची–समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे–धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।




हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार–बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग–थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार–बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ–साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का–दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति 'आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता' की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन–मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है।

बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी 'अंतिम परछाई' को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। हममें से हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**( लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट

**– योगेश कुमार गोयल**

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव–जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव–जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव–जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंतुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास', जो न केवल पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक प्रतिबद्धताओं को रेखांकित करता है बल्कि जैव विविधता और सतत विकास के बीच गहरे अंतर्संबंध को भी उजागर करता है। अमेरिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकर्ताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव–जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्येक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकर्ताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकर्ताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित 'स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर' के मुताबिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव



विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़–पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन–जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ये जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' (आइयूसीएन) एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था। आइयूसीएन के अनुसार नौ सौ से ज्यादा जैव प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और 37 हजार से ज्यादा प्रजातियों पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ क्राइम रिपोर्ट के मुताबिक वन्यजीवों की तस्करी भी दुनिया के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वाधिक तस्करी स्तनधारी जीवों की होती है। वन्यजीव तस्करी में 22 प्रतिशत तस्करी के मामले रेंगने वाले जीवों के और 10 प्रतिशत पक्षियों के होते हैं जबकि पेड़–पौधों की तस्करी का हिस्सा 14.3 फीसद है। 'स्टेट ऑफ वर्ल्ड बर्ड्स' नामक एक रिपोर्ट में यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि दुनिया में पक्षियों की करीब 39 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या स्थायी है और मात्र 6 प्रतिशत प्रजातियां ही ऐसी हैं, जिनकी संख्या बढ़ रही है, जबकि 48 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों की प्रजातियों की संख्या में गिरावट को भारत के संदर्भ में देखें तो भारत में जहां 14 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं केवल 6 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या ही स्थिर है जबकि 80 प्रतिशत प्रजातियां कम हुई हैं। इनमें से 50 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में भारी गिरावट और 30 प्रतिशत प्रजातियों में कम गिरावट दर्ज की गई है। सालाना पक्षी गणना में अब प्रतिवर्ष पक्षियों की संख्या और विविधता में गिरावट आ रही है, जिसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और जंगलों का कटना है। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में पक्षियों पर हुए शोध के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। वहां वन क्षेत्रों में मानवीय दखल, वनों की कटाई और तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों की संख्या में 60–80 प्रतिशत तक की कमी आई है।

पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक जैव विविधता के क्षरण का सीधा असर भविष्य में कृषि, खाद्य पैदावार इत्यादि पर पड़ेगा। इसलिए पृथ्वी पर जैव विविधता को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी है कि हम पर्यावरणीय संतुलन को न बिगड़ने दें। वैज्ञानिकों का कहना है कि जिस प्रकार जंगलों में अतिक्रमण, कटाई, बढ़ता प्रदूषण और पर्यटन के नाम पर गैर जरूरी गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में जैव विविधता पर संकट मंडरा रहा है, वह पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का स्पष्ट संकेत है और यदि इसमें सुधार के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में बड़े नुकसान के तौर पर इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। विकास के नाम पर यदि वनों की कटाई बदस्तूर जारी रही और जीव–जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे तो ये प्रजातियां धरती से एक–एक कर लुप्त होती जाएंगी और भविष्य में इससे पैदा होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना समस्त मानव जाति को ही करना होगा।

# लोकमाता अहिल्याबाई के संकल्पों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम

**– हर्षवर्धन पाण्डे**

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने 20 मई 2025 को इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा परिसर में एक विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह बैठक न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व भी रखती है, क्योंकि यह लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के समापन और उनकी विवाह वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इसके पहले डॉ मोहन सरकार दमोह, जबलपुर में डेस्टिनेशन कैबिनेट के सफल आयोजन कर चुकी है।यह कैबिनेट की बैठक अहिल्याबाई के आदर्शों को आत्मसात करने का सुनहरा अवसर है। कैबिनेट बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के योगदान को याद करते हुए होल्कर साम्राज्य के संस्थापक महाराज मल्हार राव होल्कर का भी पुण्य स्मरण करना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया है कि यह आयोजन इंदौर की सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करने और मध्यप्रदेश के विकास के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण, जैसे कि विजन 2047, को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा। यह आयोजन इंदौर के ऐतिहासिक महत्व का स्मरण करने और देवी अहिल्याबाई के आदर्शों को प्रचारित करने का बेहतरीन अवसर है। होल्कर साम्राज्य का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रहा है। इंदौर का राजवाड़ा, होल्कर साम्राज्य का प्रतीक, मध्य भारत के गौरवशाली अतीत का साक्षी रहा है। यह वह स्थान है जहां होलकर साम्राज्य के शासकों ने अपने दरबार लगाए और अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए। 20 मई को गणेश हॉल में होने वाली यह बैठक उसी परंपरा को जीवंत करेगी, जहां डॉ मोहन कैबिनेट अपने कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लेगी। यह पहली बार है जब आज़ादी के कई वर्षों बाद इस ऐतिहासिक स्थल पर डॉ. मोहन कैबिनेट का भव्य दरबार सजेगा। राजवाड़ा एक महल नहीं, बल्कि होलकर साम्राज्य की विरासत है जिस पर आज भी सभी गर्व महसूस करते हैं। यह वह ऐतिहासिक स्थान है जहां से होलकर साम्राज्य ने अपने कई बड़े फैसलों से अपनी दिशा तय की थी। इसका निर्माण 1766 से 1834 के बीच हुआ और इसकी भव्यता आज भी लोगों को आकर्षित करती है। देवी अहिल्याबाई होलकर इसी राजवाड़ा से प्रशासनिक निर्णय लिया करती थी। अंतिम बार 1945 में महाराज यशवंतराव होलकर तृतीय ने अपनी मंत्रिपरिषद के साथ इसी दरबार हॉल में बैठक की थी। वहीँ राजवाड़ा इस बार फिर डॉ. मोहन यादव के निर्णायक फैसलों का साक्षी बनने जा रहा है। लोकमाता की उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब मोहन सरकार यहां बैठक कर, न सिर्फ राजवाड़े के सांस्कृतिक गौरव को पुनर्स्थापित कर रही है बल्कि सुशासन के संकल्पों के नए मानदंड प्रदेश में स्थापित कर रहे हैं।

कैबिनेट बैठक में मालवा संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस आयोजन को मालवा की संस्कृति के साथ जोड़ने का प्रयास किया गया है, जिसमें मंत्रियों का स्वागत मालवी पगड़ी पहनाकर किया जाएगा । बैठक के बाद दरबार हाल में सभी मंत्रियों और अधिकारियों के लिए पारंपरिक मालवी भोजन परोसा जाएगा, जिसमें दाल–बाफले, दाल–बाटी–चूरमा, मावा बाटी, दही, लड्डू, केसर श्रीखंड, मैंगो रबड़ी और छाछ जैसे व्यंजन शामिल होंगे। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय की उम्मीद है, जिसमें विजन 2047 के तहत मध्यप्रदेश के दीर्घकालिक विकास की कई योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, निवेश संवर्धन, औद्योगिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण से संबंधित नीतियों पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव भी आएगा। कैबिनेट बैठक में अनेक कल्याणकारी प्रस्तावों को हरी झंडी मिल सकती है जिसमें नए रोजगार के अवसर सृजित करने, कर्मचारियों के पदोन्नति संबंधी प्रस्ताव भी पास हो सकते हैं। कैबिनेट बैठक में सरकार मेट्रोपॉलिटन रीजन एक्ट 2025 भी लेकर आएगी जिससे इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन रीजन बनाने की प्रक्रिया को नई गति मिलेगी। इस बड़ी पहल के साथ मध्यप्रदेश देश का 13वां राज्य बन जाएगा, जहां मेट्रोपॉलिटन रीजन विकसित किए जाएंगे।

इंदौर के राजबाड़ा में होने वाली मोहन कैबिनेट की बैठक एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील का पत्थर साबित होगी।

यह आयोजन न केवल प्रशासनिक निर्णयों के लिए, बल्कि इंदौर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को वैश्विक मंच पर उजागर करने के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। यह आयोजन मध्यप्रदेश की समृद्ध विरासत को सम्मान देने के साथ–साथ भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत नींव रखेगा। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती को समर्पित यह बैठक इंदौर के गौरव को और बढ़ाएगी और मालवा की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेगी।

**( यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है )**

# बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल मे इंटर्नशिप जागरूकता विषय पर विस्तृत व्याखान का हुआ आयोजन



**निसिंग, 21 मई ( जोगिंद्र सिंह )** : बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल के प्राचार्य डॉ ऋषिपाल के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ एवं नई शिक्षा नीति समिति एवं युवा विकास केन्द्र, चंदलाना के संयुक्त तत्वावधान में इंटर्नशिप जागरूकता विषय पर विस्तृत व्याखान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का सफल संयोजन डॉ कोमल रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार गौड़ ऑर्गेनाइजर युवा विकास केंद्र एवं स्वायत्तशासी संस्था मेरा युवा भारत जो युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन है, के संचालक उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में महाविद्यालय के छात्रों को बताया कि हमारी संस्था मेरा युवा भारत हर जगह युवाओं को सशक्त करने का कार्य करती है क्योंकि कुछ युवा पढ़ने के बाद भी बेरोजगार रहते हैं और किसी काम पर अपने आप को केंद्रित नहीं कर पाते हैं ऐसे छात्रों को प्रोत्साहित करके उन्हें रोजगार के प्रति सचेत करती है। उन्होंने इंटर्नशिप प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, रिपोर्ट लेखन, मूल्यांकन मानदंड आदि के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्होंने विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया। छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उच्चतर शिक्षा में इंटर्नशिप को अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने भी एनईपी की तर्ज पर अपने पाठ्यक्रमों में इंटर्नशिप को शामिल किया है तथा इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस पहल से अवगत कराना है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ कोमल रानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटर्नशिप चार से छह सप्ताह की होगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की कार्यशैली को समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका आत्म विश्वास, कौशल तथा करियर विकल्प बढ़ेंगे। उन्होंने एक विशेष सूचना देते हुए कहा कि आज हमारे प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल द्वारा युवा विकास केंद्र, चंदलाना के साथ एक औपचारिक समझौता ज्ञापन ( रूश ) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहयोग के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर महाविद्यालय छात्रों के साथ डॉ. कुसुम गोरा, डॉ. ममता रानी डॉ. राजीव कुमार गाबा, छात्र प्रतिनिधि तथा युवा विकास केंद्र के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी कॉलोनी में श्री श्याम संर्कीतन रविवार 25 मई को : तरूण बंसल



**तरावड़ी, 21 मई ( छाया शर्मा )** : श्री श्याम सेवा समिति तरावड़ी की तरफ से शहर की लक्ष्मी कॉलोनी के पास चंदन राईस मिल ग्राऊंड में श्री श्याम संर्कीतन का आयोजन रविवार 25 मई को किया जाऐगा। श्री श्याम संर्कीतन को लेकर श्री श्याम सेवा समिति तरावड़ी के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के मुख्य संयोजक तरूण बंसल ने की। उन्होंने बताया कि श्री श्याम सेवा समिति की ओर से श्री श्याम संर्कीतन का आयोजन लक्ष्मी कॉलोनी के पास चंदन राईस मिल के ग्राऊंड में शाम करीब साढ़े-6 बजे किया जाऐगा। उन्होंने बताया कि संर्कीतन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम एग्रोटेक तरावड़ी की तरफ से विजय सिंगला अखंड भंडारा देंगे। श्री श्याम संर्कीतन में बाबा खाटू श्याम जी का सुंदर दरबार सजाया जाऐगा। इस दौरान अबोहर पंजाब से भजन गायिका तुलसी गोयल के अलावा सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद पड़वाला अपने भजनों के माध्यम से श्याम प्रेमियों को रिझाऐंगे। श्री श्याम सेवा समिति तरावड़ी ने शहरवासियों से अपील की है कि वह 25 मई रविवार को आयोजित होने वाले श्री श्याम संर्कीतन में हिस्सा लें। कीर्तन के दौरान अखंड भंडारे का भी आयोजन चलता रहेगा।

# कुरुक्षेत्र को ग्रीन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को रोपित करना चाहिए एक-एक पौधा



**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार )** : समाज सेवी मदन लाल शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र को ग्रीन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने घर और आसपास के क्षेत्र में एक-एक पौधा जरूर रोपित करना चाहिए। इस जिले में जब पौधारोपण अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ले लेगा तभी ग्रीन कुरुक्षेत्र के लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। इस अभियान के साथ आमजन को जोडने् का प्रयास किया जा रहा है। वे बुधवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सहयोग से ताऊ देवी लाल पार्क में पौधारोपण करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, सीनियर सिटीजन एमएल शर्मा, डा. डीपी बतरा, श्याम सुंदर शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, मास्टर बिशन दास तनेजा, एसएस रोहिल्ला, जीएस उप्पल, भारद्वाज, समाजसेवी नरेश सैनी, अमर रोहिल्ला, मेवा सिंह, एडवोकेट राज सिंह, दिलेर गौड, सेवानिवृत्त डीएसओ यशबीर सिंह, डा. सत्यनारायण शर्मा, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल आदि ने ताऊ देवी लाल पार्क में नीम व पीपल के पौधे रोपित किए। इन सभी लोगों ने पौधा रोपित करने के साथ-साथ पौधों का पालन-पोषण और देखरेख करने का संकल्प भी लिया। समाजसेवी श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र को ग्रीन या हरा-भरा करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार पौधारोपण की जो मुहिम शुरु की है, वह काबिले तारीफ है। इस मुहिम के साथ सभी नागरिकों को जुड़ना चाहिए। सरकार का विजन है कि प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। यह तभी संभव हो पाएगा जब प्रत्येक नागरिक पौधारोपण अभियान के साथ जुड़ेगा। इस पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन को साथ जुड़ना होगा और कुरुक्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान कुरुक्षेत्र के नागरिकों से किया जा रहा है।

# ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों का भी हो सर्वांगीण विकास, हमारी प्राथमिकता : महाबीर मैहला



**नीलोखेड़ी, 21 मई ( दर्शन शर्मा )** : नवयुग शिक्षा समिति अध्यक्ष महाबीर मैहला ने कहा कि ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों का भी सर्वांगीण विकास हो, यह हमारी प्राथमिकता है। उपरोक्त शब्द दसवीं व बारहवीं के उत्कृष्ट परिणाम आने पर आर्य पब्लिक स्कूल कोयर में कहे। उन्होंने कहा कि 1992 से लेकर विभिन्न सामाजिक कार्य करते हुए हमने ग्रामीण आंचल में भी बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए भरपूर प्रयास किया है। इसके लिए समय समय पर बच्चों को पढ़ाई व खेलों के प्रति प्रेरित करते रहे हैं। उन्हीं के परिणाम है आज हमारे बच्चे बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है। इसी कड़ी में जागृति ने प्रथम, निधि शर्मा ने द्वितीय स्थान व मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों पर नाज है जो इतनी कम सुविधाओं में बेहतर प्रदर्शन करते है। हमारे पास गरीब परिवारों के बच्चे आते है।जिनके लिए हम सब मिलकर भरपूर प्रयास करते है कि सभी बच्चे प्रत्येक क्षेत्र में अव्वल रहे। हमारे प्रयासों के परिणाम हमें मिल भी रहे है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यापक दीपक शर्मा, संजय कुमार, अध्यापिकाएं संध्या शर्मा, महक, रिंपल, सरिता, तमन्ना व कविता के साथ सभी बच्चे शामिल रहे।

# खानेवाल खालसा स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**शाहाबाद मारकंडा, 21 मई ( रूबी )** : खानेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस साल 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसके चलते स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधान जतिन्द्र सिंह भिंडर ने बताया कि कुल 40 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे स्कू ल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। यह न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस शानदार सफलता में से 17 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि एक विद्यार्थी ने मेरिट सूची में स्थान पाकर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। अन्य सभी विद्यार्थी भी अच्छे अंक प्राप्त कर उतीर्ण हुए हैं। इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल की कड़ी मेहनत करने वाली शिक्षण स्टाफ, विद्यार्थियों की लगन और स्कूल प्रबंधन की दूरदर्शिता को जाता है। प्रधान जतिन्द्र सिंह भिंडर ने कहा कि यह परिणाम स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्टता की ओर बढ़ते रहेंगे।

इस अवसर पर प्रितपाल सिंह ढिल्लो, हरबंस सिंह गिल, प्रिंसीपल गुरमीत सिंह मौजूद रहे।

# मंत्री कृष्ण बेदी ने गांव बरटा में दो नाबालिग बच्चों की हत्या पर जताया शोक



**कैथल, 21 मई ( प्रवेश बहादुर )** : सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बुधवार सुबह गांव बरटा में पहुंच कर दो नाबालिग बच्चों की हत्या के मामले में परिजनों से मिलकर शोक जताया और उन्हें सांत्वना दी। साथ ही प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को मामले में सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से दोनों मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की। साथ ही अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित परिजनों को दी जाने वाली राशि भी जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए। उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी दुख जताया है। मुख्यमंत्री जी ने परिजनों से मिलने के लिए उन्हें यहां भेजा है। जो बेशकीमती जान चली गई हैं, उनकी भरपाई होना संभव नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री जी की ओर से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। शोक जताते समय परिजनों से मिलते हुए स्वयं मंत्री भी भावुक हो गए। परिजनों ने वारदात को अंजाम देने वाले युवकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मंत्री ने कहा कि परिजनों को न्याय मिलेगा। उन्होंने गांव के मौजिज लोगों का आह्वान किया कि जो घटना हो गई, उसमें किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, लेकिन गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें। पीड़ित परिवार को हौंसला दें। मंत्री ने मौके पर मौजूद एसडीएम अजय सिंह, डीएसपी बीरभान सिंह, डीएसपी सुशील कुमार को निर्देश दिए कि प्रशासन इस बात का ध्यान रखे कि कोई दोषी छूट न जाए। जो भी इस घटना में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। परिजनों से मिलने के बाद कैथल लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में अपने वक्तव्य में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय एवं दुखदायी है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अशोभनीय है। दो मासूम बच्चों की निर्मम हत्या की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को जब इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत उन्हें पीड़ित परिवार से मिलने के लिए भेजा है। आरोपियों ने बच्चों को बहुत ही बेरहमी से मारा है। अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की संलिप्तता को लेकर भी जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। इस मामले में अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। जो बेशकीमती जाने चली गई हैं, उनकी भरपाई होना संभव नहीं है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो इसको लेकर सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया वे गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें और कानून पर विश्वास करें।

# नवीन संकल्प शिविरों में लोगों ने लिया सुविधाओं का लाभ



**शाहाबाद मारकंडा, 21 मई ( रूबी )** : सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शाहबाद हल्का के गांव बकाना और मछरौली में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इन नवीन संकल्प शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं साथ ही लोगों को आधार कार्ड, पैंशन और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आज 90 लोगों को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा परामर्श, निऱ्शुल्क दवाईयां, रक्त एवं युरिन के टेस्ट और नवीन संकल्प शिविर के माध्यम से अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को नि:शुल्क दवाईयां, परामर्श और खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# किसी भी खतरे का सामना करने में सक्षम है भरतीय सेना : संजय सिंगला



**तरावड़ी, 21 मई ( छाया शर्मा )** : श्री राम राईस यूनिट के सी.एम.डी. एवं शिव शक्ति संर्कीतन मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की सैन्य ताकत का परिचायक है बल्कि यह समुदाय को यह संदेश भी देता है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का पराक्रम देखा और उसका सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय सेना किसी भी खतरे का सामना करने में पूर्णत: सक्षम है। पाकिस्तान को दी गई यह शिकस्त केवल एक सैन्य विजय नहीं अपितु भारत की संप्रभुता की रक्षा का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने वैश्विक मंच पर भारत की रणनीतिक सोच और सैन्य क्षमत को मान्यता दिलाई है। श्री राम राईस यूनिट के सी.एम.डी. एवं शिव शक्ति संर्कीतन मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला तरावड़ी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों के सम्मान में प्रदेशभर में जो तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है वह भारतीय सेना की मेहनत, साहस और पराक्रम को समर्पित है। उन्होंने भारतीय सेना को राष्ट्र के प्रति दिखाई गई प्रतिभा को सराहते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रतीक माना। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना ने सफल कर दिखाया। यह ऑपरेशन भारतीय सेना की कड़ी मेहनत, उनके अद्वितीय साहस और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महिला सेना अधिकारियों ने अपनी कड़ी मेहनत से भारतीय तिरंगे की शान को बचाया एवं भारत की अखंडता को बनाए रखते हुए समाज को सुरक्षित महसूस करवाया। समाजसेवी संजय सिंगला ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि परीक्षा की इस घड़ी में भारत का प्रत्येक नागरिक एकजुट एवं समर्पित होकर देश के लिए खड़ा था। सभी देशवासियों को भारतीय सेना पर गर्व है।

# एंटी व्हीकल थेप्ट सेल की टीम ने एक बाइक चोर को किया गिरफ्तार




**यमुनानगर, 21 मई ( दिनेश कुमार )** : पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए एंटी व्हीकल थेप्ट सेल की टीम ने नाकाबंदी के कलानौर बाईपास के पास से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की चार बाइक बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए कलानौर बॉर्डर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रणधीर, हरबिलास,धर्मेंद्र,योगेश, रविंदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक 25 फरवरी को गांव जड़ौदी से चोरी की थी। पूछताछ में जिसकी पहचान आजाद नगर निवासी बॉबी उर्फ बकरा पुत्र सुनील के नाम से हुई। आरोपी से चोरी की चार बाइक बरामद हुई है। इसके अतिरिक्त आरोपी ने 12 जून 2023 को तेजली स्टेडियम से एक बाइक चोरी की थी। आरोपी ने 13 अक्टूबर 2023 को थाना रादौर एरिया से बाइक चोरी की थी। आरोपी ने 26 नवंबर 2024 को तेजली स्टेडियम के पास से एक बाइक चोरी की थी। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# सेफ सिटी टीम ने शैक्षणिक स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक



**यमुनानगर, 21 मई ( दिनेश कुमार )** : जिला पुलिस द्वारा महिलाओ विशेष रुप से लडकियो को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्ग दर्शन में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में कार्य करते हुए बुधवार 21 मई को सेफ सिटी की टीम ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय पिपली माजरा छछरौली में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हैल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें।

## विदेश भेजने के नाम से पैसे की ठगी और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी

**मूनक, 21 मई ( जयभगवान ) :** विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ ठगी वह जान से करने का मामला सामने आया है। जिसमें संदीप संधू निवासी गगसीना ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसने गुरजीत निवासी नजदीक गुरुद्वारा बाबा जीवन सिंह गांव चांदपुर जिला मोगा पंजाब को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला की शिकायत दी। शिकायत में उसने बताया वह अपने परिवार के साथ कनाडा टूरिस्ट वीजा लगवाकर जाने का इच्छुक था। गुरजीत सिंह उससे मिला और कहने लगा कि वह विदेश भेजने का नंबर एक का काम करता है। मैं आपको और आपके परिवार को कनाडा भेज दूंगा। इसके बाद मैंने उसे अपने परिवार पत्नी व बच्चों का पासपोर्ट दिया। आरोपी ने मुझे 11 लाख रुपए लिए जिसमें ?6 लाख उसने उसके खाते में जमा कर दिए 500000 उसने फर्जी वीजा की कॉपी दिखाकर नगद लिए। कहने लगा कि आपका वीजा आ गया अब जल्दी टिकट करा कर कनाडा भेज दूंगा। परंतु वह वीजा फर्जी निकला। जब उसे हमने पासपोर्ट व कुछ दस्तावेज अपने पैसे मांगे तो वह हमें किसी अन्य केस में फैलाने व जान से मारने की धमकी देने लगा।

## क्ले मॉडलिंग बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं : देवेंद्र सिंगला



**शाहाबाद मारकंडा, 21 मई ( रूबी ) :** आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल में आज आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बच्चों को क्ले मॉडलिंग सिखाई गई। इस अवसर पर गुरदीप कौर ने बच्चों को क्ले से विभिन्न प्रकार की चीजे बनाना सिखाई। क्ले मॉडलिंग के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न आकार और डिज़ाइन जैसे कि जानवर, फूल, तितली और अन्य सृजनात्मक मॉडल बनाने सीखे। स्कूल के अध्यक्ष देवेंद्र सिंगला ने कहा कि इस गतिविधि ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा दिया, बल्कि उनकी समस्या समाधान क्षमता में भी सुधार किया। स्कूल की डायरेक्टर दीपाली सिंघल ने कहा कि क्ले मॉडलिंग जैसी गतिविधियाँ हमारे बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देती है, बल्कि उनकी आत्म-विश्वास और टीम वर्क कौशल में भी सुधार करती है। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल संध्या वर्मा ने गुरदीप कौर जी का धन्यवाद करते हुए बताया कि गुरदीप कौर एक अनुभवी शिक्षिका है,जिनके पास आर्ट एंड क्राफ्ट में 25 साल का शिक्षण अनुभव है।

## 10वीं की छात्रा पलवी ने 480 अंक लेकर ब्लॉक में प्रथम स्थान किया प्राप्त



**असन्ध, 21 मई ( दलसिह मान ) :** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रधानाचार्य अजमेर सिंह सिंधु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं में पलवी ने 500 में से 480 अंक लेकर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया और पलक ने 500 में से 474 अंक लेकर द्वितीय व ईशा ने 500 में से 451 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। बारहवीं में खुशी ने 500 में से 440 अंक लेकर प्रथम, नैंसी ने 500 में से 425 अंक लेकर द्वितीय तथा ज्योति व आरती ने 500 में से 421 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अजमेर सिंह सिंधु ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने बच्चों व अभिभावकों को माला पहनाकर सम्मानित किया। मंच का संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर तिलक राज, डॉ. शीशनपाल, मीना वर्मा, मीनू, नरेश कुमार, ममता, राजेश कुमार, राजेंद्र वर्मा, जयद्रथ, प्रकाश, प्रवीण, गुरचरण, रीतू पुनिया, रचना गोयल, गीता आदि मौजूद रहे।

## 51 छात्र व छात्राओं का हुआ चयन



**शाहाबाद मारकंडा, 21 मई ( रूबी ) :** बुधवार को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में युवाओं के लिए जॉब फेयर का आयोजन वर्ग अनुदेशक इंचार्ज दलबीर सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला रोजगार विभाग के तरफ से सतीश कुमार सिंहमार उपस्थित रहे। इस जॉब फेयर में सात्विक सोलर एनर्जी, स्वराज मोहाली, अरिहंत स्पीनींग मिल सहित कंपनियों ने भाग लिया। दलबीर सिंह ने बताया कि जॉब फेयर में 93 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से 51 छात्र व छात्राओं का चयन किया गया । इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहाबाद व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पावन धरा पर हजारों की संख्या में योग साधक पहुंचकर बनाएंगे नया कीर्तिमान जयदीप आर्य

***राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होगा कुरुक्षेत्र में, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि, राज्य स्तरीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश***

**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों की संख्या में योग साधक पहुंचकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस धरा पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इतना ही नहीं इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री या योग के जाने माने आचार्य भी शिरकत कर सकते है। चेयरमैन डा. जयदीप आर्य लघु सचिवालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने 21 जून को कुरुक्षेत्र में मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से विद्यार्थी, शिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाडी वर्कर, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम, आशा वर्कर, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, भारतीय योग संस्थान, पतंजलि योग संस्थान, रेडक्रॉस, नेहरू युवा केन्द्र, खेल विभाग, पंच, सरपंच, मनरेगा, आर्ट आफ लिविंग, हार्टफुलनेस, ब्रह्माकुमारी, जिला प्रशासन के सभी विभाग सहित आम नागरिक हजारों की संख्या में पहुंचेंगे।



उन्होंने कहा कि नगर परिषद की तरफ से संभावित कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था, पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था, जनस्वास्थ्य विभाग पीने के पानी व शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सभी तैयारियों निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।

इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे इसलिए कार्यक्रम स्थल के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाएं रखने के लिए रूट प्लान भी तैयार किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक विभाग विद्यार्थियों के लिए टी शर्ट और खाने पीने की व्यवस्था अन्य आदि प्रबंध पूरा करेंगे। चेयरमैन ने कहा कि 21 जून को राज्य स्तरीय योग दिवस से पहले 19 जून को फाइनल रिहर्सल की जाएगी और 20 जून को योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए 30 मई से पहले सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को योग शिविर लगाकर प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 मई से 28 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 6 बजे से लेकर 7:30 बजे तक रहेगा।

उन्होंने कहा कि 12 जून से 14 जून तक जिला सहित ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, पंच अन्यनिर्वाचित सदस्यों, पुलिस विभाग के अधिकारी / कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉट एवं इच्छुक जनसाधारण को स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला या अन्य स्थानों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर मंत्रियों, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉट, नेहरू युवा केन्द्र के कर्मचारी एवं इच्छुक आमजन को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम कपिल शर्मा, एसडीएम डा. चिनार चहल, डीएसपी सुनील कुमार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विरेन्द्र पाल, आयुष विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बिजेन्द्र सिंह तोमर, योग आयोग के रजिस्ट्रार डा. राजकुमार, पतंजलि योग पीठ के राज्य प्रभारी ईश आर्य, भारतीय योग संस्थान के राज्य प्रभारी ओम प्रकाश, महिला प्रभारी अमर राविश, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुदेश जाटियान, सहित विश्व विद्यालयों के कुलसचिव और संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शहर को हरा-भरा बनायेगा, एस एच जी की लेगा मदद

**यमुनानगर, 21 मई ( संजीव कुमार ) :** शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शहरी आजीवीका मिशन के तहत एक अनूठी योजना पर कार्य कर रहा है। यह कार्य एक पेड मां के नाम अभियान के तहत किया जाएगा। इसमें शहर भर में एक बडे पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह पहल न केवल शहर को सुंदर और हराभरा बनााएगी, बल्कि इससे प्रदूषण में कमी, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बढावा भी मिलेगा। साथ ही शहरी उष्मा द्वीप प्रभाव जैसी



समस्याओं से भी राहत मिलने की उम्मीद है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने बताया कि भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस पहल के तहत अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा। जिसके लिए यमुनानगर में रादौर रोड पर स्थित 20 एमअलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, आईपीएस पंजेटो का माजरा, 10 एमएलडी सिटी सेंटर, वाटर वर्क्स मंडेबर, वाटर वर्क्स तेजली पर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं की विजिट करवाई गई और पौधारोपण के लिए स्थान चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला सलाहकार रजनी गोयल, जूनियर इंजीनियर गौतम शर्मा, जूनियर इंजीनियर अंकित कुमार, हरियाणा अर्बन लाइवलीहुड मिशन से कंसलटेंट शशि रानी व दक्ष सेल्फ हेल्प ग्रुप , मुकुंद सेल्फ हेल्प ग्रुप, इशा सेल्फ हेल्प ग्रुप मौजूद रहे। गोयल ने बताया कि इस विशेष अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अहम भूमिका होगी। विभाग की योजना है कि ये महिलाएं पौधे लगाएंगी। विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि हर पौधा पेड बने इसके लिए विभाग द्वारा सालभर तक इसके लिए खाद, पानी और संरक्षण की पूरी व्यवस्था की जाएगी ।

विभागीय जमीन से होगी शुरुआत पौधरोपण करके शहर को हरा भरा बनाने की शुरूआत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अपनी जमीन से करेगा द्य इसके लिए विभाग पहले अपने टयूबवेल, जल घर, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से करेगा द्य इसके बाद सार्वजनिक जगह, वन विभाग की जमीन, स्कूल व पार्क जहां भी जगह मिलेगी, पौधारोपण करेगा द्य यह पौधारोपण ऐसे स्थानों पर होगा जहां पोधो के लिए पानी की उपलब्धता हों द्य इसके लिए साइट विजिट की जा रही है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने बताया कि यह केवल सरकारी अभियान मात्र नहीं है बल्कि शहर को हरा भरा बनाना है द्य इस अभियान में यमुनानगर, जगाधरी, रादौर व साडोरा को हरा भरा बनाया जायेगा।

# गांव बात्ता,बालू व मटौर में किसानों को खाद का संतुलित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग व धान की सीधी बिजाई का प्रशिक्षण देकर किया जागरूक

**कलायत, 21 मई ( सूबे सिंह मोर ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डा. बाबूलाल व उपमंडल कृषि अधिकारी डा. सतीश कुमार नारा के दिशा-निर्देशानुसार एवं डा. विजय मान बी.ए.ओ. कलायत के मार्गदर्शन में खंड के गाँव बात्ता, बालू, मटौर में खाद का संतुलित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग व धान की सीधी बिजाई तकनीक पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया।

शिविर में सहायक प्रोद्यौगिकी प्रबंधक डा. रमेश समध्यान ने किसानों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से खाद का संतुलित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत उर्वरको के संतुलित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग बारे जागरूक किया। आर. के. समध्यान बताया कि किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता की जाँच (Soil Testing) कराकर ही उचित मात्रा में यूरिया, DAP, पोटाश तथा अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए।

फसलों में ज़रूरत से अधिक डाली गई खाद की मात्रा फ़सलो में कीड़ो बीमारियों को तो आकर्सित करती ही है साथ में हमारी मिट्टी के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालती है हमे रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाली मिट्टी की बंजरता एवं पर्यावरणीय नुकसान



के प्रति सचेत रहना चाहिए। किसानों को कम उर्वरक, अधिक उत्पादन के सिद्धांत को अपनाने की सलाह दी गई। इस मोके पर डॉ जोगिंद्र सिंह BTM कलायत ने धान की सीधी बिजाई पर प्रति एकड़ 4500/- रुपए व मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत 8000/- रुपए प्रति एकड़ मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया। डॉ जोगिंद्र सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से धान की सीधी बिजाई पर प्रति एकड़ 4500/-रुपए अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर किल्ले व मुरब्बा नंबरों की सही पहचान करके जब धान सीधी बिजाई के लिए पोर्टल खुलेगा तो उसपर पंजीकरण करवाना होगा। कैथल जिले में अबकि बार धान की सीधी बिजाई के लिए 15000 एकड़ का लक्ष्य रखा गया है।

डा. राजेश मोर ने किसानों को धान की सीधी बिजाई की विधि का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि धान की सीधी बिजाई के लिए सबसे पहले खेत को कम्प्यूटरीकृत लैवलर से समतल करना होगा। उसके बाद किसान तर-वतर व सूखे में दोनों विधि से बिजाई कर सकता है।पारंपरिक रोपाई विधि के स्थान पर छ्स्क्रतकनीक को बढ़ावा दिया जाये तो इससे, पानी की बचत (30-35 प्रतिशत), श्रम लागत में कमी और समय की बचत होती है। किसानों को बीज की गुणवत्ता, बिजाई का सही समय (मानसून पूर्व) तथा खरपतवार नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डा. राकेश कुंडू कृषि पर्यवेक्षक ने किसानों को मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत कोई भी किसान जो मोटी धान को छोड़कर अन्य फसलों जैसे, कपास, मक्का, चारा को उगाएगा उसको प्रति एकड़ 8000/- रुपए अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर कृषि पर्यवेक्षक डॉ. ऋषिपाल व विवेक, फील्डमैन सुगम, प्रगतिशील किसान जोनी राणा, विनोद राणा, प्रदीप राणा संदीप नरवाल, कृष्ण, ईश्वर सिंह, रणबीर सिंह सहित सेंकडो किसान उपस्थित रहे।

# देश भगत यूनिवर्सिटी ने सेंट विंसेंट को एमबीबीएस डिग्री के साथ विश्व स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्रदान की

**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** देश भगत यूनिवर्सिटी (NAAC ग्रेड A+) ने उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप में स्थित सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन का दूसरा कैंपस स्थापित करके अपनी पहुंच का विस्तार किया है। यह नया कैंपस छात्रों को मेडिकल डिग्री (एमबीबीएस प्रोग्राम) हासिल करने का अवसर प्रदान करता है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। आज यहां मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत के दौरान, देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन के संचालन निदेशक इंजी. अरुण मलिक ने कहा कि छात्र कई कारणों से देश भगत यूनिवर्सिटी (डीबीयूए) अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन में शामिल होना चुन सकते हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को संयुक्त राज्य अमेरिका में नैदानिक रोटेशन करने के लिए मार्ग प्रदान कर सकता है, जिससे उन्हें अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में मूल्यवान अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्राप्त होगा। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन को संबंधित अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रदान की गई शिक्षा कुछ गुणवत्ता मानकों को पूरा करती है, जो भविष्य में लाइसेंस और अभ्यास के लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि एक व्यापक पाठ्यक्रम और अनुभवी संकाय गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा चाहने वाले छात्रों को आकर्षित करते हैं। DBUA अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो छात्रों को SMLE जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार करता है। कुछ अन्य देशों के मेडिकल स्कूलों की तुलना में, छ्क्र अधिक किफायती ट्यूशन दरें प्रदान करता है, जिससे चिकित्सा शिक्षा व्यापक श्रेणी के लिए सुलभ हो जाती है। इस अवसर पर बोलते हुए, इंजी. अरुण मलिक ने कहा कि अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा, आधुनिक प्रयोगशालाएँ और अच्छी तरह से सुसज्जित कक्षाएँ छात्रों के लिए एक अनुकूल शिक्षण वातावरण की तलाश करने वाले छात्रों के लिए महत्वपूर्ण आकर्षण हैं। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका यूएसएमएलई परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित सहायता और संसाधन प्रदान करता




है; यह संयुक्त राज्य अमेरिका में चिकित्सा का अभ्यास करने के इच्छुक छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण लाभ हो सकता है। DBUA से स्नातक करने वालों के पास अच्छे करियर की संभावनाएँ हो सकती हैं, चाहे वे सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, अमेरिका या अन्य अंतरराष्ट्रीय स्थानों में अभ्यास करना चुनें। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन के संचालन निदेशक इंजीनियर अरुण मलिक ने सम्मेलन के दौरान मीडियाकर्मियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन के माध्यम से सक्षम स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों का निर्माण करके एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना उनका लक्ष्य है। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्नातक न केवल अपने चिकित्सा करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करें बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका स्कूल ऑफ मेडिसिन में दाखिला लेने के महत्व पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि संस्थान की व्यापक चिकित्सा शिक्षा छात्रों के करियर को किस तरह से महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचा सकती है। मलिक ने स्कूल के कुशल स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करने पर प्रकाश डाला, जो राष्ट्र की सेवा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश भगत विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय है। यह एक ऐसा ब्रांड नाम बनाने में कामयाब रहा है जो असाधारण संकाय शक्ति और पूर्ण बुनियादी सुविधाओं के लिए जाना जाता है।

## अम्बे गैस एजैंसी ने ई-लाईब्रेरी को निशुल्क दिया गैस कनैक्शन

**तरावड़ी, 21 मई ( छाया शर्मा ) :** शहर की अम्बे गैस एजैंसी ने ई-लाईब्रेरी को निशुल्क गैस कनैक्शन दिया। ई-लाईब्रेरी को निशुल्क गैस कनैक्शन देने पर ई-लाईब्रेरी तरावड़ी में सेवाएं दे रहे मास्टर सतीश पंवार ने अम्बे गैस एजैंसी के संचालक जयपाल राणा एवं नागेंद्र राणा रिक्की का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा कदम है जो लाइब्रेरी को अपनी सेवाओं को जारी रखने में सहयोग करते हैं। मास्टर सतीश पंवार ने कहा कि गैस कनेक्शन रसोई गैस के लिए आवश्यक है, जो ई-लाइब्रेरी के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अम्बे गैस एजैंसी की तरफ से दी गई गैस कनैक्शन की सहायता ई-लाइब्रेरी को अपनी सेवाएं जारी रखने और विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने में मदद करेगी। काबिलेगौर है कि अम्बे गैस एजैंसी तरावड़ी की तरफ से समय-समय पर सामाजिक कार्यों के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। इससे पहले भी अम्बे गैस एजैंसी की तरफ से 20 जरूरतमंद महिलाओं को गैस कनैक्शन वितरित किए गए थे।

## कम्युनिटी हॉल की नारियल फोड़ कर नाम रखी

**मूनक, 21 मई ( जयभगवान ) :** दादा खेड़ा कम्युनिटी हाल का विस्तार के लिए गाँव पाढ़ा में कम्युनिटी हाल का उद्घाटन का किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गांव पाढ़ा के सरपंच प्रतिनिधि दीपक पाढ़ा ने शिरकत की। कम्युनिटी हॉल के शुभ आरंभ के लिए दीपक पाढ़ा को नारियल फोड़ कर नींव रखी। इसका उन्होंने विनम्रता से यह शुभ कार्य एक बुजुर्ग के हाथों से कराया। दीपक पाढ़ा ने बताया कि दादा खेड़े पर किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं। साथ ही उनके बडे बुजुर्ग की भी यही इच्छा थी कि उनके बच्चे भी इस नेक कार्य में भाग ले। मौके पर मौजूद दादा खेड़ा कमेटी के प्रधान माईचंद ने बताया कि इस कम्युनिटी हॉल के लिए उन्होंने हाल ही में जमीन ली थी जिसको पक्का करना जरूरी था। जिसमें दीपक ने हमारा सहयोग किया उनके लिए पूरी कमेटी धन्यवाद करती है। इस मौके पर श्रद्धालु व ग्रामीण मौजूद रहें।





# इनोवेशन करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगी फैलोशिप: दीपन साहू

**यमुनानगर, 21 मई ( दिनेश कुमार ) :** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की नवाचार इनोवेशन सेल की ओर से युक्ति इनोवेशन रिपॉजिटरीज़ का निर्माण, कैंपस विचारों का उत्पाद में रूपांतरण एवं नवाचार को बढ़ावा देने के विषय पर 20 मई को ऑनलाइन लेक्चर का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय की नवाचार प्रकोष्ठ के सहायक नवाचार निदेशक दिपन साहू ने आईआईसी व युक्ति इनोवेशन के बारे में जानकारी दी। डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल ने टीचर्स व छात्राओं के साथ इसमें ऑनलाइन भागेदारी की। मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबडा व आईसीसी कनवीनर विवेक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दीपन साहू ने नवाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं, अवसरों और उनके व्यावसायीकरण के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान यह भी बताया गया कि विभिन्न संस्थानों में आईसीसी के माध्यम से नवाचार को कैसे बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक कितने स्टार्टअप्स स्थापित हो चुके हैं और वे कितना राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं, इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से कोविड से लड़ता युवा भारत नवाचार चुनौती 2025 के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि इस चुनौती में भाग लेने के लिए टीम में 3 से 4 सदस्य हो सकते



हैं। नवाचार कम से कम प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट स्तर पर होना आवश्यक है। विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान, मेंटरशिप, फंडिंग और इनक्यूबेशन का अवसर प्रदान किया जाएगा। ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से कोविड से लड़ता युवा भारत दृ नवाचार भंडार के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि छात्र, शिक्षक एवं स्टार्टअप संस्थाएं इस पोर्टल पर अपने नवाचारों को कैसे दर्ज कर सकती हैं। पंजीकरण प्रक्रिया और विचार सबमिट करने के स्टेप्स को ऑनलाइन लाइव डेमो के माध्यम से समझाया गया, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक समय में प्रक्रिया को समझने में आसानी हुई। साथ ही अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) उत्पादिकरण फेलोशिप के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें चयनित नवाचारों को उत्पादों में बदलने के लिए विशेष मेंटरशिप, तकनीकी सहायता और सीमित अवधि के लिए फेलोशिप फंडिंग प्रदान की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया को भी चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाचारों को पोर्टल पर कैसे सबमिट करना है, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है, और चयनित फेलो को किस प्रकार की फंडिंग एवं मेंटरशिप दी जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में ममता थापर और मनिका सेठी ने सहयोग दिया।

# तनु ने बास्केटबाल में किया शानदार प्रदर्शन




**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** खेलों हरियाणा यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई से 15 मई तक पटना में किया गया। इस गेम्स में लड़कियों की बास्केटबॉल की हरियाणा की टीम ने भाग लिया और पूरे टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कोच पंकज पराशर व खिलाड़ी को बधाई व शुभकामनाएं दी है। प्रशिक्षक पंकज पराशर ने कहा कि इस बॉस्केटबाल की टीम में कुरुक्षेत्र की तनु ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि तनु पिछले 2 साल से प्रशिक्षण ले रही है इस बार उसका सिलेक्शन खेलो इंडिया यूथ गेम्स बास्केटबॉल टीम में कुरुक्षेत्र की तरफ से हुआ। जिसमें इस लडक़ी ने हर मैच में सबसे ज्यादा स्कोर बनाकर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने पहला मैच आंध्र प्रदेश को हराया, दूसरा मैच तमिलनाडु को हराया, तीसरा कर्नाटक को व चौथा पंजाब इन सबको हराकर वह अपने पूल में टॉप पर रही उसका मुकाबला सेमीफाइनल में फिर से पंजाब से हुआ उसको फिर से हराया। इस हरियाणा टीम के साथ कोच पंकज पाराशर की देखरेख में इस मुकाम को हरियाणा टीम हासिल किया।

# ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के होंगे पुख्ता इंतजाम : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का आयोजन 22 मई को लाडवा बस स्टैंड पर किया जा रहा है। इस तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। इस तिरंगा यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में हर वर्ग के लोग शामिल होंगे। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आप्रेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को




लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त ने एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों से तैयारियों की समीक्षा रिपोर्ट ली। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। यह तिरंगा यात्रा लाडवा बस स्टैंड से शुरू होकर रामकुंडी चौक, रामकुंडी चौक से मेन बाजार, संगम मार्किट,हनेरी चौक, इंद्री चौक से होती हुई रामकुंडी पर सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि रामकुंडी संस्थान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 18 अप्रैल को पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों की बलिदानियों को श्रद्धांजलि देंगे। इस तिरंगा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाएं रखेंगी। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त किए जाए। इस तिरंगा यात्रा को लेकर किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया, डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, डीएसपी सुनील कुमार, डीआईओ संतोष शर्मा, डीएसओ मनोज कुमार, पीओआईसीडीएस बलजीत कौर, जीएम रोडवेज शेर सिंह सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : शेर प्रताप शेरी

**असन्ध, 21 मई ( दलसिंह मान ) :** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाधी का भारत में कंप्यूटर क्रांति लाने में अहम योगदान रहा है जिसकी बदौलत आज देश ने इस क्षेत्र में काफी उन्नति कर ली है।



उपरोक्त विचार हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने करनाल रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश को बुलंदियों तक पहुंचाने का काम किया और उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने किसी एक क्षेत्र विशेष के उत्थान के लिए प्रयास नहीं किया, बल्कि हर वर्ग और हर क्षेत्र को विकसित करने का काम किया था। जिसकी बदौलत आज देश विकासशील देशों में अग्रणी स्थान पर है। देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार दिलाया। इस अवसर पर टीलू राणा, डॉ मांगे राम हुड्डा, सिराजुद्दीन दूपेड़ी, श्याम पाल रोहिल्ला, सुकरमपाल सिंधड, अमृत सिंह, बलजिंदर सिंह, तेजी बस्सी, मंगली राम शर्मा, अजय उपलानी, रिषि शर्मा, सुरजीत मलिक, ईश्वर शर्मा, निशाबर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान हिसार के वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर का किया विमोचन

**हिसार, 21 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** हरियाणा पशुपालन विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विजय सिंह दहिया ने हिसार के प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर का विमोचन किया। वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर में संस्थान में अलग-अलग विषयों पर 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम, अन्य संस्थानों के सहयोग से 5 प्रशिक्षण कार्यक्रम, 10 विभिन्न विषयों पर ऑनलाइन/वेबिनार प्रशिक्षण कार्यक्रम, पशु चिकित्सकों की एक वर्कशॉप और संस्थान के फैकल्टी सदस्यों के लिए विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एच.वी.टी.आई. द्वारा आयोजित वेबिनार प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बर्ड फ्लू व आयुर्वेद आधारित पारंपरिक पशु चिकित्सा मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यस्थल योग्यता, तनाव प्रबंधन, नैतिकता और व्यक्तिगत विकास संबंधी प्रशिक्षण यह संस्थान विशेष रूप से आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि यह संस्थान पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा पशुधन विकास सहायकों के लिए पूरे वर्ष विभिन्न रिफ्रेशर पाठ्यक्रम, ब्रिज कोर्स और इंडक्शन कोर्स आयोजित करता है ताकि उनके मध्य करियर कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके। प्राथमिक ध्यान च्करके सीखनेच् पर है, जिसमें सरकारी पशुधन फार्मों और गोसदन से पशुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ सुखदेव राठी व फैकल्टी सदस्य डॉ राजीव बांगड ने बताया कि हरियाणा सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने पशु चिकित्सकों के मध्य-कैरियर कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से मई 2001 में हिसार में प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कृषि एवं मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत विश्व बैंक सहायता से की गई। आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि



पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा सहायक के अलावा, संस्थान राज्य पशुपालन विभाग के उप निदेशकों और उप-मंडल अधिकारियों के लिए तकनीकी और प्रशासनिक प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह विभाग के पशु चिकित्सा सर्जनों के लिए पशुपालन कार्यशालाओं का भी आयोजन करता है।

**वर्ष 2024-25 में विभाग के 1666 अधिकारियों व कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित**

प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थान से डॉ रविंदर सैनी व डॉ रामकरण ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में एचवीटीआई ने कुल 41 प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हरियाणा के सभी 22 जिलों से विभाग के 1666 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**अन्य प्रसिद्ध संस्थानों के सहयोग से भी दिया जाता है प्रशिक्षण**

यह प्रशिक्षण संस्थान राष्ट्रीय संस्थानों और राज्य पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों के साथ भी सहयोग करता है। जिसमें केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान हिसार, एक्सटेंशन शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार और राष्ट्रीय सूअर अनुसंधान केंद्र, गुवाहाटी, असम के साथ सहयोग कर प्रशिक्षण करवाता है। उन्होंने बताया कि संस्थान ने भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित दो कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन भी किया है। जिसमें हिमीकृत वीर्य प्रबंधन और पशु प्रजनन स्वास्थ्य प्रबंधन शामिल है। इस अवसर पर महानिदेशक, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग डॉ प्रेम सिंह, प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ सुखदेव राठी व फैक्ल्टी सदस्य डॉ राजीव बांगड, डॉ रविन्द्र सैनी और डॉ रामकरण मौजूद रहे।

# भाजपा नेता कैलाश भक्त 60 वर्ष पूर्व बनी संस्था श्री गीता भवन मंदिर सभा के आठवीं बार अध्यक्ष चुने गए

**कैथल, 21 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** कैथल में पंजाबी बिरादरी की लगभग 60 वर्ष पूर्व बनी श्री गीता भावन मंदिर सभा के पहली बार चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश भक्त आठवीं बार प्रधान निर्वाचित हुए। पहली बार हुए चुनाव में कैलाश भक्त ने सुभाष चुघ को मतों से पराजित किया और आज हुए चुनाव में 339 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। गिनती में 5 वोट रद्द किये गए। कैलाश भक्त को 274 वोट मिले, जबकि सुभाष चुघ को 60 वोट मिले। कुल डाली गए 339 वोटों में से पांच वोट रद्द हुए। इस प्रकार कैलाश भक्त ने 214 वोट से जीत हासिल कीं उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता कैलाश भक्त सात बार लगातार इस संस्था के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाते रहे है। कैथल की श्री गीता भावन मंदिर सभा लगभग 60 वर्ष पूर्व 1966 में बनी थी। इस संस्था के कुल 409 सदस्य



है। गीता भावन सभा के 5 सदस्यों ने कैलाश भक्त को 2004 से 2025 तक इस संस्था का बिना चुनाव के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना जाता रहा। संस्था के वरिष्ठ सदस्य अशोक भारती ने बताया कि 1966 में बनी श्री गीता भवन मंदिर सभा कैथल के पहले अध्यक्ष स्वर्गीय लाला हुक्म चंद सिक्का, उनके बाद स्वर्गीय लाला भगवान दास और फिर 1999 से 2004 तक स्वर्गीय लाला सेवा राम नारंग इस सभा के चार बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष रहे। श्री गीता भवन मंदिर सभा के अध्यक्ष भाजपा नेता कैलाश भक्त चुने जाने पर सभा के सदस्य और नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। कैलाश भक्त ने कहा कि यह बिरादरी की सेवा का चुनाव है।

# पीयूष मुनि जी महाराज तपस्वी-त्यागी एवं समाज सुधारक संत हैं : जयवीर शेरगिल

**इंद्री, 21 मई ( बिशपाल राणा ) :** देश के जाने-माने न्यायविद् तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में पहुंचकर श्री घंटाकर्ण देवता तथा गुरुदेव श्री मनोहर समाधि मंदिर का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने वर्तमान प्रेरक श्री पीयूष मुनि जी का भी दर्शन करते हुए उनसे वार्ता करने के उपरांत मंगल



आशीष लिया। जयवीर शेरगिल ने श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल का अवलोकन कर यहां दी जा रही स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को सारे इलाके के लिए वरदानस्वरुप और हस्पताल में निकट भविष्य में सी टी स्कैन, चर्म रोग, कैंसर रोग तथा 24 घंटे आपात सेवा यूनिट द्वष्ट प्रारंभ किए जाने को सुखद समाचार बताया। उन्होंने श्री आत्म मनोहर जैन वैलनेस सेंटर में चारमंजिला वातानुकूलित भवन में योग्य चिकित्सकों के दिशानिर्देशन में रोगों से छुटकारा दिलाकर निरोगता सुनिश्चित करने हेतु प्राकृतिक चिकित्सा की विविध विधाओं की उपचार सुविधा सहित जकुजी, भाप उपचार, मिट्टी पट्टी उपचार, आंतशोधन, मालिश, शिरोधारा, अनीमा आदि की उपलब्धता को उत्तर हरियाणा और जी टी रोड बैल्ट के लिए बहुत बड़ा वरदान बताया। उन्होंने इन सभी सेवा प्रकल्पों के प्रेरणास्त्रोत श्री पीयूष मुनि जी को तप-त्याग की प्रतिमा के साथ समाजसेवी, समाजसुधारक संत के रूप में सम्मान दिया। मंदिर प्रबंधन की ओर से वाइस चेयरमैन सुशील जैन, (द ईडन) सोनीपत मेयर राजीव जैन, पूर्व मंत्री कविता जैन इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# विधायक ने मूनक से पक्का खेड़ा मोड़ तक की सड़क का किया उद्घाटन

**मूनक, 21 मई ( जयभगवान ) :** मूनक से पक्का खेड़ा सड़क कई वर्षों से टूटी होने के कारण ग्रामीणों को बड़ी भारी



समस्या का सामना करना पड़ रहा था। यह सड़क कई वर्षों से टुटी हुई थी। असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने इस सड़क का उद्घाटन कर लोगों के मन मोह लिया है। मूनक और इससे सड़क पर लगने वाले गांव में इस बात की चर्चा है कि विधायक ने उनकी सुध ली। यह सड़क 14 किलोमीटर लंबी है। यह मूनक से पक्का खेड़ा मोड़ तक तैयार की जाएगी। इसकी चौड़ाई 5:30 मीटर की होगी। यह 5 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से लगभग 6 महीने में तैयार हो जाएगी। पीडब्ल्यूडी विभाग के संजीव कुमार तंवर ने बताया कि यह सड़क कहीं जगह से नीचा है उसको ऊंचा किया जाएगा। बाकी को इस ऊंचाई पर रखकर सड़क को मजबूत बनाया जाएगा। इसका कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश, समाजसेवी प्रवीण राणा, बाबा धूनी दास, मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित राणा, शक्ति पंच, दलवीर, तीजों देवी, नितिन राणा गांव के सैकड़ो ग्रामीण व पंचायत मौजूद रही।

# गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए 30 मई तक चलेगा विशेष ई-श्रम पंजीकरण अभियान

**हिसार, 21 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** भारत सरकार के रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण हेतु 30 मई तक जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक श्रमिक, ई-मार्केट सर्विस, प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, ट्रैवल व हॉस्पिटैलिटी श्रमिक, कंटेंट एवं मीडिया सर्विस सहित अन्य सर्विस प्रोवाइडरों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस अभियान के तहत जिले के सभी पात्र गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पंजीकृत श्रमिकों को वैध ई-श्रम कार्ड प्राप्त होगा, जो उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा और अन्य लाभों के लिए पात्र बनाएगा। यह पहल भारत सरकार का



असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सशक्त बनाने और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस अभियान के माध्यम से श्रमिकों को स्वास्थ्य दुर्घटना बीमा और जीवन बीमा सहित विभिन्न बीमा योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिरता में सुधार होगा। उप श्रम आयुक्त शशि बाला ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को वित्तीय सहायता, बेहतर कामकाजी परिस्थितियां और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। यह पहल हरियाणा के आर्थिक विकास में श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करेगी। जिले में श्रम विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इस योजना का लाभ उठा सकें। श्रमिकों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14434 पर संपर्क किया जा सकता है। जिले के श्रम विभाग कार्यालय में आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध है। उप श्रम आयुक्त शशि बाला ने सभी पात्र गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और 30 मई से पहले अपना पंजीकरण पूर्ण करें। यह अभियान श्रमिकों के कल्याण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सोहाना धरने पर गरजे निसिंग ब्लॉक के किसान

## *निसिंग ब्लॉक के भाकियू कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए पहुंचे धरने पर, बढ़ाया हौंसला*

## *सोहाना धरने ने आठवें दिन में किया प्रवेश*



**करनाल, 21 मई ( रविन्द्र ) :** गांव सोहाना के रकबे में भारतीय किसान यूनियन( भाकियू) के बैनर तले चल रहा धरना आठवें दिन में प्रवेश कर गया है। गत आठ दिनों से करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर सोहाना गांव के रकबे में लगातार अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। आंदोलनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक शासन व प्रशासन की ओर से कोई भी प्रतिनिधि ग्रामीणों की औपचारिक तौर पर सुध लेने नही पहुंचा है। जिसकों लेकर ग्रामीणों रोष बढने् लगा है। वीरवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक विकास खंड निसिंग इकाई से जुड़े एक बड़े जत्थे ने सोहाना धरना पर पहुंचकर जोरदार ढ़ंग से नारेबाजी करते हुए धरने में शामिल हुए। जत्थे की अगुवाई भाकियू के व्योंवृद्व किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, प्रधान रामफल नरवाल नरूखेड़ी तथा राजबीर मान घौघड़ी पुर ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर भाकियू प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान ने धरने को विशेष तौर पर संबोधित किया। कल 22 जून को तय कार्यक्रम के तहत ब्लॉक असंध क्षेत्र से सोहाना धरने पर अपना समर्थन देने के लिए जत्था पहुंचेगा। भाकियू के बैनर तले सोहाना गांव के रकबे में चल रहा धरना आठवें दिन में प्रवेश कर गया है। भाकियू नेताओं ने अपने संबोधन में आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन ी और से रास्ते की मांग को लेकर चल रहे धरने की पूर्ण रूप से अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक करनाल रिंग रोड़ पर रास्ता बनाए जाने की मांग को पूरा नहीं किया जाता तब तक शांति पूर्ण तरीके से ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहेगा। जत्थे में भाकियू महासचिव राजेंद्र राणा, किसान नेता शमशेर नरवाल, भरतरी मान, जयपाल शर्मा, रणबीर कतलाहेड़ी, पूर्ण सिंह, हवा सिंह खेड़ी नरू,जोगिंद्र नरवाल, गुलजार सिंह सहित कई भाकियू कार्यकर्ता शामिल रहे।

## राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान में पेय पदार्थ व मिक्सोलॉजी पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद से राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान ज्योतिसर में पेय पदार्थ व मिक्सोलॉजी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

1912 में स्थापित एक विश्व प्रसिद्ध फ्रांसीसी कंपनी मोनिन सिरप से मैनेजर महावीर सिंह और रोमेश भंडारी इनोवेशन मिक्सोलॉजिस्ट द्वारा कार्यशाला का संचालन किया गया। प्रिंसीपल इंचार्ज डॉ. अनिल लखेरा ने संसाधन व्यक्ति का स्वागत किया और प्रतिभागियों को मोनिन पेय पदार्थों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी। प्रतिभागियों ने मोनिन के पेय पदार्थों के सिरप और फ्लेवर की विस्तृत श्रृंखला के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, और पेय पदार्थ निर्माण और मिक्सोलॉजी तकनीकों में नवीनतम रुझानों को सीधे उद्योग विशेषज्ञों से सीखा। इस कार्यक्रम में आईएचएम कुरुक्षेत्र के छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सौरभ मोदी, वरिष्ठ व्याख्याता योगेश सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता अशोक कुमार उपस्थित थे।

## नगर निकाय की तरफ से पिपली बस स्टैंड और लाडवा रोड पर चलाया सफाई अभियान



**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद व नगर पालिका की तरफ से पिपली बस स्टैंड व लाडवा रोड पर विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। इस स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा। अहम पहलू यह है कि डीएमसी की तरफ से स्वच्छता की निगरानी के लिए विभिन्न अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि 21 मई से लेकर 31 मई तक विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक व आईईसी एक्सपर्ट विरेन्द्र के साथ स्वच्छता की निगरानी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह टीम 21 से लेकर 31 मई तक अपने निर्धारित शैडयूल के अनुसार स्वच्छता पर निगरानी रखेगी और अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता निगरानी टीम में कार्यकारी अधिकारी, सचिव, कार्यकारी अभियंता, लेखा अधिकारी,पालिका अभियंता 1, पालिका अभियंता 2 की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता अभियान को पिपली बस स्टैंड और लाडवा रोड से शुरू किया गया है। यह अभियान नगर परिषद के ईओ राजेश कुमार की देख रेख में चलाया गया है।

## बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**करनाल, 21 मई ( सुनील कुमार ) :** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता नसीब सिंह ने बताया कि 22 मई को प्रात: 11 बजे राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कॉन्फ्रेंस हाल में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम रोहतक के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिजली संबंधी समस्याओं का स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है, वे फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

## स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा अवैध देशी पिस्तौल सहित आरोपी काबू

**कैथल, 21 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना सीवन क्षेत्र से एक आरोपी को एक अवैध देशी पिस्तौल सहित काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी देवेंद्र सिंह की टीम को गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि सीवन से सोथा रोड़ पर तकिया वाला कुआं सीवन निवासी सौरभ उर्फ स्टार नामक युवक किसी व्हीकल के इंतजार में खड़ा है, जो अपने साथ अवैध देशी पिस्तौल लिए हुए है। जिसे तुरंत दबिश देकर काबू किया जा सकता है।

सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस द्वारा सीवन से सोथा रोड़ पर दबिश देकर संदिग्ध सीवन निवासी सौरभ उर्फ स्टार उपरोक्त को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना सीवन में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज करके एएसआई तरशेम कुमार द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी व ऐंचला गांव से बड़ी लाइन की तार चोरी

**मूनक, 21 मई ( जयभगवान ) :** बाल राजपूताना के खेत से एक किसान के ट्रांसफार्मर का कीमती सामान अज्ञात चोरों ने चोरी करने का मामला सामने आया है। जिसमें सोना देवी बाल राजपूताना ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके टेबल पर लगे ट्रांसफार्मर का कीमती सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत 70,395 बताई। दूसरी स्थान पर ऐंचला गांव एपी लाइन की बिजली की तार चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसमें विद्युत विभाग उप मंडल जुंडला के द्वारा पुलिस को शिकायत दी कि 11के वी की लाइन से बिजली की तार चोरी हो गई। जिनकी कीमत लगभग 42684 रुपए बताया गया।

# गांव सजुमा में युवक की हत्या करने की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करते हुए सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 आरोपी काबू




**कैथल, 21 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** गांव सजुमा में युवक की हत्या करने की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सफलतापूर्वक सुलझाते हुए सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सजुमा निवासी कर्मचंद की शिकायत अनुसार 15 मई को उसकी मौसी का लड़का जयपाल मेहनत मजदूरी करने के लिए सुबह घर से निकला था। जो शाम तक भी घर नहीं आया।

अगली सुबह उन्हे सूचना मिली की जयपाल बस अड्डा वाली जगह खाली प्लाट में बेहोश पड़ा है, जिसके सिर व मुंह पर चोट लगी हुई है। जिसको वहां जाकर चेक किया तो उसकी मौत हो चुकी थी। शिकायत अनुसार 2 व्यक्तियों पर शक जाहिर किया गया था। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा मामले की जांच सीआईए-1 को सौंपकर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए थे। आदेशों पर खरा उतरते हुए सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव सजुमा निवासी रमेश उर्फ बोला व बलकार उर्फ कटारी को गांव सजुमा से काबू कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि गांव के ही महेंद्र व तोता ने मृतक के साथ शाम के समय शराब पी थी शिकायत में उनपर शक जाहिर किया गया था। सीआईए-1 पुलिस द्वारा सारे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच की गई। मामले में खुलासा हुआ कि साथ में शराब पीने वाले महेंद्र व तोता शराब पीने उपरांत उक्त स्थान से चले गए थे तथा जयपाल वहीं उक्त प्लाट में शराब के नशे में धुत लेटा हुआ था। वहां पर आए रमेश व बलकार द्वारा जयपाल को देखा गया तथा उसके पास जाकर वहां पड़ी इंटो से उसको सिर व अन्य जगह पर चोटे मारी तथा फरार हो गए। चोटो कारण जयपाल की मृत्यु हो गई।

# सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा कर चार दिनों में ही पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया : विकास शर्मा



**बाबैन, 21 मई ( राजेश कुमार ) :** भारतीय सेना के सम्मान में लाडवा में आयोजित की जा रही ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा को लेकर बाबैन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल बाबैन के प्रधान विकास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मंडल बाबैन के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि 22 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लाडवा शहर में ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह तिरंगा यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन किया जाएगा, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा की और चार ही दिनों में पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया।

यात्रा में उन माताओं को भी प्रणाम किया जाएगा, जिन्होंने ऐसे वीर सैनिको को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि 22 मई को सुबह 9 बजे लाडवा बस स्टैंड से ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो लाडवा के बाजारों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यात्रा शुरु करने से पहले उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे व उसके बाद तिरंगा यात्रा की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि उपस्थित लोगों को इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आतंक के विरुद्ध हमेशा एकजुट खड़े रहने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में निकाली जाएगी जिसमें लाडवा के अलावा आसपास के गांवों के हजारों नागरिक हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा के अलावा रिंकू कश्यप, अनिल टाटकी, भीम बेरथला, दुनी चन्द टाटका, संजीव सिंगला, नायब पटाकमाजरा, कौशल सैनी, डिम्पल सैनी, सुभाष कसीथल, अजय सिंगला, बख्तावर सिंह, प्रवीण पांचाल, प्रदीप बिन्ट, जगमाल नम्बरदार, संजीव सैनी सुरजगढ़, मेजर सिंह विर्क, नरेन्द्र गोजरे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# अष्टदिवसीय रंग रंगीला 53वां श्री श्याम महोत्सव हाँसी में 25 मई से 1 जून तक : जगदीश राय मित्तल

*श्याम जागरण में भजन गायक कैन्हया मित्तल, सौरभ शर्मा व परविन्द पलक, एक शाम सांवरे के नाम : भजन गायिका पूनम दीदी*



**हांसी, 21 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** कलयुग के अवतार श्री श्याम प्रभु की विशेष अनुकप्पा से श्री श्याम मन्दिर, हांसी का अष्टद दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का 25 मई से 1 जून तक भव्य का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम तोरण द्वार से मन्दिर तक विशेष इलेक्ट्रिकल लाइट से सजाया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को श्याम भवन में एक पत्रकार वार्ता में संस्था के प्रधान जगदीश राय मित्तल ने दी। इस मौके पर समाजसेवी विनय जैन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, लक्ष्मीकान्त गर्ग उर्फ लिच्छु, गौरव जैन (ट्राफी वाले), राकेश व प्रवक्ता राघव गोयल के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे। प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि 25 मई को अखंड ज्योत प्रज्जवलित शहर के प्रमुख समाजसेवी अजय व कमल कम्बरी करेंगे। 26 मई को श्री श्याम नाम की मेहन्दी कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका सुनीता जैन करेगी। 27 मई को शहर के मुख्य बाजारों से भव्य कलश यात्रा की अध्यक्षता दिल्ली से श्रीमती सुरेखा व अरुण मित्तल बागड़ी साड़ी वाले करेंगे। 28 मई भव्य निशान यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीआई फोर्ट के संरक्षक विजय गोयल व राम अवतार गोयल करेंगे। 29 मई हरिनाम नगर संकीर्तन बहादुरगढ़ रोहतक व हिसार इस्कान वाले करेंगे। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की अध्यक्षता राघव शर्मा प्रधान, सीताराम परिवार सेवा समिति करेंगे 30 मई श्री श्याम रथ सवारी की अध्यक्षता श्याम प्रेमी श्रीमती ज्योति मनोज चोपड़ा करेगी। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्री श्याम जागरण 31 मई शनिवार को फूलचन्द्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में होगा। इस बार भजन गायक कैन्हया मित्तल चण्डीगढ़ , कोलकता सौरभ शर्मा, जयपुर सोमानी, नरेश म्यूजिक ग्रुप व फतेहबाद से परविंदर पहली बार आ रही है। इस कार्यक्रम के मुख अतिथि सुशील भड़ाना ग्रीन बेली पार्क, ज्योत प्रज्जवलन राकेश बंसल/ जिनेन्द्र जिंदल व दिल्ली से सरपरस्त प्रतीक गोयल केडियों वाले होगें। मित्तल ने बताया कि अध्यक्षता विनोद भयाणा व अन्य अतिथि एडवोकेट मनोज जैन व संरक्षक ओपी गुप्ता होगे। एक शाम सांवरे के नाम 1 जून भजन गायिका दीदी पूर्णिमा आ रही है। समारोह के मुख्य अतिथि जयपाल गोयल कोटा वाले व अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमन शर्मा के अलावा शहर के प्रमुख समाजसेवी सरपरस्त लक्ष्मी कान्त गर्ग व मदन मोहन सेठी भी पहुँच रहे है।

## तीन दिन बाद भी नही लगा बैंक में सेंध लगाने की वारदात में कोई सुराग



**तरावड़ी, 21 मई ( छाया शर्मा ) :** बीते दिनों तरावड़ी शहर की अनाज मंडी में स्थित पंजाब नैशनल बैंक में सेंधमारी की वारदात में तीन दिन बाद भी कोई सुराग हाथ नही लगा है। सिवाए सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगालने के अलावा पुलिस के हाथ इस मामले में खाली है। अनसुलझी सेंधमारी की वारदात को सुल्झाने के लिए पुलिस ने तरावड़ी शहर की अनाज मंडी के गेट के पास, पी.एन.बी. बैंक की शाखा के अलावा आसपास लगे सी. सी .टी.वी. कैमरों की फुटेज भी खंगाली, बावजूद इसके सेंधमारी की वारदात को अंजाम देने वाला अज्ञात चोर अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। तरावड़ी थाना पुलिस का कहना है कि पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। अज्ञात चोर ने किस तरह से दीवार को तोड़ा और किस तरफ से वह बैंक के पीछे वाली जगह पर दाखिल हुआ, इस मामले में गहनता से जांच की जा रही है। काबिलेगौर है कि रविवार की देर रात तरावड़ी अनाज मंडी में पंजाब नैशनल बैंक की तरावड़ी शाखा में चोरी की वारदात हुई थी। सी.सी.टी.वी. कैमरे की फुटेज में दिखाई दे रहे एक आरोपी ने दीवार तोड़कर सेंधमारी की और बैंक में ए.टी.एम. समझकर प्रिंटर मशीन तोड़ दी थी। तरावड़ी थाना पुलिस ने इस मामले में बैंक अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस को बैंक के पीछे पड़ी खाली जगह से प्रिंटर मशीन से जुड़ी कोई चीज भी बरामद हुई थी। इधर तरावड़ी थाना प्रभारी नसीब सिंह का कहना है कि पुलिस जल्दी ही बैंक की वारदात का खुलासा करेगी। अभी इस मामले में गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने आसपास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों की भी फुटेज खंगाली है।

## रा.व.मा. विद्यालय प्रहलादपुर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत

**बाबैन, 21 मई ( राजेश कुमार ) :** रा.व.मा. विद्यालय प्रहलादपुर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्कूल के प्रिंसिपल माया रानी ने बताया कि स्कूल के सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे



अंक लेकर परिक्षा पास की। उन्होंने बताया कि स्कूल के 13 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान हासिल किया जिसमें पारूल पूत्री फूल सिंह ने 452 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया कृष पूत्र रजविंद्र कुमार ने 451 अंक लेकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही प्रीती पूत्री कर्मबीर ने 439 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही दसवीं कक्षा में उदय पूत्र केहर सिंह ने 450 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया तुषार पूत्र सुखबीर ने 436 अंक लेकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही रमन पूत्र महिंद्र सिंह ने 429 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही प्रिंसिपल माया रानी ने कहा कि स्कूल के बच्चों की शानदार सफलता पर हम अपने बच्चों, अध्यापकों और बच्चों के अभिभवकों को बधाई देते हैं जिन्होंने हमें हर क्षेत्र में सहयोग दिया जिसके फलस्वरूप स्कूल का शानदार परिणाम रहा।

## रेलवे लाइनों को पार करते अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत



**यमुनानगर, 21 मई ( संजीव कुमार ) :** यमुनानगर में बाईपास पुल के नजदीक रेलवे लाइनों को पार करते हुए एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर ट्रॉमा सेंटर के शव ग्रह में 72 घंटे की शिनाख्त के लिए रखवा दिया। फिलहाल पुलिस अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बुधवार को अधिक जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात को स्टेशन से मिली मीमो के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे लाइनों के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है। उसका कद 5 फुट 5 इंच, तंबूतरा चेहरा, शरीर पर सफेद टी शर्ट है जिस पर नाइक लिखा है और उसके दाएं हाथ पर स्टार बना हुआ है। शव की शिनाख्त न होने के चलते शव को 72 घंटे के लिए ट्रामा सेंटर में। रखवा दिया गया है। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्र में मृतक की पहचान करने में जुटी है।

## कस्टम हायरिंग पर लेजर लेवलर द्वारा करवाएं खेत को समतल

**करनाल, 21 मई ( सुनील कुमार ) :** सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में किसानों के खेत को समतल करने के लिए कस्टम हायरिंग पर लेजर लेंड लेवलर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जो किसान अपने खेत को समतल करवाना चाहते हैं वे किसान न्यूनतम राशि 1075 रुपये (10 घंटे) की दर से सहायक कृषि अभियन्ता (मुख्यालय) हरियाणा पंचकूला के खाते में चालान के माध्यम से जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि लेजर लेवलर चलाने के लिए चालान सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में बनाया जाएगा। चालान जमा करवाने के बाद चालान की प्रति, आवेदन व शपथ पत्र सहित सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि लैवलिंग का कार्य वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा। खेत को समतल करवाने के लिए ट्रैक्टर द्वारा खर्च डीजल किसान द्वारा वहन किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सहायक कृषि अभियंता, उचानी के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## बाइक चोरी मामले में चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा 2 आरोपी काबू, 6 चोरीशुदा बाइक बरामद



**कैथल, 21 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** दुपहिया वाहन चोरो पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा 2 आरोपियों को काबू करके 6 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मलकाना पत्ती समाना पंजाब निवासी सुनील की शिकायत अनुसार 6 अप्रैल को वह माईसर मंदिर महमुदपुर में माथा टेकने के लिए अपनी बाइक पर आया था। जहां से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक सहित एक अन्य व्यक्ति धरमिंद्र की बाइक चोरी करके ले गया। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई राजेश कुमार की अगुवाई में एचसी मंगल सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी समाना पंजाब निवासी साहिल प्रीत तथा शहजादपुर जिला पटियाला निवासी मंदीप सिंह को काबू कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपियों के कब्जे से उक्त मामले में चोरी की गई धरमिंद्र की बाइक सहित चोरीशुदा 5 अन्य बाइक बरामद की गई। जो एक बाइक चीका से व 4 बाइक पंजाब से चोरी होनी पाई गई है। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## वर्ष 2021 दौरान के फौज में नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए हड़पने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल, 21 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** फौज में नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी कॉल लेटर जारी करने के एक मामले में थाना कलायत पुलिस के एएसआई मंजीत सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांधी नगर करनाल निवासी सुरेंद्र को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बडसीकरी खुर्द निवासी राममेहर की शिकायत अनुसार वर्ष 2018 में उसके ही गांव के नफे सिंह ने उसको कहा कि वह फौज में नौकरी लगवाने का काम करता है और वह उसके भाई संदीप को फौज में नौकरी लगवा सकता है। मैंने उसके झांसे में आकर एक अन्य व्यक्ति करनाल निवासी सुरेंद्र को 5 लाख रुपए तथा नफे सिंह को 2 लाख रुपए दे दिए। आरोपियों द्वारा उसके भाई संदीप को फौज में नौकरी लगने के फर्जी लेटर भेजे। जो उपरोक्त आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत फौज में नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 7 लाख रुपए हडप कर धोखाधड़ी की। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी सुरेंद्र उक्त मामले में अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर था। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 7 मई 2025 को पीओ घोषित किया गया था। आरोपी सुरेंद्र पहले ही धोखाधडी के एक अन्य मामले में जिला जेल करनाल में बंद था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खेत में काम कर रहे व्यक्ति के साथ पड़ोसी ने की मारपीट

**मूनक, 21 मई ( जयभगवान ) :** एक व्यक्ति अपने खेत में काम कर रहा था कि उसके साथ खेत के पड़ोसियों ने मारपीट करने का मामला बल्ला चौकी में आया। जिसमें नवीन अजय निवासी बल्ला ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह अपने खेत मे काम कर रहा था। हमारे खेत के पडोसी गुरजीत व उसका चाचा सुमेर दोनों ने मिलकर लडाई झगड़ा किया। जिसमे हमें बहुत गम्भीर चोटे आई हुई है। इस मारपीट में हमारा फोन टूट गया व डडे की मार से फेक्कर आया हुआ है। कान मे चोट आई हुई है। जिसके लिए करनाल रेफर हुआ है।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना से सैकड़ों परिवारों को मिल रही मदद : पार्थ गुप्ता

**यमुनानगर, 21 मई ( दिनेश कुमार ) :** हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है। यह जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सहायता देना है जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आवश्यक धनराशि जुटाने में सक्षम नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जहां शादी के खर्च को उठाना मुश्किल होता है। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्गों के लिए अनुदान राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति और विमुक्त जाति के लाभार्थियों



(जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके साथ ही, विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाएं और उनके बच्चों के लिए भी 51,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत महिला खिलाडियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) के विवाह पर भी 41,000 रुपये की मदद दी जाती है। यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 रुपये की अनुदान राशि मिलती है, जबकि अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। डीसी ने यह भी बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को अपनी बेटी के विवाह के छह माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का किया अंतिम प्रकाशन : नेहा सिंह

**कुरूक्षेत्र, 21 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव व उप चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम प्रकाशन किया गया। जिला में पंचायती राज संस्थाओं के तहत 30 पद खाली हैं, इनमें एक सरपंच, दो पंचायत समिति सदस्यों और 27 पंच पद शामिल हैं।

इन मतदाता सूचियों को ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषद, खंड कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कुरुक्षेत्र, उपायुक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है।

उन्होंने कहा कि साथ ही समस्त राजनैतिक पार्टियों को अंतिम रूप से प्रकाशित की गई मतदाता सूचियों की एक-एक प्रति सीडी सहित पहुंचाई गई है और जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अनुबंधों के तहत पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव व उप चुनाव 2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा पंचकूला द्वारा 11 अप्रैल को खंड पिहोवा, इस्माइलाबाद, थानेसर, लाडवा, बाबैन, शाहबाद, पिपली सहित जिला कुरुक्षेत्र की ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति की वार्डवार मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा पंचकूला द्वारा प्रारम्भिक प्रकाशन के बाद प्रोग्राम जारी करके मतदाता सूचियों में दावा, आपत्ति और अपीलों को मांगा गया था और उनका निपटान करने के बाद अब खंड पिहोवा, इस्माइलाबाद, थानेसर, लाडवा, बाबैन, शाहबाद, पिपली सहित जिला कुरुक्षेत्र की ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति की वार्डवार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया।

उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र 24 मई से 30 मई तक सुबह 10 बजे से 3 बजे तक (25 मई रविवार व 29 मई राजपत्रित अवकाश को छोडक़र), 31 मई को 10 बजे के बाद नामांकन पत्र की छंटनी का कार्य होगा, 2 जून को 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिया जा सकता है व 2 जून को ही 3 बजे के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी और 15 जून को 8 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि मतदान समापन के बाद ही मतगणना का कार्य किया जाएगा। अगर किसी जगह पर रिपोल की जरूरत हुई तो उसके लिए 17 जून निर्धारित किया गया है।

जिला में कहां पर कौन-सा पद खाली

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में पंचायती राज संस्थाओं के तहत 30 पद खाली हैं, इनमें एक सरपंच, दो पंचायत समिति सदस्यों और 27 पंच पद शामिल हैं।

गांव जिरबड़ी में सरपंच पद, लाडवा की पंचायत समिति सदस्य के वार्ड नंबर 15 और थानेसर पंचायत समिति के वार्ड नंबर 4 के पद खाली हैं। गांव अंथेरी में पंच का वार्ड नंबर 4, अटल नगर में पंच का वार्ड नंबर 2 और 7, खेड़ी गदियां में पंच का वार्ड नंबर 2, 3 और 4, गांव जिरबड़ी में पंच का वार्ड नंबर 3 और 7, सुधपुर में पंच का वार्ड नंबर 3, राम नंबर (ओ) में पंच का वार्ड नंबर 6, सुलतानपुर में पंच का वार्ड नंबर 3, झीवरेहड़ी में पंच का वार्ड नंबर 5, थांदडा में पंच का वार्ड नंबर 2, सिंगपुरा में पंच का वार्ड नंबर 4, दिवाना में पंच का वार्ड नंबर 10, शाहपुर में पंच का वार्ड नंबर 2 और 3, मुकीमपुर में पंच का वार्ड नंबर 2, अभिमन्युपुर में पंच का वार्ड नंबर 18, बचगांव में पंच का वार्ड नंबर 6, सनहेडी खालसा में पंच का वार्ड नंबर 6, समसीपुर में पंच का वार्ड नंबर 3, भैंसी माजरा में पंच का वार्ड नंबर 5, हथीरा में पंच का वार्ड नंबर 3, रामनगर-112 में पंच का वार्ड नंबर 3, सैनी माजरा में पंच का वार्ड नंबर 6, बींट में पंच का वार्ड नंबर 3 के पद खाली हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किए पुष्प अर्पित



**करनाल, 21 मई ( संदीप रोहिला ) :** कांग्रेस सेवादल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यकर्ताओं ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। इस मौके पर जिला प्रधान अनिल शर्मा, ग्रामीण जिला प्रधान मदन राणा व प्रदेश प्रवक्ता ललित अरोड़ा ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी एक ऐसे कर्मयोगी रहे हैं, जिनकी जीवन यात्रा में मानवता, सहजता, सरलता, निष्छलता के कई मुकाम रहे हैं। राष्ट्रहित उनके चिंतन के केन्द्र में था। सर्वधर्म सद्भाव उनके मानस में रचा-बसा था। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव की यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने समाज को नई दिशा देने का काम किया। कम्पयूटर युग उन्हीं की देन है। इस अवसर पर उपप्रधान बलजीत चौहान, ईशम सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता ललित अरोड़ा, जिला प्रवक्ता दीपक चौधरी, जिला महासचिव बिंदर पोसवाल, महासचिव जितेंद्र पांचाल, विकास कांबोज, श्रवण प्रधान, शुभम चौहान, सुरेंद्र डाकवाला, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, विजय शर्मा, अमित राणा, वकील गुर्जर व अशोक पूंडरक मौजूद रहे।

# इनैलो नेता हरीश छाबडा बने इनैलो के शहरी जिला प्रधान

**बाबैन, 21 मई ( राजेश कुमार ) :** वरिष्ठ इनैलो नेता हरीश छाबडा को इनैलो पार्टी के द्वारा शहरी जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला प्रधान हरीश छाबडा ने अपनी नियुक्त को श्रेय इनैलो पार्टी के सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, इनैलो पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व लाडवा हल्का से पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी, इनैलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक अर्जुन सिंह चौटाला, विधायक आदित्य चौटाला को देते हुए कहा है कि इनैलो पार्टी के द्वारा



जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के नेताओं को विश्वास दिलाता हूं की ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के साथ जोडने का काम करूंगा और पार्टी की नीतियों को प्रचार घर घर जाकर करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि इनैलो पार्टी छतीस बिरादरी के लोगों की पार्टी है जिसमें हर वर्ग के लोगों को पूरा मान सम्मान मिलता है। बता दें नवनियुक्त जिला प्रधान हरीश छाबडा इनैलो के लाडवा हल्का के प्रैस प्रवक्ता भी रह चुके है।

# महर्षि कश्यप जयंती ऐतिहासिक होने के साथ में कई रिकॉर्ड करेगी कायम : रामकुमार कश्यप

**लाडवा, 21 मई ( रामगोपाल ) :** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा में 23 मई को होने वाली महर्षि कश्यप जयंती ऐतिहासिक तो होगी ही साथ में कई रिकॉर्ड कायम करेगी। इस प्रदेश स्तरीय समारोह में पुलिस उचित कानून व्यवस्था बनाए जाए। प्रदेश भर से आने वाले विभिन्न समाज के लोगों को किसी प्रकार की यातायात समस्या नहीं होनी चाहिए। साथ ही वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी उचित की जाए। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल



के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और प्रबंध को लेकर प्रशासन के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि 23 मई को अनाज मंडी लाडवा में प्रदेश स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से सभी समाजों के लोग हिस्सा लेंगे। करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर जिले के विधायकगण, मंत्रीगण कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारेंगे। कार्यक्रम को लेकर न्योता देने का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का समय है।

जो व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जानी है उन प्रबंध में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाडवा की तरफ आने वाले हर मार्ग से रैली में भीड़ जुटेगी। ऐसे में सभी वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को रैली स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। सभी अधिकारी ईमानदारी से अपने कर्तव्य को पूरा करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यमुनानगर करनाल कुरुक्षेत्र व अन्य सीडियो से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाए कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाया रखना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर डीएसपी रणधीर सिंह, नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना, मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार, थाना प्रभारी सुनील वत्स, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, कश्यप सभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र माजरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गुरु ब्रह्मानंद पलोटेक्निक के 36 छात्रों का मारुति सजूकी इंडिया लिमिटेड में हुआ चयन




**नीलोखेड़ी, 21 मई ( दर्शन शर्मा ) :** उत्तरी भारत के सर्वश्रेष्ठ पॉलिटेक्निक में से एक गुरु ब्रह्मानंद राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नीलोखेड़ी के 36 विद्यार्थियों ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड कंपनी में चयनित होकर संस्थान का नाम ओर स्वर्णनिम अक्षरों में दर्ज कर दिया। पूरे संस्थान में आज बहुत ही खुशी का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों द्वारा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया जा रहा है। आज प्रधानाचार्य व विभागाध्यक्षों ने चुने हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत से एक्सपर्ट लेक्चर (ड्रग्स फ्री कैंपस, अवैध आप्रवासन, बचाव और सुरक्षा, ग्रीन कैंपस आदि) करवाए जा रहे है। कुल मिलाकर 36 विद्यार्थियों में से मैकेनिकल ब्रांच के 29 विद्यार्थियों व इलेक्ट्रिकल ब्रांच के 7 विद्यार्थियों का चयन मारुति सुजुकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया गया।

चयनित विद्यार्थियों में 8 छात्राएं चयनित है। जिसमें ज्यादातर मैकेनिकल ब्रांच से है। यह दर्शाता है कि संस्थान नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रहा है।

ऐसा पहली बार हुआ है कि संस्थान की इतनी छात्राएं मारुति द्वारा चयनित की गई।

आज चुने गए सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्रीमती बेनू बजाज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी वह संस्था का नाम, माता पिता का नाम ऊंचा करने के लिए प्रेरित किया और लग्न से काम करने की प्रेरणा दी। सभी विद्यार्थियों का सालाना वेतनमान 4.75 लाख रुपए मारुती कंपनी की तरफ से रहा। अभी कुछ दिन पहले ही मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड कंपनी ने इस संस्थान में स्मार्ट फैक्ट्री लैब 4.0 स्थापित की और संस्थान स्टाफ व विद्यार्थियों को ट्रेनिंग भी दी। विभागाध्यक्ष प्रदीप राणा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को समाज व देश का नाम ऊंचा करने की प्रेरणा दी।

इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष अजीत सिंह ने भी सभी चुने हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व बहुत ज्यादा खुशी जाहिर की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर विकास शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी वह बताया कि उनका लक्ष्य है कि हंड्रेड परसेंट विद्यार्थियों को रोजगार मिले वह अच्छी कंपनियों में मिले। उन्होंने कहा कि वह व उनकी पूरी टीम इसी कार्य में लगी हुई है।

# नगर खेड़ा का पूजन करने से गांव की सभी विघ्न बाधाएं दूर होती है और गांव में हमेशा सुख, शांति एंव समृद्धि का वास होता है : वैभव शर्मा

**बाबैन, 21 मई ( राजेश कुमार ) :** नगर खेड़ा रामसरन माजरा का 157वां स्थापना दिवस बुधवार को



धूमधाम से मनाया गया जिसमें गांव के लोगों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ करने के अलावा आरती की गई व प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर धार्मिक रश्में पंडित बालकृष्ण शर्मा व वैभव शर्मा ने संपूण करवाई। पंडित वैभव शर्मा ने कहा कि गांव के लोगों द्वारा मिलकर नगर खेड़ा का सामूहिक रूप से पूजन करने से गांव की न केवल गांव की सभी विघ्न बाधाएं दूर हो जाती है बल्कि गांव में हमेशा सुख, शांति एंव समृद्धि का वास होता है। दादा खेडा महाराज गांव के लोगों की हर प्रकार के कष्टों से रक्षा करते है बल्कि उनकी कृपा से गांव के लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों व अन्य बाहरी शक्तियों के प्रकोप से भी बचे रहते है। गांव के लोगों को चाहिए कि वे समय-समय पर गांव के दादा खेड़ा महाराज का सामूहिक रूप से पूजन करें ताकि गांव के लोग किसी प्रकार की त्रासदी का शिकार न बन सके। प. वैभव शर्मा ने नगर खेड़ा महाराज रामसरन माजरा के 157 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित हवन-यज्ञ एंव प्रसाद वितरण के अवसर पर उपस्थित नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर खेडा महाराज का जलाभिषेक कर उन्हें पंच अमृत से स्नान करवाकर फूलों से सजाया गया। नगर खेड़ा महाराज की आरती करने के अलावा उन्हें प्रसाद का भोग कर प्रसाद का वितरण किया



गया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं, पुरुषों एंव बच्चों ने खेड़ा महाराज पर माथा टेका और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गांव के नम्बरदार राकेश कुमार, समाजसेवी अमित सैनी पोकी, होशियार सिंह, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश, तरसेम राय, शिव राम, कौशल सैनी, जगमाल ड्क्षसह, बलकार सिंह, जगपाल सैनी, हरिकेश, रामकुमार, करनैल सिंह, शुभम, बिन्दर, निखिल सैनी के अलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गांव चिक्कन में बाबा जी के साथ मारपीट के मामले में 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 21 मई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया अपने जिला पुलिस को अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्यवाही करते हुए थाना प्रताप नगर पुलिस टीम ने गांव चिक्कन में बाबा जी के साथ मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 20 मई को उनको सूचना मिली कि अजात आश्रम गांव चिकन में बाबा जी के साथ मारपीट हो गई है। जिसमें बाबा जी को गहरी चोटें आई है। जिस बारे बाबा जी ने शिकायत दर्ज करवाई कि 19/20 मई की रात्रि को वह आश्रम के ऊपर वाली मंजिल पर टहल रहे थे। तभी दो युवक जिन्होंने मुंह ढके हुए थे, ने आकर कहा कि उनकी बाइक खराब हो गई हैऔर वह यही सोना चाहते हैं। वह दोनों युवक उन्हें बदमाश किस्म के लग रहे थे। जैसे



ही गांव में सूचना देने के लिए अपना फोन निकला तो दोनों लड़कों ने मेरे सिर पर वार किया मुझे बेरहमी से नुकीले हथियारों से पीटा और जानलेवा हमला किया। फिर मुझे मेरा मुंह बांधकर मुझे खींचकर मृत समझकर रसोई में बंद करके आश्रम में लूट पाट शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद वह युवक लूटपाट करके चले गए। थोड़ी देर बाद अपने हाथ पर खोले और देखा कि उन्होंने आश्रम में रखे 50 हज़ार रुपए वा सोने के आभूषण व दो मोबाइल लूटकर ले गए। इस सूचना पर उप निरीक्षक रजत शर्मा, मुख्य सिपाही प्रदीप, मनीष, अमन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान सहारनपुर के गांव शेरपुर पैहलों निवासी खालिक पुत्र यासीन, मुसारिक पुत्र अशरफ व आवेश उर्फ शहराज पुत्र युसूफ तथा गांव चांडी गेर निवासी मनोहर पुत्र सुबे दीन के रूप में हुई।

आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।


# रा.व.मा. विद्यालय प्रहलादपुर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत

**बाबैन, 21 मई ( राजेश कुमार ) :** रा.व.मा. विद्यालय प्रहलादपुर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्कूल के प्रिंसिपल माया रानी ने बताया कि स्कूल के सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक लेकर परिक्षा पास की। उन्होंने बताया कि स्कूल के 13 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान हासिल किया जिसमें पारूल पूत्री फूल सिंह ने 452 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया कृष पूत्र रजविंद्र कुमार ने 451 अंक लेकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही प्रीती पूत्री कर्मबीर ने 439 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही दसवीं कक्षा में उदय पूत्र केहर सिंह ने 450 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया



तुषार पूत्र सुखबीर ने 436 अंक लेकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही रमन पूत्र महिंद्र सिंह ने 429 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही प्रिंसिपल माया रानी ने कहा कि स्कूल के बच्चों की शानदार सफलता पर हम अपने बच्चों, अध्यापकों और बच्चों के अभिभवकों को बधाई देते हैं जिन्होंने हमें हर क्षेत्र में सहयोग दिया जिसके फलस्वरूप स्कूल का शानदार परिणाम रहा।

# सुपर फूडस के सेवन से भी बन सकती हैं स्लिम ड्रिम



आजकल वजन घटाने सुपर फूड्स को बेहतर विकल्प माना जा रहा है। इस कारण यह पसंद किये जाने लगे हैं।

कई सुपर फूड्स ने धीरेधीरे किचन में जगह बना ली है। जाहिर सी बात है कि किचन के जरिए ये हमारे पेट में भी पहुंच रहे हैं। क्विनोआ के अलावा, चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, वॉटरमेलन सीड्स, चगा मशरूम, नट ऑयल, मका, ल्यूकूमा, हेम्प सीड्स आदि। हममें से कुछ लोग इन सुपर फूड्स से परिचित हैं तो कुछ को इनके बारे में कुछ भी पता नहीं। फ्लैक्स सीड्स दादी-नानी के जमाने के अलसी के बीज हैं, जिन्हें अपने यहां के कुछ राज्यों में तिसी भी कहा जाता है। कुछ आयरन के बेहतरीन स्रोत हैं तो कुछ विटामिन और प्रोटीन के। इस आधे बीत चुके साल में इंटरनेट फ्रेंडली हो चुकी जनता अपने खानपान की आदतों को लेकर भी एडवेंचरस है।

चिया के बीज भी पॉपुलर सुपर फूड्स की श्रेणी में शामिल हैं। वैसे तो ये स्वाद रहित होते हैं लेकिन जब इन्हें सही ढंग से पकाया जाता है तो ये आसानी से पच जाते हैं। एनर्जी बूस्टिंग पाउडर के तौर पर ये कमाल के हैं। हालिया शोध तो चिया के बीजों को टाइप 2 डायबिटीज खत्म करने के लिए कारगर मानते हैं। चिया मेक्सिको से आते हैं, जिसका अर्थ ताकत से है। चिया को रनर्स फूड भी कहा जाता है क्योंकि लंबी दौड़ में चिया का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के तौर पर किया जाता है। कहा जाता है कि केवल एक चम्मच चिया उन्हें 24 घंटे तक ऊर्जावान बनाए रखने में कारगर है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी सन्फ्लेमेट्री, एंटी कैंसर गुण होने के कारण चिया के सेवन का प्रचलन अपने देश में भी बढ़ता जा रहा है। यह एक कंम्प्लीट प्रोटीन भी है क्योंकि इसमें नौ जरूरी अमिनो एसिड हैं। स्वस्थ पाचन तंत्र के लिए आवश्यक 20 फीसद सॉल्युबल फाइबर और 80 फीसद इनसॉल्युबल फाइबर भी इसमें हैं। यह ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखता है, क्रेविंग को कम करता है और लंबे समय तक आपके पेट को भरा महसूस कराता है।

क्विनोआ पोषण का दोगुना पंच देता है क्योंकि इसमें फाइबर और प्रोटीन दोनों पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यह ग्लूटेन मुक्त होने के साथ कंप्लीट प्रोटीन भी है। यह मूलतः एक बीज है, जिसे अनाज के तौर पर खाया जाता है। क्विनोआ तीन तरह के होते हैं- सफेद, लाल और काला। इसे अमूमन ऑर्गेनिक तौर पर ही उगाया जाता है। इसमें फ्लेवेनॉयड्स होता है, जो एंटीऑक्सिडेंट की तरह काम करता है। अन्य अनाजों की तुलना में क्विनोआ में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। क्विनोआ का ग्लाइसेमिक इंडेक्स करीब 53 है, जो काफी कम है। शोध यह भी बताते हैं कि क्विनोआ मेटाबोलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में लाभदायक है। वजन कम करने की कोशिश में लगे लोगों के लिए क्विनोआ फायदेमंद है क्योंकि वजन कम करने के लिए हमें कम कैलोरी का सेवन करना चाहिए। अलसी के बीज सालों से हमारे आस-पास ही हैं और एग्जॉटिक नहीं है, इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि यह हमारे संतुलित आहार के लिए पर्याप्त नहीं। सच तो यह है कि अलसी के बीज कमाल के होते हैं! यह न केवल कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करता है बल्कि इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स का बड़ा भाग होता है। इसे लिग्नैन्स कहा जाता है, जिसमें कैंसर से लड़ने के गुण मौजूद हैं। साथ ही यह हार्मोन्स को भी संतुलित करने में मददगार हैं। यह सॉल्युबल और इनसॉल्युबल फाइबर का बेहतरीन स्रोत हैं, जिसका अर्थ है कि यह रोजाना की ऊर्जा और वजन कम करने में लाभदायक हैं। अलसी के बीजों की खासियत यह है कि ये किसी भी डिश में आसानी से घुल-मिल जाते हैं। चाहें तो इन्हें ओटमील पर छिड़क लीजिए या ग्रैनोला में या दही पर या अपने स्मूदी में मिला लीजिए।

**ऑफिस में भी पहन सकती हैं प्रिंटेड लैगिंग्स**

प्रिंटेड लैगिंग्स का आजकल बहुत ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है। इन्हें आप कॉलेज, कैजुअल और ऑफिस हर एक जगह पहन सकती हैं। गर्ल्स का कंफर्ट बॉटम वियर कहा जाने वाला लैगिंग्स अब और भी आकर्षक हो गया है। अब प्लेन की जगह प्रिंटेड लेगिंग्स गर्ल्स को लुभा रहे हैं। इनकी खासियत यह है कि इन्हें केजुअल और फॉर्मल दोनों आउटफिटस के साथ मैच कर पहना जा सकता है।

**परफैक्ट जिम आउटफिट**

जिम के लिए ऐसे आउटफिट पहनने चाहिए जो कंफर्टेबल होने के साथ-साथ कूल और स्टाइलिश लुक भी दें। प्रिंटेड लैगिंग्स इसके लिए परफेक्ट वियर साबित हो रहे हैं। प्लेन टॉप हो या टीशर्ट इन्हें हर एक के साथ टीमअप कर ट्रेंडी लुक पाया जा सकता है।



**ऑफिस में भी पहनें** -कैजुअल लुक के अलावा इन्हें ऑफिस वियर के तौर पर भी कैरी किया जा रहा है। फ्लोरल, जियोमेट्रिक जैसे प्रिंट्स ऑफिस के लिए अच्छे रहेंगे। कैजुअल के लिए जहां बोल्ड प्रिंट पहनें। शर्ट, कुर्ती हर एक के साथ ये जंचेंगे।

पार्टी आउटफिट के लिए सीक्विंस लैगिंग्स बेहतर विकल्प है। इसके साथ डिजाइनर टॉप पहनें। यूनिक लुक के लिए जैकेट के साथ भी इसे पहना जा रहा है।

# पिचके हुए गालों को सही करें आपकी खूबसूरती में बन रही है बड़ी बाधा

पाना चाहते हैं पिचके हुए गालों से छुटकारा, तो अपनाएं ये उपायचेहरे की खूबसूरती काफी हद तक आपके गालों की खूबसूरती पर निर्भर करती है। चेहरे की खूबसूरती काफी हद तक आपके गालों की खूबसूरती पर निर्भर करती है। जहां फुले हुए स्वस्थ गाल आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगा देते हैं वहीं पिचके हुए गालों की वजह से आपका शरीर काफी दुबला- पतला और बूढ़ा दिखाई देता है। पिचके हुए गालों की वजह से आप खुद अपना आत्मविश्वास खोते जाते हैं। शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की कमी की वजह से गालों के पिचकने की समस्या सामने आती है। अनियमित खान-पान तथा भोजन में संतुलित आहार का अभाव आपके गालों की सेहत पर काफी बुरा असर डालता है। ऐसे में आपका गाल अंदर की ओर धंस जाता है। पर्याप्त पानी न पीने की वजह से भी यह समस्या सामने आती है।गालों के लिए योगा-अपने गालों को गुब्बारे की तरह एक मिनट तक फुलाएं रखें। प्रतिदिन तकरीबन तीन बार इस योग को करने से कुछ ही महीनों में आपके गालों का पिचकना खत्म हो जाएगा और गाल पर मांस भर जाएगा। अपने गालों को उतना खोलें, जितना किसी से बात करते हुए खोलते हैं।दोनों हाथों से मुंह के किनारों को पकड़कर ऐसे खीचें कि ठुड्डी थोड़ी सी आगे बढ़ जाए। हर दिन इस योग को तकरीबन तीस सेकेंड तक जरूर करें। जल्द ही आपके गाल फूल जाएंगे।




गालों का पिचका हुआ होना कोई बहुत गंभीर समस्या नहीं है। कुछ आसान से उपायों को अपनाकर आप अपने गालों को जल्द ही भरा-भरा बना सकते हैं। इसमें कुछ खास तरह के नुस्खों के साथ-साथ कुछ छोटे-मोटे व्यायाम भी शामिल हैं। गालों के लिए योगा-अपने गालों को गुब्बारे की तरह एक मिनट तक फुलाएं रखें। प्रतिदिन तकरीबन तीन बार इस योग को करने से कुछ ही महीनों में आपके गालों का पिचकना खत्म हो जाएगा और गाल पर मांस भर जाएगा। अपने गालों को उतना खोलें, जितना किसी से बात करते हुए खोलते हैं।दोनों हाथों से मुंह के किनारों को पकड़कर ऐसे खीचें कि ठुड्डी थोड़ी सी आगे बढ़ जाए। हर दिन इस योग को तकरीबन तीस सेकेंड तक जरूर करें। जल्द ही आपके गाल फूल जाएंगे।

गालों के लिए घरेलू नुस्खे-सेब के पेस्ट को रोजाना अपने गालों पर लगाकर 20 मिनट बाद पानी से धो लें। या फिर सरसो के तेल या बादाम के तेल से कम से कम पांच मिनट रोज मॉलिश करें। गालों के लिए ये दोनों नुस्खे काफी कारगर उपाय हैं। मेथी में त्वचा की सेहत के लिए आवश्यक कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका प्रयोग करने से न सिर्फ गाल फूलने लगते हैं बल्कि कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। रात भर मेथी को पानी में भिगोकर सुबह इसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को गालों पर लगाएं और सूखने के बाद पानी से धो लें। जैतून के तेल से गालों पर मालिश करना गालों को नेचुरली गोल-मटोल बनाता है।

# प्राकृतिक मेकअप रिमूवर से स्किन प्रॉब्लमस नहीं आएंगी सामने

अगर आप नियमित रूप से मेकअप करती हैं तो आपके लिए उसे ठीक तरह से उतारना भी बेहद जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि मेकअप ठीक से न उतारने की वजह से आप कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स की चपेट में आ सकती हैं। चेहरे से मेकअप उतारने के लिए बेहतर मेकअप रिमूवर ढूंढना आपके लिए किसी कठिन चुनौती से कम नहीं है। कई तरह के मेकअप रिमूवर काफी ऑयली होते हैं, तो कुछ ऐसे भी होते हैं जो चेहरे पर गहरे धब्बे छोड़ जाते हैं। ऐसे में आपको चाहिए कि मेकअप हटाने के लिए प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें। जिनकी त्वचा कुछ ज्यादा सेंसिटिव होती है उनके लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होती। आज हम आपको कुछ ऐसे ही नेचुरल मेकअप रिमूवर के बारे में बताने जा रहे हैं। ऑलिव ऑयल - थोड़ा सा ऑलिव ऑयल किसी सूती कपड़े पर लेकर उसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। यह आपके चेहरे की सारी गंदगी को दूर कर उसे पूरी तरह से साफ कर देगा। खीरे का पेस्ट - खीरे की तासीर काफी ठंडी होती है, यह हम सभी जानते हैं। खीरे को कद्दूकस पर घिसकर उसका पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट में एक चम्मच बादाम का तेल मिलाकर पूरे चेहरे पर रगड़िए। कुछ देर बाद गर्म पानी से इसे धो लीजिए। यह आपके चेहरे को प्राकृतिक सुंदरता देगा। एलोवेरा जेल - एलोवेरा त्वचा का काफी लोकप्रिय प्राकृतिक उपचार है। दो चम्मच एलोवेरा जेल को तीन चम्मच जैतून के तेल के साथ मिलाएं और सूती कपड़े की मदद से इसे पूरे चेहरे पर लगाएं। दो मिनट बाद इसे धोकर साफ कपड़े से पोछ लें। **दूध** - अगर आपकी त्वचा थोड़ी सेंसिटिव है तो आपके लिए दूध का प्रयोग मेकअप रिमूवर के बतौर ज्यादा सही रहेगा। कॉटन बॉल को दूध में भिगोकर इससे अपने चेहरे को साफ करें। यह आपके चेहरे को पूरी तरह से साफ कर देगा।



**दही** - दही एक बेहतरीन मेकअप रिमूवर की तरह काम करता है। दही को अच्छी तरह से फेंटकर किसी कॉटन बॉल की सहायता से अपने चेहरे पर लगाएं। थोड़ी देर हल्के हाथों से रगड़ें। जब मेकअप पूरी तरह से उतर जाए तो चेहरे को पानी से अच्छी तरह से धो लें।

# सही फुटवेयर पहनना भी ग्लैमरस लुक के लिए जरुरी

सही फुटवेयर पहनना भी ग्लैमरस लुक के लिए जरुरी है। कई बार आप हील्स को लेकर असमंजस में रहती हैंक्योंकि हील्स में बहुत सारे विकल्प होते हैं जिसमे से किसी एक का चयन आसान नहीं होता। ऐसे में आपको वो नहीं मिल पाता है जो आप चाहते है। यहां अलग-अलग प्रकार की हील्स हैं जो हर स्टाइलिश लड़की के पास होते हैं। स्टिलेटो हील्स-स्टेलेटो सैंडल को पहन कर जब आप बाहर निकलते हो और जहाँ आप जाते हो आप एकदम ग्लैमरस महसूस करती हैं। स्टिलेटो हील्स सेंसुअल फुटवियर माने जाते है। फैशनेबल ऑर्नमेंटशन, डेलिकेट डिजाइन और पॉइंटेड हील्स स्टिलेटो हील्स को फैशन रडार में सबसे पहले रेंक पर लाती है।



वैज हील्स-युवतियां कॉस्मोपॉलिटन लुक्स के लिए वैज हील्स को पसंद करती है बल्कि फैशनेबल महसूस करती हैं। यदि आप स्टिलेटो के साथ कम्फर्टेबल महसूस नहीं करती है तो वैजस के साथ करेगी। फ्लोइंग स्कर्ट के साथ मोटे वैज हील्स आपके एंकल्स को पतले भी दिखाएंगे और फिटिंग वाले कपड़ो के साथ यह और भी खूबसूरत लगता है।

किटन हील्स-किटन हील्स कम हील्स की श्रेणी में आते हैं। विश पूरी करने की उम्र नहीं होती है जैसे कि सुंदर और आकर्षक लगने के लिए। चाहे आप सोलह साल की हो या चालीस की हों, किटन हील्स आपकी समस्या को हल करेगी। वे युवा महिलाओं को लेबल किए बिना अच्छा लुक देते हैं।

ग्लेडियेटर्स-जिनमे कई पट्टियां हैं और जो पट्टियों के साथ एक अलग डिज़ाइन का निर्माण करते हैं, उन्हें ग्लैडिएटर जूते के रूप में जाना जाता है। यद्यपि आज की पीढ़ी पिछले एक या दो वर्षों से ग्लेडिएटर जूते जानती है, ग्लेडिएटर जूते का इतिहास यूनानियों और रोमनों की प्राचीन संस्कृति से वापस आ गया है। ग्लेडियेटर्स जूते आपके व्यक्तित्व के लिए बहुत कुछ जोड़ सकते हैं हमारे पास विभिन्न तरह के ग्लेडियेटर्स हैं -

फ्लैट्स हील्स नी लेंथ तक, ऐंकल लेंथ से काल्फ लेंथ तक इसके अलावा ज़िपरों, बकल्स, और स्टड के साथ, ग्लेडियेटर्स इन दिनों में बहुत चल रहे हैं।

कोन हील्स -आप आसानी से कोन हील्स की आकार के साथ प्यार में पड़ सकते हैं। कोन हील्स एक कूल और सोफिस्टिकेटेड लुक देता है।

**पायल पहनने के हैं कई फायदे**

भारत में पायल पहनना महिलाओं की खूबसूरती बढ़ाने के अलावा सौभाग्यशानी भी माना जाता है। वास्तुशास्त्र के हिसाब से देखा जाये तो महिलाओं के पैरों में पायल पहनने से घर की नकारत्मक शक्तियां दूर हो जाती है। इसके अलावा पायल पहनना महिलाओं के स्वास्थय के साथ-साथ घर को भी बहुत फायदे होते है।

खूबसूरती बढ़ाए --पायल पहनने से पैरों की खुबसूरती भी बढ़ जाती है। इसके अलावा पायल की आवाज से पुरुष आपकी ओर आकर्षत होते है। अगर आप भी अपने पार्टनर को अपनी तरह आकर्षत करना चाहती है तो आज से ही पायल पहनना शुरु कर दें।

पार्टनर के लिए फायदेमंद--आपके पायल पहनने से जब आप अपने कमरे की तरफ जाएगी तो आपके पार्टनर पहले ही सर्तक हो जाएगा। आपकी पायल की आवाज सुनकर आपका पार्टनर खुद को असहज होने वाली स्थिति से बचा लेते है।

रिश्ते में बढ़ता है प्यार--महिलाओं के पायल पहनने से पार्टनर के बीच की नकारात्मका दूर हो जाती है। इससे आपके और पार्टनर के बीच प्यार बढ़ता है। इससे अलावा महिलाओं के पायल पहनने से घर का माहौल भी ठीक रहता है।

हड्डियां होती हैं मजबूत--अच्छे स्वास्थय के लिए पायल पहनना बहुत ही फायदेमंद होता है। पायल आमतौर पर चांदी की होती है और ऐसे में इसको पहनने से हड्डियां मजबूत होती है। पायल के धातु के तत्व त्वचा के द्वारा शरीर के अंदर जाकर हड्डियों को मजबूत करते है।

शरीर का तापमान--पायल से शरीर का तापमान भी नियंत्रित रहता है।

# मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

**ललित गर्ग**

वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां: सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मज़बूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फ़र्ज़ है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त



रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुढ़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। आदमी की हर कोशिश 'घर-परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा।

# पंचकुला में काली घटा छाई, दिन में ही रात जैसा माहौल

*तेज हवाओं के साथ बारिश और गिरे ओले*



**पंचकुला, 21 मई ( सतीश मंगला ) :** पंचकुला में अचानक शाम करीब 4.40 बजे मौसम ने करवट ली। जब एकदम से तेज तूफान और बारिश शुरू हो गई। आसमान में काली घटा छाने से दिन में ही रात का माहौल बन गया। तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। पंचकुला में कई जगह पर पेड़ गिरने का भी समाचार प्राप्त हुआ है। आसमान तेज गड़गड़ाहट की आवाजें सुनाई दे रही थी। जैसे कहीं आसपास आसमानी बिजली गिरी हो। हालांकि तेज भीषण गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली है, लेकिन तेज तूफान के कारण पेड़ गिरने से आवाजाही में परेशानियां जरूर हुई। तेज हवाओं के चलने से कई जगह शायद एहतियातन बिजली बंद कर दी गई।

## नशीली टैबलेट के असल सप्लायर को किया गिरफ्तार

**हांसी,21 मई ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर हांसी पुलिस ने 140 नशीली टैबलेट के असल सप्लायर सुनील पुत्र वासुदेव निवासी वार्ड न. 4 पटेल नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गत दिनो पहले कमल वासुदेव पुत्र नरसिंह दास निवासी उत्तम नगर हांसी को 140 नशीली टैबलेट सप्लाई की थी। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में अभियोग अंकित हुआ था। थाना शहर हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

# पंजाबी यूनिवर्सिटी को लेकर बड़ा ऐलान, छात्र को होगा खूब फायदा

पटियाला/सनौर 21 मई (निस) पंजाबी यूनिवर्सिटी को लेकर बड़ा ऐलान किया गया है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग ने पंजाबी यूनिवर्सिटी परिसर में 2 नए होस्टलों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। वाइस चांसलर डॉ. करमजीत सिंह ने बताया कि इनमें से एक होस्टल ओबीसी वर्ग की लड़कियों के लिए तथा दूसरा ओबीसी वर्ग के लड़कों के लिए होगा। दोनों होस्टलों में 100-100 विद्यार्थियों के लिए सीटें उपलब्ध होंगी। प्रत्येक होस्टल के लिए 3.5 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, यानी पंजाबी यूनिवर्सिटी के लिए कुल 7.00 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पंजाबी यूनिवर्सिटी कैंपस में विद्यार्थियों की कुल संख्या करीब 12,000 है, लेकिन मौजूदा समय में केवल 5,000 विद्यार्थियों के लिए ही होस्टल की सुविधा उपलब्ध है। इसलिए, विद्यार्थियों, विशेषकर लड़कियों के लिए होस्टल आवास की भारी कमी है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ने हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 26 विभागों में यूजी-पीजी कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। इसलिए, होस्टलों में उपलब्ध कुल आवास में वृद्धि संबंधित मांग को पूरा नहीं कर रहे है। ऐसे में ऐसी खबर विश्वविद्यालय के लिए अच्छी खबर है। उल्लेखनीय है कि यूनिवर्सिटी के होस्टल की 45 प्रतिशत सीटें आरक्षित श्रेणी के छात्रों के लिए उपलब्ध करायी हैं। फिर भी, कई छात्र होस्टल में सीमित सीटों के कारण होस्टल आवास का लाभ नहीं उठा पाते हैं। वाइस चांसलर प्रो. करमजीत सिंह के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने यूनिवर्सिटी को होस्टल आवंटित करने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। प्रो. करमजीत सिंह ने कहा कि पंजाबी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी पंजाब के मालवा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से संबंध रखते हैं।

## शराब की दुकान पर ग्रेनेड हमला मामले में बड़ा खुलासा, 6 गुर्गे गिरफ्तार

बटाला 21 मई (निस) पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, बटाला पुलिस ने विदेशी हैंडलरों मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान द्वारा संचालित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी.के.आई.) के एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और इसके छह गुर्गों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 30 बोर की पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ ?साजन, राहुल मसीह, अब्राहम उर्फ रोहित, सोहित और सुनील कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस मॉड्यूल ने बटाला में एक शराब की दुकान के बाहर ग्रेनेड हमला करने का प्रयास किया था। आरोपी के पास से 30 बोर की पिस्तौल बरामद की गई है। डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को पुर्तगाल स्थित मनिंदर बिल्ला और बी.के.आई. मास्टरमाइंड मन्नू अगवान से सीधे निर्देश मिल रहे थे, जिन्होंने हाल ही में अमेरिका में हैप्पी पासिया की गिरफ्तारी के बाद संचालन चार्ज संभाला था। उन्होंने बताया कि जब जतिन कुमार को ले जाया जा रहा था तो गोलीबारी हुई और पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और उसे बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में सिविल लाइंस, बटाला में बीएनएस और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## फिर बदलेगा मौसम, 23 मई को हलकी बारिश की उम्मीद, गर्मी से मिलेगी राहत

मोहाली 21 मई (निस) पंजाब के मौसम को लेकर अहम खबर सामने आ रही है। दरअसल, मौसम विभाग के अनुसार 23 मई से कई जिलों में बारिश के आसार है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जिला गुरदासपुर, होशियारपुर, पठानकोट, नवांशहर और आसपास के जिलों में यह बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल यानी 2 दिन पंजाब में गर्मी बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि इन 2 दिनों के दौरान राज्य में ना तो बारिश न ही तेज हवाएं चलने की कोई चेतावनी जारी की गई है। राज्य में सबसे अधिक तापमान जिला बठिंडा का रिकार्ड किया गया है, जो 44.8ए बताया जा रहा है । वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले ही %हीटस्ट्रोक% से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। हीट स्ट्रोक के लक्षणों में आंखों के आगे अंधेरा छाना, चक्कर आना, बेचैनी व घबराहट, हल्का या तेज बुखार, अत्यधिक प्यास लगना, तेज सिर दर्द व उल्टी, कमजोरी महसूस होना, गर्मी के बावजूद कम पसीना आना, मांसपेशियों में दर्द आदि शामिल हैं।यदि ऐसे लक्षण दिखाई दें तो व्यक्ति को छाया में लिटा देना चाहिए, व्यक्ति के कपड़े ढीले कर देने चाहिए, कुछ तरल पदार्थ पिलाना चाहिए, ठंडे पानी की पट्टियां लगानी चाहिए तथा रोगी को ठंडे पानी से भरे बाथटब में लिटा देना चाहिए। ओआरएस का घोल बनाकर उसे दें। उन्होंने कहा कि यदि बुखार 104-105 डिग्री फारेनहाइट से अधिक हो जाए, शरीर गर्म होकर पसीना आना बंद हो जाए, त्वचा शुष्क व चिपचिपी हो जाए, रोगी बेहोश हो जाए या अत्यधिक घबरा जाए तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाएं।

# गर्मी और लू से पशुओं को बचाने के लिए सावधानियां बरतें पशुपालक- एसडीएम राजेश खोथ

**हांसी, 21 मई ( मनमोहन शर्मा ):** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू की तीव्रता को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा द्वारा पशुपालकों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने पशुओं की सेहत और उत्पादकता को बनाए रखने के उद्देश्य से जरूरी एहतियाती उपाय अपनाने की अपील की है। भीषण गर्मी में पशुओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, जिससे वे हीट स्ट्रेस, दूध उत्पादन में गिरावट और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बच सकें। इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि पशुओं के लिए छायादार स्थान की व्यवस्था करें, उनके लिए पंखे और कूलर आदि की व्यवस्था करें। किसान पशुओं को खुली धूप में न बांधें। उन्हें पेड़ों की छांव, टीन शेड, या अन्य छायादार स्थानों में रखें। शेड को हवादार और साफ-सुथरा रखें। उन्होंने बताया कि पशुओं को दिन में कम से कम 3-4 बार ताजा, साफ और ठंडा पानी पिलाएं। छोटे कटड़े, बछड़े/ बछड़ियों को पानी में ओआरएस मिलाकर पिलाए । पानी की कमी नहीं रहनी चाहिए, पानी की कमी से वे जल्दी ही लू की चपेट में आ सकते हैं। पशु पालक हरे चारे की व्यवस्था करें, जैसे बरसीम, मक्का, बाजरा या नेपियर घास। पशुओं को नमक और खनिज मिश्रण नियमित रूप से आहार में दें। सूखे चारे में गुड़ और पानी मिलाकर खिलाना लाभकारी होता है।एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि दिन में 1-2 बार पशुओं को पानी से नहलाएं या ठंडे पानी का छिड़काव करें ताकि उनके शरीर का तापमान नियंत्रित रहे। नियमित रूप से पशुओं को तालाब में ले जाये। पशुओं के लिए बनाए गए शैड अगर टीन की है तो उस पर घास और पराली डालें । उन्होंने कहा कि गर्मी के समय पशुओं से अधिक कार्य न लें, विशेषकर दोपहर के समय। बैल आदि पशुओं का उपयोग सुबह या शाम के समय ही करें। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि वे विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों को अपनाकर अपने पशुओं को लू और गर्मी के प्रभाव से बचाएं। पशुओं की उचित देखभाल से न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, बल्कि दुग्ध उत्पादन भी स्थिर बना रहेगा। उन्होंने पशु पालकों से कहा है कि अगर किसी पशु में गर्मी और लू लगने के लक्षण दिखे तो वे अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से सलाह लें।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव-गांव बांटे पंपलेट, दी बचाव की जानकारी

**रायपुररानी, 21 मई ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया जैसे मच्छरजनित रोगों की





रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुररानी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल कर रहे हैं। बता दें कि गांव मानकटबरा में 9 वर्षीय मनजोत सिंह के डेंगू पॉजिटिव पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरीज के घर और आसपास के क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन का कार्य किया। इस दौरान टीम ने घर-घर जाकर पंपलेट वितरित किए और डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इसके बाद टीम ने गांव बटवाल और नारायणपुर का दौरा कर वहां चल रहे टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया। इसमें नारायणपुर के सरकारी स्कूल में बच्चों और शिक्षकों को डेंगू और मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, स्वास्थ्य टीम ने लोगों को सलाह दी कि वे सप्ताह में कम से कम एक बार अपने कूलर, फ्रिज की ट्रे, पानी की टंकियां, होदियां आदि को अच्छी तरह साफ करके सुखाएं। साथ ही पूरी बाजू के कपड़े पहनने, मच्छरदानी के प्रयोग और घर के आसपास पानी न जमा होने देने की हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त रायपुररानी, मुरादनगर और काजमपुर में भी सोर्स रिडक्शन अभियान चलाया गया। जिन घरों में संभावित डेंगू के लक्षण पाए गए, वहां नोटिस जारी किए गए। इस अभियान में डॉ. गौरव परजापति, हेल्थ इंस्पेक्टर प्रेम चंद, एलएचवी संतोष कुमारी, बीएसी रेनू बाला, अंजार अहमद और अन्य स्वास्थ्य कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## लुधियाना के लोगों को मिली सौगात, व्यापारियों व किसानों को भी होगा फायदा

लुधियाना 21 मई (निस) बहादुरके रोड स्थित दाना मंडी में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ सोमवार को क्षेत्रीय विधायक मदनलाल बग्गा ने विधिवत रूप से किया। लंबे समय से जर्जर सड़क से परेशान कारोबारियों और आम लोगों को अब राहत मिलेगी। मंडी में व्यापारिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए यह सड़क अत्यंत आवश्यक मानी जा रही थी। विधायक बग्गा ने बताया कि यह कार्य जनता की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। सड़क निर्माण से न केवल ट्रैफिक की समस्या कम होगी, बल्कि मंडी में आने-जाने वाले व्यापारियों और किसानों को भी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर कई गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। काउंसलर अमन बग्गा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल, सेक्रेटरी रूमेल सिंह, हरजोत, रणजीत सिंह सीबिया, मनजीत ढिल्लों, रचिन अरोड़ा, सचिन अरोड़ा, विकास गोयल विक्की, गुरविंदर सिंह मंगा, रॉकी थापर, अभिमन्यु, अनिल कुमार, गुरप्रीत सिंह गोगु, मनी गुप्ता, निशांत कुमार, सतीश नारंग, निशांत मार्बल, बलजीत सिंह, हरप्रीत, राजू बाबा, छिन्दा, लाला सतपाल, गुरप्रीत, और मनप्रीत आदि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के बन जाने से मंडी क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी और व्यापार को भी नई गति मिलेगी।

## दुकान चोरी मामले मे दो आरोपी गिरफ्तार

**हांसी,21 मई ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में चोरी के अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने दुकान में चोरी करने वाले आरोपी अनिल उर्फ जस्सी पुत्र सतीश निवासी वार्ड न. 7 नारनौंद व मुनीष उर्फ मनू पुत्र गुलशन निवासी वार्ड 11 नारनौंद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपियों ने गत दिनों पहले मोठ करनैल निवासी राजेन्द्र पुत्र डूंगरमल की ट्रैक्टर मिस्त्री की दुकान नजदीक कैनरा बैक नारनौंद में रात के समय एक इन्वैर्टर व बैटरी, एक ट्रैक्टर की बैटरी व दान-पात्र में 3800 रुपए चोरी कर लिए थे। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 2000/- रुपए बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया है।

## ऑटोमेटेड ड्राइविंग टैस्ट सैंटर में सर्वर फेल, भीषण गर्मी में आवेदकों में मची हाहाकार

जालंधर 21 मई (निस) ऑटोमेटेड ड्राइविंग टैस्ट सैंटर, नजदीक बस स्टैंड का हाल बद से बदतर होता जा रहा है। सैंटर में सर्वर फेल हो जाने के कारण सैंकड़ों लोगों को भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ी, जिस कारण लोग सिस्टम को खासे कोसते नजर आए। सेंटर में सुबह से ही सर्वर आंख मिचौली खेलता रहा और कभी चल रहा था, कभी बंद हो रहा था। लेकिन जब कुछ देर के लिए ऑन हुआ भी, तो इतनी धीमी गति से काम कर रहा था कि आवेदकों के फॉर्म तक अपलोड नहीं हो सके। वहीं, ऑनलाइन अप्वाइंटमैंट लेकर सुबह 9 बजे से ही लोग अपने-अपने डॉक्यूमेंट्स के साथ लाइसेंस बनवाने के लिए सैंटर पर पहुंचने शुरू हो गए थे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, सर्वर की समस्या गंभीर होती गई। 12 बजे के करीब सर्वर पूरी तरह से ठप्प हो गया, जिसके बाद सैकड़ों आवेदकों को दोपहर 2.30 बजे तक इंतजार करना पड़ा। अंततः ए.आर.टी.ओ. विशाल गोयल के आदेश पर एन.आई.सी. का सर्वर खराब होने के कारण आज ट्रेक टैस्ट न होने संबंधित पोस्टर सैंटर के बाहर चस्पा दिए। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है जब जालंधर का ड्राइविंग टैस्ट सैंटर तकनीकी समस्याओं के कारण ठप्प पड़ा हो।

# पटियाला जिले के रोहटी गांव में ताबड़तोड़ एक्शन, अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

नाभा 21 मई (निस) पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए शुरू की गई 'नशे के खिलाफ जंग' मुहिम के तहत जिला पुलिस प्रमुख वरुण शर्मा के नेतृत्व में पटियाला पुलिस ने नाभा के गांव रोहटी छन्ना में बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर आठ नशा तस्करों के अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया है। इस अवसर पर एस.एस.पी. वरुण शर्मा ने बताया कि नाभा के रोहटी छन्ना गांव में नशा तस्करों ने जल संसाधन विभाग के परिसर में कमरे बनाए हुए थे और इन कमरों का इस्तेमाल नशा सप्लाई करने के लिए किया जा रहा था, जिन्हें आज पटियाला पुलिस ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि जिन 8 लोगों के ढांचे आज ध्वस्त किये गये, उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 75 मामले दर्ज किये गये हैं। अवैध निर्माण में शामिल नशा तस्करों का विवरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रेम सिंह उर्फ काका के खिलाफ 13 मामले, प्रेम सिंह की पत्नी छोटी कौर के खिलाफ 9 मामले, अमरपाल सिंह उर्फ बुल्ली के खिलाफ 11 मामले, अमरपाल सिंह की पत्नी सरबजीत कौर उर्फ रोड़ी के खिलाफ 13 मामले, हरमेल सिंह उर्फ बंटी के खिलाफ 5 मामले, अमरजीत कौर उर्फ अमरो के खिलाफ 7 मामले, परमजीत कौर उर्फ भोली के खिलाफ 10 मामले और अमनदीप सिंह उर्फ कालू के खिलाफ 7 मामले दर्ज किए गए हैं। एस.एस.पी. वरुण शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के युवाओं को नशे के चंगुल से मुक्त कराने के लिए पूरी दृढ़ता से काम कर रही है और राज्य के युवाओं को नशे के चंगुल में फंसाने वाले नशा तस्करों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने नशा तस्करों को चेतावनी दी कि वे नशा बेचना बंद कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जंग अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे की कमाई से बने अवैध निर्माणों पर पीले पंजे चलाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशा तस्करों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। उन्होंने यह भी अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशे के धंधे में फंस जाता है तो उसे नशामुक्ति के लिए सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में लाया जाना चाहिए। इस मौके पर एस.पी.डी. गुरबंस सिंह बैंस, डी.एस.पी. नाभा मनदीप कौर, एस.एच.ओ. सदर नाभा गुरप्रीत सिंह सबराव और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।

# लड़के को दोस्ती का मैसेज भेजना पड़ा महंगा, लड़की के माता-पिता ने किया ये हाल...

नाभा 21 मई (निस) पटियाला के नाभा ब्लॉक के मलको गांव के एक युवक द्वारा एक लड़की को भेजा गया संदेश इतना महंगा पड़ गया कि लड़की के माता-पिता ने उसकी पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार, 21 वर्षीय लवप्रीत सिंह नामक युवक ने लड़की के फोन पर मैसेज भेजा था, जिसके बाद लड़की के माता-पिता ने उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिसके कारण पीड़िता को नाभा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इतना ही नहीं, पीड़ित लड़के और उसके माता-पिता ने आरोप लगाया कि लड़की के माता-पिता ने न केवल उसे बांधकर बुरी तरह पीटा, बल्कि उसके केस तक काटकर कर दिए और पहने हुए ककार भी उतार कर फेंक दिए। घायल युवक का सरकारी अस्पताल नाभा में इलाज चल रहा है। लड़के के माता-पिता का बुरा हाल है और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए लवप्रीत ने कहा कि उसने एक लड़की को संदेश भेजकर कहा था कि वह उससे दोस्ती करना चाहता है। इस गलती के लिए उसने लड़की के घरवालों से माफी भी मांगी थी, लेकिन इसके बावजूद उसके माता-पिता ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सरेआम उनके बाल काटे जा रहे हैं और उन पर काला तेल लगाया जा रहा है। पीड़ित लड़के ने बताया कि यह सब मौजूदा ग्राम पंचायत के सामने हो रहा था लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। पुलिस को भी इस बात का पता तब चला जब लड़की के परिवार द्वारा लड़के को पीटा गया। पुलिस उसे छीटनवाला पुलिस चौकी ले गई।

# पंजाब के इस जिले से लाहन व अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद, 3 गिरफ्तार

गुरदासपुर 21 मई (निस) जिला पुलिस गुरदासपुर ने 10,5000 मिलीलीटर अवैध शराब और 135 किलो लाहन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में मामला दर्ज किया है। इस संबंध में एसएसपी आदित्य ने बताया कि ए.एस.आई. हरजिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ खुंडा ब्रिज बाईपास धारीवाल पर नाकाबंदी के दौरान मौजूद थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी राजन मसीह उर्फ राजा पुत्र मंगत मसीह निवासी लेहल जहरीले व गैर सेहतमंद सामग्री से बनी अवैध शराब बेचने का धंधा करता है, जिसकी उसके पास कोई डिग्री नहीं है। यह जानते हुए कि इसका सेवन मानव जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है, वह इसे देशी शराब बताकर भोले-भाले लोगों को बेचता है। आज वह अपनी गाड़ी सफारी नंबर पीबी08 यू 0068 में अवैध शराब लेकर धारीवाल साइड आ रहा है। जिस पर पुलिस अधिकारी ने आरोपी को सफारी गाड़ी समेत गिरफ्तार कर लिया और गाड़ी से तीन प्लास्टिक केन में 90,000 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की।

# पीने का पानी दूषित होने के मामले में जन स्वास्थ्य विभाग से बाबा श्रवणनाथ स्कूल को मिली क्लीनचिट, मैनेजमेंट ने रिपोर्ट दिखाते हुए बताया अफवाह

**पिहोवा,21 मई ( विवेक ):** बाबा श्रवणनाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीने का पानी दूषित होने की खबर अफवाह साबित हुई। इसे लेकर अब स्कूल प्रशासन सामने आया है। भारतीय शिक्षा समिति के सचिव भूषण गौतम ने बताया कि कई दिन पहले शरारती तत्वों द्वारा अफवाह उड़ाई गई थी कि स्कूल में पीने के पानी की सप्लाई दूषित है। जिससे कई बच्चे बीमार हो गए हैं।अफवाह फैलने के बाद से अभिभावकों एवं बच्चों में डर का माहौल पैदा हो गया था। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जनस्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाकर पानी के सैंपल लैब टेस्ट के लिए भिजवाए। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हुआ कि पानी बिल्कुल सही है। रिपोर्ट सार्वजनिक करते हुए स्कूल प्रबंधन ने कहा कि यह अफवाह जानबूझकर फैलाई गई थी ताकि एडमिशन के समय में स्कूल को प्रभावित किया जा सके। भूषण गौतम ने बताया कि लगभग 15 सदस्यों की टीम ने पानी के सैंपल लिए और उन्हें प्रमाणित लैब में टेस्ट करने के बाद रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने कहा कि स्कूल को बदनाम करने के लिए जानबूझकर अफवाह फैलाने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। प्राचार्य डॉ. सुदेश कुमारी शर्मा, उप सचिव कश्मीरी लाल गर्ग, पूर्व डीईओ जसबीर सैनी, पूर्व अध्यापक धर्मपाल, डॉ. खजान सिंह मैहला, ऋषि शर्मा आदि ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी द्वारा भारतीय शिक्षा समिति के तत्वाधान में 1962 से स्कूल का संचालन किया जा रहा है। मुख्य संरक्षक महंत रविंद्र पुरी, श्रीमहंत बंसी पुरी और महंत विश्वनाथ गिरी के आशीर्वाद से आगामी सत्र से स्कूल को सीबीएसई में तब्दील करने की प्रक्रिया जारी है। मॉडल स्कूल सीबीएसई होगा और सीनियर सेकेंडरी हरियाणा बोर्ड की एफीलिएशन से संबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने इस बार शत प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया। दसवीं कक्षा के कुल 60 बच्चों में से 18 ने मेरिट में जगह बनाई और 90 प्रतिशत से अधिक अंक लिए, 12वीं कक्षा में 74 में से 8 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सभी बच्चों को स्कूल में कार्यक्रम करके सम्मानित किया जाएगा।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**करनाल, 21 मई ( सोनी दुआ ) :** देश के प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए और कांग्रेसियों ने उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जोगिंद्र वाल्मीकि ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अतिरिक्त सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाते हुए देश को नई बुलंदियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का विजन हमारी नीतियों का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि आज सभी कांग्रेसी स्वर्गीय राजीव गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेते हैं। राजीव गांधी हमेशा पंचायती राज और डिजिटल इंडिया को शुरू करने के लिए याद किए जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद चौहान वकील, बिंदर पोसवाल, सुरिंद्र नम्बरदार, अंकित चौहान, विकास काम्बोज, रमेश कुमार व रणबीर आदि मौजूद रहे।



# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व लिंगानुपात सुधार के लिए आनंदपुर झरोट में चलाया गया जागरूकता अभियान

**सोनीपत, 21 मई ( विनोद ):** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले में लिंगानुपात सुधार के उद्देश्य से ग्राम आनंदपुर झरोट (खरखौदा) में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान उन गांवों में विशेष रूप से चलाया जा रहा है जहाँ लिंगानुपात अपेक्षाकृत कम है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला लोक संपर्क विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीडीपीओ नीलम देवी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक कर बेटा–बेटी एक समान की सोच को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक रूढ़ियों और मानसिकताओं में बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि गांव के माथे पर लगे कम लिंगानुपात के कलंक को हटाने में प्रत्येक ग्रामीण की भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर विभागीय टीम द्वारा आनंदपुर झरोट में नवजात बेटियों का जन्मोत्सव केक




काटकर मनाया गया। वीडियो वैन के माध्यम से ग्रामीणों को लिंगानुपात सुधार, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी में गोद भराई रस्म, कुआं पूजन तथा लड़कियों द्वारा पौधारोपण कराया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण महिलाओं को शपथ दिलाई गई कि वे बेटा–बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगी और बेटियों को समान अवसर प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में लोक संपर्क विभाग की टीम द्वारा बेटा–बेटी एक समान विषय पर प्रभावशाली भजनों की प्रस्तुति भी दी गई, जिनमें हरियाणा के सामाजिक यथार्थ को दर्शाते हुए ये पंक्तियाँ विशेष सराहना का केंद्र बनीं—होए छोरे ज्यादा हरियाणे मं, छोरी थोड़ी होगी, बिचोलियाँ नै ईब मिलाणी मुश्किल जोड़ी होगी। डॉक्टर तै मिलकै नै भ्रूण हत्या करवावं हैं, छोरे फिरे कुंवारे, इनन बहू कड़े तै लावें। टीम ने गिरते लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती आरती राव के नेतृत्व में पीसी–पीएनडीटी (पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक जिले में डीएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष पुलिस सेल का गठन प्रस्तावित है, जिन्हें फर्जी ग्राहक बनाकर अवैध लिंग जांच करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ करने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। टीम ने यह भी बताया कि आशा वर्कर ग्राम स्तर पर लिंग जांच जैसे अवैध मामलों की जानकारी शासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उन्हें इस कार्य में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला लोक संपर्क विभाग, ग्राम की महिला पंच, महिला सुपरवाइजर वर्षा रानी तथा आशा वर्कर सहित अन्य स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने निगम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**कार्य के लिए आए नागरिकों से की बात समय पर काम करने, एक्शन टेकन रिपोर्ट बनाने तथा रिकॉर्ड मेन्टेन करने के दिए निर्देश**



**करनाल, 21 मई ( परमजीत कौर ) :** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिक सुविधा केन्द्र, सम्पत्ति कर शाखा, विद्युत शाखा, भवन शाखा, जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन शाखा, जलापूर्ति शाखा, विवाह पंजीकरण शाखा, अधीक्षक ऑफिस तथा स्थापना शाखा का दौरा किया और उन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार तथा उप निगम आयुक्त अभय सिंह मौजूद रहे। निगमायुक्त ने दौरे में अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में जो भी व्यक्ति कार्य के लिए आए, उसके कार्य को सम्मान के साथ सुना जाए और समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में लेटलटीफी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सम्पत्ति कर शाखा को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आई.डी. से सम्बंधित आने वाली ऑनलाईन या ऑफलाईन आपत्तियों का निपटान शीघ्रता से किया जाए। नागरिक सुविधा केन्द्र के दौरे के दौरान उन्होंने काम करवाने वाले नागरिकों से बात की और काम समय पर होता है या नहीं, इसके बारे पूछा। इस पर नागरिकों ने कहा कि समय पर कार्य हो रहा है। उन्होंने विंडो पर बैठे कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह अपने कार्य में कौताही न करें। कर्मचारी की शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों की प्रार्थना पर निगमायुक्त ने नागरिक सुविधा केन्द्र में होमगार्ड की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट किया कि स्ट्रीट लाईट, सीवरेज व साफ–सफाई से सम्बंधित आने वाली शिकायतों का समय पर निवारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना कार्य समय पर करें और किए गए कार्य की एक्शन टेकन रिपोर्ट अवश्य बनाई जाए। उन्होंने शाखा से सम्बंधित रिकॉर्ड को मेन्टेन करने के भी निर्देश दिए।

## श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा लाडवा मे किया गया सत्संग का आयोजन

**लाडवा, 21 मई ( रामगोपाल ) :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा शिव कॉलोनी



लाडवा मे राहुल आहुजा के निवास स्थान पर दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स के प्रयासों से आयोजित इस सत्संग मे भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा और कृष्ण भाव भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सुनील वत्स, नवीन भारद्वाज, शुभम सिरसला व विजय ठाकुर द्वारा गाए गए भजनों पर ठाकुर की जी युगल जोड़ी के सामने श्रद्धालु जमकर थिरके। मेरा बार बार प्रणाम बिहारी तेरे चरणों मे... के भजन का श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर राहुल आहुजा, काजल आहुजा, चंचल रोहिला, गुलशन विशाल मैहता, विकास, सुमित गोयल, रोहित सेन, राहुल पांचाल, रामकुमार शर्मा,जयभगवान, अनिता शर्मा, सविता वत्स सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सत्संग मे भाग लिया। श्री कृष्ण कृपा परिवार की ओर से सत्संग के आयोजक राहुल आहुजा परिवार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री कृष्ण कृपा एवं समिति के प्रधान सुनील वत्स ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से गीता और गाय के प्रचार हेतू संकीर्तन आयोजित किए जाते हैं। गीता मनीषी का सपना है कि घर घर मे गीता का पाठ हो और गाय की सेवा हो। सत्संग के आयोजन से जो चढावा आता है वह गौ सेवा के लिए प्रयोग किया जाता है।

# जल्द ही भरे जाएंगे जेल वार्डरों के 1300 पद : नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने करनाल में जेल प्रशिक्षण अकादमी का किया उद्घाटन,करनाल जेल प्रशिक्षण अकादमी में जल्द ही होगी आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति

**करनाल, 21 मई ( रविन्द्र मलिक ) :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जेल विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य की न्यायिक और सुधारात्मक प्रणाली को और मजबूत करने के लिए जेल वार्डरों के लगभग 1300 पद जल्द ही भरे जाएंगे। साथ ही, जेल विभाग में मेडिकल और पैरामेडिकल रिक्तियों के साथ–साथ करनाल में नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी के लिए आवश्यक स्टाफ के पदों को भी जल्द ही भरा जाएगा। मुख्यमंत्री ने करनाल में जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन करने के बाद ये घोषणाएं कीं, जिसका उद्देश्य जेल कर्मियों को सुधार, पुनर्वास और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करना है। 6.5 एकड़ में फैली और 3.29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस अकादमी में ऊर्जा कुशल और तापमान अनुकूल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश से पंचकूला, दादरी और फतेहाबाद में नई जेलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल में जिला जेल परिसर में एक गौशाला भी शुरू की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को




संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई जेल प्रशिक्षण अकादमी सुधार प्रणाली में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक इमारत का उद्घाटन नहीं है, यह एक नए दृष्टिकोण के परिवर्तन और एक अन्य विज़न की शुरुआत है। हमारी जेलें केवल सजा नहीं, बल्कि बदलाव, पुनरुद्धार और पुनर्निर्माण का केंद्र बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित अकादमी में नए भर्ती किए गए लोगों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण और मौजूदा कर्मचारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रदान किए जाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों, मानवाधिकारों और कैदी सुधार के मनोवैज्ञानिक पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ, हमारे जेल कर्मचारियों को न केवल अनुशासन के साधनों से सुसज्जित करना आवश्यक है, बल्कि सहानुभूति, न्याय और सामाजिक पुनर्वास की भावना से भी लैस करना आवश्यक है।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत बदल रहा है –** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत गहन परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एक विकसित और तकनीकी रूप से सशक्त भारत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका एक ताजा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला, जहां दुनिया ने भारत की तकनीकी विशेषज्ञता, परिचालन दक्षता और रणनीतिक कौशल को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि शासन और लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों के अनुरूप, हरियाणा भी स्मार्ट जेल स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां आधुनिक उपकरण और प्रणालियां जेल प्रबंधन में सुधार लाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जैसे–जैसे भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है, यह अकादमी न्याय और सुधार प्रणाली में सुधार और नवाचार का एक स्तंभ बनकर उभरेगी। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने जेल के कैदियों द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और नई जेल अकादमी का भी दौरा किया।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जेल सुधारों को प्राथमिकता दी गई : डॉ. अरविंद शर्मा**

इस अवसर पर बोलते हुए, सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जेल विभाग द्वारा की जा रही प्रगतिशील पहलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जेलों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और समग्र प्रबंधन में सुधार तथा बेहतर पुनर्वास परिणाम सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीक से सुसज्जित किया जा रहा है। जेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. शर्मा ने कहा कि आज, जेल केवल कारावास के केंद्र नहीं हैं, वे परिवर्तन के स्थान हैं जहां कैदी सुधरे हुए और बेहतर व्यक्ति बनकर निकलते हैं। उन्होंने कहा कि कैदी जेल प्रणाली के भीतर शुरू किए गए विभिन्न कौशल–आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से जेल राजस्व में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री से साप्ताहिक गीता श्लोक सत्र शुरू करने और राज्य की सभी जेलों में नियमित योग कक्षाएं आयोजित करने का भी आग्रह किया।

**राज्य सरकार जेल विभाग को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीकों में कर रही निवेश : डॉ. सुमिता मिश्रा**

गृह एवं जेल विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने जेल प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए इसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजन और सहयोग से साकार किया गया एक प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट बताया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह की आधुनिक और विशिष्ट जेल प्रशिक्षण सुविधा पड़ोसी राज्यों में उपलब्ध नहीं है और संभवत: यह उत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जेल विभाग को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीकों में सक्रिय रूप से निवेश कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की विभिन्न जेलों में 1,100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे निगरानी और सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि संबंधित अदालतों के साथ जेलों की व्यापक मैपिंग की गई है, जिससे अंडर ट्रायल कैदियों को जेल परिसर के भीतर से ही वर्चुअल तरीके से अदालत में पेश होते हैं। इस पहल से न केवल धन और समय की बचत हुई है बल्कि सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। जेल महानिदेशक, मोहम्मद अकील ने भी इस अवसर पर बोलते हुए नव स्थापित जेल प्रशिक्षण अकादमी में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, भगवान दास कबीरपंथी, सुनील सांगवान, करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, निर्मला बैरागी, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, ईलम सिंह, मंजू खैंची, जगदेव पाढ़ा, डीसी उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, एसडीएम अनुभव मेहता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हरयोली में 7 जून को संत समागम और मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित होगा

**रायपुररानी, 21 मई ( देवेन्द्र सिंह ) :** गांव हरयोली स्थित संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर में 7 जून को एक दिवसीय विशाल संत समागम और अमर शहीद 108 संत श्री रामानंद जी महाराज की मूर्ति स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन आशीर्वाद स्वरूप सतगुरु निरंजन दास महाराज की पावन प्रेरणा से किया जा रहा है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु और संत महापुरुषों के आने की संभावना है। इस आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए डेरा बाबा लाल दास कपालमोचन के गद्दीनशीन संत निर्मल दास महाराज की मुख्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम के मुख्य प्रवचनकर्ता रवि शंकर धुराला होंगे। कार्यक्रम का आरंभ 7 जून को सुबह 11 बजे मूर्ति स्थापना से होगा, इसके बाद रात्रि 7 बजे अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि 8 बजे संत महापुरुषों की अमृतवाणी और भजन–कीर्तन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। इस आयोजन में संत मनदीप दास और संत सत्यपाल दास की विशेष भूमिका है। वहीं, समस्त ग्रामवासी हरयोली द्वारा इस भव्य आयोजन में सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार सादर आमंत्रित किया गया है।




## श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट ने लगाया विशाल भंडारा

**पंचकुला, 21 मई ( सतीश मंगला ) :** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से कृष्ण कृपा परिवार ने भंडारा का आयोजन किया। यह भंडारा कमलेश देवी एवं सत्यभगवान सिंगला के विशेष सहयोग से लगाया गया। भंडारा का आयोजन पंचकुला सैक्टर 25 की मार्केट मे इस सप्ताह तीसरा विशाल भंडारा लगाया। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट से परविंदर ढींगरा, सतपाल सैनी, केवल कृष्ण सिंगला जी, अभिषेक सिंगला, प्रेम अरोड़ा, आकाश जी, राजेश जी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज लाडवा की ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा की करेंगे अगुवाई : सैनी

*ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा के सभी इंतजाम पूरे : एसडीएम*

**लाडवा, 21 मई ( रामगोपाल ):** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि 22 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा शहर में ऑपरेशन तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन किया जाएगा, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश



की रक्षा की और चार ही दिनों में पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया। साथ ही वे उन माताओं को भी प्रणाम प्रणाम किया जाएगा, जिन्होंने ऐसे वीरों को जन्म दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा के सभी स्थानों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर तिरंगा यात्रा की जिम्मेदारियां भी सौंपी। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड लाडवा पर 22 मई को सुबह 9-30 बजे ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनसभा का संबोधित करने के बाद तिरंगा यात्रा की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि उपस्थित लोगों को इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आतंक के विरुद्ध हमेशा एकजुट खड़े रहने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। इस यात्रा को विशेष और यादगार बनाने के लिए प्रशासन और पार्टी मिलकर व्यवस्था कर रही है। तिरंगा यात्रा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में निकाली जाएगी। यात्रा में शहर और आसपास के गांवों के हजारों नागरिक हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा बस अड्डा से शुरू होकर रामकुंडी चौक, मैन बाजार नारायण धाम के सामने से मदनलाल ढींगडा चौक, इंद्री रोड हिनोरी चौक, इंद्री चौक होते हुए वापस रामकुंडी चौक पर समापन होगी। इस यात्रा में स्कूली विद्यार्थी भी हिस्सा लेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, पूनम सैनी, प्रदीप सहगल, सत प्रकाश, देवराज राजू, गुरदेव, गुरदीप बेदी, विजय वधावन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dish tv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
sling
dish CH. NO. 748-008
amazon fireTV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba
STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI
EKOM FLIX
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com